RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 196
नई दिल्ली, बुधवार, 25 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



रोहित और कोहली को लेकर गांगुली चिंतित नहीं
स्पोर्ट्स-12

# हिंद-प्रशांत में बड़ी ताकत बना क्वाड: मोदी

- संगठन के चारों नेताओं ने क्षेत्र में जबरदस्ती, भड़काऊ या यथास्थिति को बदलने जैसी कार्रवाई का किया विरोध
- क्वाड ने अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने का संकल्प दोहराया

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/टोक्यो



आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि क्वाड गठजोड़ हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए रचनात्मक एजेंडे का पालन कर रहा है। इस क्षेत्र की बेहतरी के लिए यह बड़ी ताकत के रूप में उभरा है तथा इसकी छवि और भी मजबूत होगी। टोक्यो में क्वाड की महत्ता को रेखांकित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि इतने कम समय में क्वाड ने वैश्विक मंच पर अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

आज क्वाड का दायरा व्यापक हो गया है और यह बहुत प्रभावी हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और नव निर्वाचित ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस की उपस्थिति में दूसरे व्यक्तिगत सम्मेलन में कही। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख की पृष्ठभूमि में क्वाड संगठन के चार नेताओं ने किसी भी जबरदस्ती, उत्तेजक या ऐसी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया, जो यथास्थिति को बदलने और क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का काम करता है। चारों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के अपने संकल्प को भी दोहराया। शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि क्वाड सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और दृढ़ संकल्प लोकतांत्रिक ताकतों को नई ऊर्जा दे रहा है और इस समूह का काम स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को प्रोत्साहित कर रहा है। चीन हमेशा से इस समूह की आलोचना करता रहा है। वह दावा करता है कि क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सैन्यीकरण करेगा। मोदी ने कहा कि क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक रचनात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है। इससे फोर्स फॉर गुड के रूप में क्वाड की छवि और भी मजबूत होगी। शिखर सम्मेलन यूक्रेन संघर्ष की पृष्ठभूमि में आयोजिम हुआ। हालांकि बाइडेन और किशिदा ने रूसी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है, लेकिन मोदी ने इस मुद्दे को छूने से परहेज किया है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कोविड-19 महामारी के बावजूद क्वाड राष्ट्रों के बीच बढ़ते सहयोग का भी उल्लेख किया और कहा कि कोरोना की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, हमने वैक्सीन वितरण, जलवायु कार्रवाई, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, आपदा प्रतिक्रिया और आर्थिक सहयोग जैसे कई क्षेत्रों ( शेष पेज 8 )

## रिश्तों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे भारत-अमेरिका

- क्वाड बैठक में राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया संकल्प
- कोविड महामारी को सफलतापूर्वक संभालने के लिए बाइडन ने मोदी को सराहा

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/टोक्यो

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कोविड संकट को सफलतापूर्वक संभालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। साथ ही भारत और अमेरिका ने अपने रिश्तों को और मजबूत बनाने तथा और समृद्ध, मुक्त और सुरक्षित विश्व के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि वे भारत-अमेरिका के सहयोग को 'इस धरती के सबसे करीबी संबंधों शुमार' कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने इन संबंधों को ' भरोसे की भागीदारी करार' दिया। क्वाड शिखर बैठक से इतर दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्वानीज के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की।

तीन पूर्व जापानी प्रधानमंत्री योशीहिदा सुगा, योशिरो मोरी तथा शिंजो एबे ने भी पीएम मोदी से भेंट की। सूत्रों के मुताबिक बाइडन ने कोविड महामारी को लोकतांत्रिक तौर तरीके से सफलापूर्वक संभालने के लिए मोदी की सराहना की। उन्होंने महामारी को संभालने में चीन की नाकामी और भारत की सफलता की तुलना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बंद कमरे में क्वाड शिखर बैठक के दौरान ये टिप्पणियां की। बाइडन ने मोदी से कहा कि ( शेष पेज 8 )

# भ्रष्टाचार में पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बर्खास्त, भेजे गए जेल

- मुख्यमंत्री मान ने मानसा सीट से विधायक और ओएसडी के खिलाफ खुद की कार्रवाई
- अधिकारी ने लगाया था निविदाओं और खरीद में 1% कमीशन मांगने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**पंजाब** के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को मंगलवार को भ्रष्टाचार के आरोप में पद से बर्खास्त कर दिया गया तथा कुछ देर बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार का रुख भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने का है। मुख्यमंत्री ने खुद सिंगला को मंत्रिमंडल से हटाए जाने की घोषणा की। आम आदमी पार्टी (आप) भ्रष्टाचार मुक्त शासन के एजेंडे के साथ करीब दो महीने पहले ही प्रचंड बहुत से सत्ता में आई है।

मान ने कहा कि उन्होंने यह फैसला, सिंगला द्वारा अपने विभाग की निविदाओं और खरीद में कथित रूप से एक प्रतिशत कमीशन की मांग किए जाने की जानकारी मिलने के बाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। सूत्रों ने बताया कि इसके कुछ देर बाद ही पंजाब पुलिस ने 52 वर्षीय सिंगला को गिरफ्तार ( शेष पेज 8 )



विजय सिंगला

## अधीक्षण अभियंता ने खोला काला चिट्ठा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के एक सरकारी अधिकारी ने धमकी के बावजूद बर्खास्त मंत्री विजय सिंगला और उनके विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) का काला चिट्ठा खोल दिया। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया था कि मंत्री सिंगला ने परियोजनाओं के आवंटन से 1.16 करोड़ रुपए की रिश्वत और भविष्य के सभी ठेकों में एक प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। पंजाब स्वास्थ्य प्रणाली निगम में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधीक्षण अभियंता राजिंदर सिंह ने यह आरोप भी लगाया ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस की टास्कफोर्स में प्रशांत के पूर्व सहयोगी

- कांग्रेस ने उदयपुर चिंतन शिविर के संकल्पों को लागू करने के लिए बनाई तीन समितियां
- चुनाव रणनीतिकार के पूर्व सहयोगी कनुगोलू को पार्टी की भविष्य की चुनावी रणनीति बनाने का काम सौंपा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली टास्क फोर्स की प्रथम बैठक के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

**उदयपुर** चिंतन शिविर के संकल्प के आधार पर कांग्रेस ने मंगलवार को 2024 के लोकसभा और गुजरात सहित महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों में भाजपा को हराने की रणनीति तैयार करने के लिए राजनीतिक मामलों के समूह और टास्क फोर्स का गठन किया है। इन महत्वपूर्ण समितियों में जी-23 समूह के प्रमुख सदस्य गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने पार्टी में संगठनात्मक सुधार की मांग करते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाया था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तीन समूहों का गठन किया है।

प्रमुख मुद्दों पर मार्गदर्शन के लिए राजनीतिक मामलों पर उदयपुर नव संकल्प घोषणा को लागू करने के लिए टास्क फोर्स-2024 बनाई गई है जबकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति बनाने को भी समिति बनी है। एक अन्य समिति 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को समन्वयित करने के लिए बनी है। देशभर के कांग्रेस नेताओं ने संगठन में संरचनात्मक परिवर्तन लाने और युवाओं के लिए कांग्रेस में केंद्रीय भूमिका निभाने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए मई के मध्य में उदयपुर में तीन दिवसीय विचार-मंथन सत्र आयोजित किया था, जिसे नव संकल्प चिंतन शिविर नाम दिया गया। मंगलवार को अस्तित्व में आई राजनीति मामलों की समिति में राहुल गांधी, गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा होंगे, जबकि वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम और प्रियंका गांधी वाड्रा टास्क फोर्स-2024 का हिस्सा होंगे।

टास्क फोर्स-2024 के सदस्यों की सूची में दिलचस्प नाम प्रशांत किशोर के पूर्व सहयोगी चुनावी रणनीतिकार सुनील कानूनगोलू का है। कनुगोलू को पार्टी की भविष्य की चुनावी रणनीति तैयार करने और उदयपुर सम्मेलन के फैसलों को लागू करने का काम सौंपा गया है, जबकि किशोर ने ( शेष पेज 8 )

# आतंकी हमले में श्रीनगर में एक और कांस्टेबल शहीद

**मोहित कंधारी।** जम्मू

- बेटी के साथ घर से बाहर निकलते समय हुआ हमला, बच्ची भी घायल

**जम्मू-कश्मीर** के पुलिसकर्मी पर लक्षित हमलों की कड़ी में मंगलवार को एक अज्ञात आतंकवादी ने श्रीनगर के सौरा के मलिक साब इलाके में नाबालिग बेटी के साथ घर के बाहर जा रहे कांस्टेबल की हत्या कर दी। हमले में सात साल की बच्ची को भी चोटें आईं और उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार घर से बाहर जाते समय पुलिसकर्मी को एक आतंकवादी ने संभवत: पिस्तौल से निशाना बनाया।

हमले के बाद कांस्टेबल अत्यधिक खून बहने से अपनी बेटी के साथ जमीन पर गिर गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। मौके से पुलिस कर्मियों ने खाली कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, पुलिसकर्मी सैफुल्ला कादरी पुत्र मोहम्मद सैयद कादरी, निवासी मलिक साब पर आतंकवादी ने सौरा (एंचर) क्षेत्र में गोलियां चलाईं। इस हमले में वह गंभीर रूप से और बेटी भी घायल हो गई। पुलिस प्रवक्ता के एक अन्य ट्वीट में बताया गया कि घायल पुलिसकर्मी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया और शहीद हो गए। इस साल कश्मीर घाटी में लक्षित हत्याओं की विभिन्न घटनाओं में अब तक 15 सुरक्षाकर्मी और 14 नागरिक मारे गए हैं, जबकि सुरक्षा बलों ने विभिन्न आतंकवादी संगठनों से जुड़े लगभग 80 आतंकवादियों को मार गिराया है।

आतंकी हमले की निंदा करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि मैं श्रीनगर के सौरा में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि इस घृणित हमले के लिए जिम्मेदार लोग बख्शा नहीं जाएंगे। मैं शहीद पुलिसकर्मी सार्जेंट सैफुल्ला कादरी को सलाम करता हूं। उनकी सेवा ( शेष पेज 8 )

## जम्मू-कश्मीर के पुलिस मेडल से शेख अब्दुल्ला का चित्र हटाया गया

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** सरकार ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस वीरता एवं सराहनीय सेवा पदकों पर से शेर-ए-कश्मीर के नाम से मशहूर नेशनल कांफ्रेंस के संस्थापक शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाकर उसकी जगह राष्ट्रीय प्रतीक उकेरा जाएगा। गृह विभाग की तरफ से इस संबंध में एक आदेश भी जारी किया गया। इससे पहले सरकार ने पहले शेर-ए-कश्मीर पुलिस पदक का नाम बदलकर जम्मू-कश्मीर पुलिस पदक कर दिया था। वहीं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने जम्मू-कश्मीर पुलिस पदक से पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाए जाने को इतिहास मिटाने का कुटिल प्रयास करार दिया और कहा कि वह लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे। नेशनल कांफ्रेंस प्रदेश प्रवक्ता इमरान नबी डार ने यहां कहा, हम राष्ट्रीय प्रतीकों का पूरा सम्मान करते हैं, हमारे इतिहास, पहचान और प्रतीक को मिटाने का ए प्रयास कुटिलता को दर्शाता है। डार ने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा और नेशनल ( शेष पेज 8 )

# सोरेन संबंधी याचिका के सुनवाई योग्य होने को लेकर फैसला करे हाईकोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायालय से मंगलवार को कहा कि वह उस जनहित याचिका के सुनवाई योग्य होने संबंधी प्रारंभिक आपत्तियों पर पहले सुनवाई करे, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों द्वारा कथित रूप से संचालित कुछ छद्म कंपनियों के लेन-देन एवं खनन पट्टे आवंटित करने में कथित अनियमितताओं के मामले में सोरेन के खिलाफ जांच का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने 13 मई के अपने आदेश में खुद कहा था कि वह पहले इस बात पर विचार करेगा कि शिव कुमार शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं और फिर वह याचिका में लगाए गए आरोपों के गुण-दोष पर गौर करेगा। पीठ ने कहा, हमारा विचार है कि उच्च न्यायालय रिट याचिका के सुनवाई योग्य होने पर प्रारंभिक आपत्तियों को लेकर पहले विचार करेगा और फिर कानून के अनुसार आगे बढ़ेगा। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है और न ही याचिका में लगाए गए आरोपों पर कोई टिप्पणी की है। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ झारखंड सरकार ने शीर्ष अदालत का रुख किया है।

झारखंड सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुरुआत में कहा कि जनहित याचिकाकर्ता शर्मा ने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया है कि वह मुख्यमंत्री के खिलाफ अनेक जनहित याचिकाएं दाखिल करते रहे हैं। सिब्बल ने जनहित याचिकाओं को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,052 | ↓ 236 | |
| निफ्टी | 16,125 | ↓ 89 | |
| सोना | 51,027 | ↑ 25 | /10g |
| चांदी | 61,557 | ↓ 428 | /kg |

## क्विक न्यूज

### श्रीलंका में पेट्रोल 420 और डीजल 400 रुपए पर पहुंचा

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 38.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। श्रीलंका विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी की गई। पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपए (1.17 डॉलर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपए (1.11 डॉलर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की श्रीलंकाई सहायक कंपनी लंका आईओसी ने भी ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि की है।

## आज सीबीआई के सामने पेश हो सकते हैं कार्ति चिदंबरम

**नई दिल्ली ( भाषा )।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम कथित वीजा घोटाले के मामले में जांच में सहयोग के लिए बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के सामने पेश हो सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मामला 2011 का है जब कार्ति चिदंबरम के पिता पी. चिदंबरम के गृह मंत्री रहते 263 चीनी नागरिकों को कथित तौर पर वीजा जारी किया गया था। उच्चतम न्यायालय और सीबीआई की विशेष अदालत की अनुमति से ब्रिटेन और यूरोप की यात्रा पर गए कार्ति मंगलवार को वापस आने वाले हैं। सीबीआई विशेष अदालत के आदेश के अनुसार, कार्ति को वापस आने के 16 घंटे के भीतर सीबीआई जांच में शामिल होना है। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, कार्ति और उनके नजदीकी सहयोगी एस. भास्कररमन को वेदांत समूह की एक कंपनी ( शेष पेज 8 )

# 'कुतुब मीनार परिसर में फिर स्थापित नहीं हो सकतीं मूर्तियां'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- एएसआई ने अदालत में कहा- यह उपासना स्थल नहीं, केवल स्मारक है, इसकी मौजूदा स्थिति में बदलाव संभव नहीं
- आप ऐसी किसी चीज की बहाली के लिए कानूनी अधिकार का दावा कैसे कर सकते हैं, जो 800 साल पहले हुई: जज

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत में कुतुब मीनार परिसर के अंदर हिंदू और जैन देवताओं की मूर्तियों को पुनर्स्थापित करने के अनुरोध वाली याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह उपासना स्थल नहीं, एक स्मारक स्थल है और इसकी मौजूदा स्थिति को बदला नहीं जा सकता। एएसआई ने यह भी कहा कि केंद्र संरक्षित इस स्मारक में उपासना के मौलिक अधिकार का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति की दलील से सहमत होना कानून के विपरीत होगा।

हालांकि, एएसआई ने यह भी कहा कि कुतुब परिसर के निर्माण में हिंदू और जैन देवताओं की स्थापत्य सामग्री और उत्कीर्ण छवियों का पुन: उपयोग किया गया था। इस मामले में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश निखिल चोपड़ा ने याचिका पर फैसला नौ जून के लिए सुरक्षित रख लिया। एएसआई ने कहा कि भूमि की स्थिति का किसी भी तरह से उल्लंघन करते हुए मौलिक अधिकार का लाभ नहीं उठाया जा सकता। संरक्षण का मूल सिद्धांत उस स्मारक में कोई नई प्रथा शुरू करने की अनुमति नहीं देना है, जिसे कानून के तहत संरक्षित और अधिसूचित स्मारक घोषित किया गया है। एएसआई ने



कहा कि ऐसे किसी स्थान पर उपासना फिर से शुरू करने की अनुमति नहीं दी गई, जहां स्मारक को संरक्षण में लेने के दौरान यह नहीं किया जाता था। उसने कहा कि कुतुब मीनार उपासना का स्थान नहीं है और केंद्र सरकार द्वारा इसके संरक्षण के समय से, कुतुब मीनार या कुतुब मीनार का कोई भी हिस्सा किसी भी समुदाय द्वारा उपासना के अधीन नहीं था। एएसआई के वकील ने कहा कि कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद में फारसी शिलालेख से यह बहुत स्पष्ट है कि उसे 27 मंदिरों से नक्काशीदार स्तंभों और अन्य वास्तुशिल्प से बनाया गया ( शेष पेज 8 )

## ज्ञानवापी मामले में कल सुनवाई

**भाषा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी** मस्जिद-श्रृंगार गौरी मामले में मुकदमे की पोषणीयता से संबंधित मामले पर सुनवाई के लिए वाराणसी जिला अदालत ने 26 मई की तारीख नियत की है। इस बीच, वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में विश्व वैदिक सनातन संघ की महामंत्री किरण सिंह की तरफ से एक याचिका दाखिल की गई है, जिसमें ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों का प्रवेश रोकने, परिसर को हिंदुओं को सौंपने तथा आदि विश्वेश्वर का नियमित पूजन अर्चन करने के अधिकार की मांग की गई है। शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश ए. के. विश्वेश्वर की अदालत ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार मुकदमे की पोषणीयता पर सुनवाई के लिए 26 मई की तारीख मुकर्र की है। उन्होंने बताया कि यह मुकदमा चलाने लायक ( शेष पेज 8 )

## सर्वोच्च न्यायालय में नई याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दाखिल कर ज्ञानवापी मस्जिद विवाद में हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया है। इसमें दलील दी गई है कि मुसलमान किसी भूखंड पर मस्जिद का दावा करते हुए कोई अधिकार नहीं जता सकते, जब तक कि इसका निर्माण कानूनी रूप से स्वामित्व और नियंत्रण वाली पवित्र जमीन पर नहीं किया गया हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि देवों में निहित संपत्ति देवों की होती है, भले ही किसी व्यक्ति ने उस पर अवैध कब्जा किया हो और उस पर नमाज अदा की जा रही हो। वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दाखिल याचिका में कहा कि केवल उन्हीं जगहों को संरक्षित किया जा सकता है, जिन्हें उन्हें बनाने वाले व्यक्ति के पर्सनल लॉ के अनुरूप बनाया गया है, लेकिन पर्सनल लॉ की अवज्ञा करते हुए निर्मित स्थानों को उपासना स्थल नहीं कहा जा सकता। याचिका में कहा गया है कि मस्जिद ( शेष पेज 8 )

# नोएडा प्राधिकरण ने सभी पार्किंग टेंडर किए निरस्त

## तय शुल्क से ज्यादा वसूली की मिल रही थीं शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

निर्धारित स्थान से अधिक जगह पर वाहन पार्किंग और तय शुल्क से ज्यादा वसूली की समस्या से शहरवासियों को निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में सड़क किनारे चल रही सभी पार्किंग का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। इन्हें नए सिरे से निकाला जाएगा। शहर में करीब 54 जगह पार्किंग चल रही है।

प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने बताया कि नई पार्किंग व्यवस्था में पार्किंग ठेकेदार गड़बड़ी नहीं कर पाएंगे। सभी पार्किंग को मोबाइल एप से जोड़ दिया जाएगा। संबंधित पार्किंग ठेकेदार प्राधिकरण को पैसा नहीं दे रहे थे। कई नोटिस के बाद भी पैसा नहीं मिलने व अन्य शिकायतें आने पर सभी पार्किंग टेंडर निरस्त करने का आदेश दे दिया है। पार्किंग का संचालन कर रहे प्राधिकरण के नोएडा ट्रैफिक सेल को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिया गया है।

बता दें कि शहर को चार क्लस्टर में बांटकर पार्किंग संचालित की गई जा रही थी। इन चार क्लस्टर में 54 जगह पार्किंग चल रही है। जनवरी 2021 में शहर में संबंधित स्थानों पर पार्किंग शुरू हो गई थी। जनवरी 2023 तक पार्किंग का ठेका दिया गया था।

टेंडर शर्तों के हिसाब से ठेकेदार पार्किंग का संचालन नहीं कर रहे थे। प्राधिकरण को तय फीस नहीं दे रहे थे। इसके अलावा जगह-जगह आम लोगों की अधिक वसूली, अधिक हिस्से में शुल्क लिए जाने आदि की शिकायतें आ रही थीं। शिकायतें आने पर ट्रैफिक सेल का व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए लेकिन व्यवस्था बेहतर नहीं हुई।

नोएडा के सेक्टर 59 में मार्ग पर अनाधिकृत, नो पार्किंग में खड़े एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। सेक्टर 52, 62, 100, 104 चौराहे पर नो पार्किंग में खड़े, गैर जनपदीय आटो एवं बीच सड़क पर सवारियों को उतारने-चढ़ाने वाले आटो, टेंपों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## शहर में सिटी बस चलाने की योजना तैयार

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने शहर में परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सिटी बस चलाने की योजना तैयार की है। जिसका प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्राधिकरण शहर में मिनी सिटी बसें चलाई जाएगी। जिससे शहर के छोटे इलाकों में भी लोग यातायात की सुविधा से वंचित नहीं रहा सकेंगे। इससे लोगों को अधिक फायदा होगा। जल्द ही एजेंसी के चयन के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएगे।

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि सिटी बस योजना का प्रस्ताव तैयार हो चुका है। इस योजना के अंतर्गत छोटी बसों को लाने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए जल्द ही टेंडर निकाले जाएंगे। साथ ही इस योजना के जरिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

आपको बता दें कि अब से पहले एनएमआरसी द्वारा शहर में सिटी बसें चलाई गई थी, लेकिन इन बसों से हर महीने करीब 5 करोड़ रुपए तक का घाटा रहा था। ऐसे में एनएमआरसी द्वारा बस सेवाओं को बंद कर दिया गया। ऐसे में प्राधिकरण ने अब शहर में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए मिनी सीटें बस सेवाओं का प्रस्ताव तैयार कर लिया है।

# जिला एमएमजी अस्पताल में शुरू हुआ बर्न वार्ड

## आइसोलेशन वार्ड में भी भर्ती किए गए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● दस बेड किए आरक्षित

आग लगने की घटनाओं में इजाफा होते देख स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जलने वाले लोगों के बेहतर इलाज के लिए जिला एमएमजी अस्पताल में बर्न वार्ड शुरू कर दिया गया है। सोमवार को बर्न वार्ड में एक मरीज भर्ती किया गया है। साथ ही चिकित्सकों के अलावा स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है और मरीजों को भर्ती करने के लिए फिलहाल 10 बेड आरक्षित कर दिए गए हैं।

सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वार्ड में खास तौर पर ईएनटी, नेत्र रोग विशेषज्ञ और फिजिशियन 24 घंटे मरीजों का इलाज करेंगे। इसके अलावा कक्ष संख्या 34 के पास बने आइसोलेशन वार्ड में भी मरीजों को भर्ती करना शुरू कर दिया गया है। संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल में इन दिनों जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इमरजेंसी, ओपीडी और वार्ड में साफ-सफाई का इंतजाम नहीं है। कूड़ा उठाने एवं सफाई करने के नाम पर मनमानी हो रही है। भर्ती मरीजों की देखभाल के लिए तैनात स्टाफ रात को गायब रहता है। लावारिश मरीजों का इलाज तो दूर खानपान का इंतजाम ठीक नहीं है।

उधर, सीएमएस डॉ. विनोद चंद पांडेय का कहना है कि चिकित्सकों की कमी के चलते देखभाल ठीक से नहीं हो रही है। ई-संजीवनी एप घर बैठे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

# गाजियाबाद में बिना तार वाले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण

## मरीज को इलाज के 3 दिन में मिली अस्पताल से छुट्टी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद के कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पहले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया गया। चिरंजीव विहार के 65 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपण के मात्र 3 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

इस सर्जरी को करने वाले यशोदा सुपरस्पेशियलिटी के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. असित खन्ना ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक में बिना तार वाले डिवाइस के इम्प्लांटेशन के लिए 65 वर्षीय मरीज के हार्ट में कोई चीरा नहीं लगाया गया और पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पेसमेकर (लीडलेस) को हृदय में प्रत्यारोपित करने में 20 मिनट लगे और मरीज को 3 दिन बाद ही हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गयी।

डॉ. असित खन्ना ने कहा कि मरीज पेसमेकर लगने के बाद पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया एंजियोग्राफी की तरह की जाती है। मरीज की जांघ के पास छोटा छेद किया जाता है, उसी के माध्यम से एक लीडलेस पेसमेकर शरीर में प्रवेश कराया जाता है और उसे हृदय में कैथलैब में मशीन में देखते हुए हृदय में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। इसमें जरा भी रक्तस्राव नहीं होता है।

लीडलेस पेसमेकर पारंपरिक पेसमेकर से 90 फीसदी छोटा होता है। यह एक छोटा उपकरण है जिसे सीधे हृदय में भेजा जाता है।

**बाइकबोट घोटाले में प्रयागराज हाईकोर्ट का आदेश**

# नौ महीने में पूरी करें मुकदमों की सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर में हुए हजारों करोड़ रुपए के बाइक बोट घोटाले में प्रयागराज हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने गौतमबुद्धनगर के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को आदेश दिया है कि घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई 9 महीने में पूरी करें।

दरअसल, इस घोटाले का शिकार हुए मीना लालबाबू चौधरी और मनीष लेखवानी नाम के निवेशकों ने प्रयागराज हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचियों के पक्ष सुनने के बाद अदालत ने बाइक बोट घोटाले के आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमों में जल्दी से जल्दी फैसले सुनाने का आदेश दिया है।

मनीष लेखवानी ने हाईकोर्ट को बताया कि उन्होंने बाइक बोट कंपनी में निवेश किया था। उनके साथ कंपनी निदेशकों ने जालसाजी और धोखाधड़ी की है। उन्होंने वर्ष 2019 में केस क्राइम नंबर 509 आईपीसी की धारा 420, 409, 467, 468, 471, 201 और 120.बी के तहत दादरी कोतवाली में दर्ज करवाया था। अब इस मुकदमे पर गौतमबुद्धनगर के अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की अदालत में ट्रायल नंबर 14362,2019 चल रहा है।

## भगवान की मूर्ति तोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 37 में कुछ शरारती तत्व के लोगों ने मंदिर के भीतर तोड़फोड़ की। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छैनी और हथोड़ा भी बरामद किया है। अभी तक इस बात का पता नहीं चल पाया है कि आखिरकार आरोपी ने मंदिर के भीतर घुसकर तोड़फोड़ क्यों की, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि अगर इस मामले में अन्य आरोपी होंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में स्थित सेक्टर 37 का है। जिसमें मंदिर के भीतर कई मूर्तियां खंडित हो गई थी। मंदिर के अंदर तोड़फोड़ की सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोग मंदिर पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर वापस भेज दिया था।

## बुजुर्ग से ठगे 62 हजार रुपए

**नोएडा।** दनकौर कस्बे के एक बुजुर्ग को अपना परिचित बताकर अज्ञात ठग ने उनसे 62 हजार रुपए हड़प लिए। पीड़ित को जब अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई तो उन्होंने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। दनकौर कस्बा निवासी 62 वर्षीय सलाउद्दीन ने बताया कि रविवार को उनके फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल आई। उसने उनके एक परिचित का नाम लेकर बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें उनकी स्थिति काफी नाजुक है और इलाज के लिए रुपए की जरूरत है।

## गुल्लू त्यागी हत्याकांड में दो आरोपी धरे

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस ने मंगलवार को गुल्लू त्यागी हत्याकांड मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी की उम्र 21 साल और 22 साल है। पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के बाद प्रेस वार्ता की, जिसमें पूरे मामले का खुलासा किया है।

सेन्ट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी ने बताया कि बीते 14 मई की रात को भंगेल निवासी गुल्लू त्यागी कहीं पर जा रहा था, उसी दौरान एक बाइक पर सवार मोहित सिंह चौहान और विवेक सिंह सोलंकी वहां से गुजर रहे थे। इनके साथ एक और व्यक्ति शामिल था। इन तीनों की बाइक गुल्लू त्यागी से टकरा गई, जिसके बाद गुल्लू और इन तीनों बाइक सवारों के बीच में विवाद हो गया।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में, प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेश चंद/ प्रेम वटी (24900001106 & QZJNK00005004144) | प्लॉट नंबर-106, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंज़िल, पॉकेट- 8, सेक्टर-23, रोहिणी, दिल्ली/ मई 20,2022। | सितम्बर 27, 2021 ₹ 17,97,586/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दारएवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 25, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of ICICI Bank Ltd. That Mrs. Dr. Neha Goel is the owner of Apartment No.-142/5, (previously numbered as Ixia-J/1401) on 14th Floor, Super area measuring 1930.21 sq.ft, in Block No.5, in Ixia Residential complex known as "Vatika City" in Sector 49, Situated at Gurgaon, Haryana "the said property", by virtue of Transfer Deed dated 30.08.2016, executed by Mr. Arvind Goel, on the basis of registered will of his mother Late Mrs. Leelawati Goel, who was the owner of the said property by virtue of conveyance deed dated 19.05.2011, executed by M/s Vatika Ltd., All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property, to Mr. Taranbir Singh Bhatia & Mrs. Kanchan Preet Bhatia who is taking Loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner its Sale /Mortgage/litigation, & any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Poonam Bisht is claiming owner /attorney holder of Built up flat on Second floor, part of Property bearing No. A-39/3, area measuring 50 Sq.Yds., Out of Khasra No. 820, Situated in the area of Village Khichri Pur, in the abadi of East Vinod Nagar Delhi. (the said property), by virtue of GPA, Agreement and will all dated 04.08.2010, executed by Mrs. Munni Saini. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell the said property to Mr. Naveen Chandra who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said flat, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney Holder over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com



**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धनंजय कुमार सिन्हा/ निवेदिता सिन्हा/ LBDEL00004033759 | फ्लैट नंबर 518, ब्लॉक बी-5, 5वीं मंज़िल, सिडको शिवालिक अपार्टमेंट, जीएच-2, आईएमटी मानेसर, तहसील मानेसर, सेक्टर 1, गुड़गांव, हरियाणा/ मई 21, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 41,21,704/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अखलेश कपूर/ टैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ नीरू कपूर/ LBDEL00004898451 | फ्लैट नंबर 1004, 10वीं मंज़िल, ब्लॉक ए, सिस्पल विहार, एडब्लूएचओ, सेक्टर 49, सोहना रोड, ग्राम घसौला और टिकरी के आसपास, गुड़गांव 122001/ मई 21, 2022 | दिसंबर 06, 2021 ₹ 13,350,347/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 25, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**
पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट -IV-क [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. सुशीला देवी (कर्जदार) 2. प्रशांत कुमार (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNCGHJHNHL0000001442 रू. 28,86,584/- (रूपए अठ्ठाईस लाख छियासी हजार पांच सौ चौरासी मात्र) + 23-05-2022 से आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर जीएफ-04 की एलएचएस रियर साइड, एमआईजी, भू तल, प्लॉट नंबर बी-76 पर निर्मित, खसरा नंबर 410, एसएलएफ वेद विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 1. ई-नीलामी की तिथि : 28-06-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 27-06-2022 3. निरीक्षण की तिथि : 25-06-2022 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 12,21,000/- (रूपए बारह लाख इक्कीस हजार मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 1,22,100/- (रूपए एक लाख बाईस हजार एक सौ मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 10,000/- (रूपए दस हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट नामतः **www.Capriglobal.in/auction/** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व एवं वर्तमान दशा तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र पूछताछ/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079.68136880/68136837), श्री रामप्रसाद शर्मा मोबाइल नंबर 800-002-3297/79-61200559, ई-मेल : **ramprasad@auctiontiger.net** से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर अपने नाम का पंजीकरण पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 27-06-2022 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/ प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 को अधिकतम 27-06-2022 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .................................. (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, बिक्री के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, के पक्ष में नई दिल्ली में देय डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, : सुश्री प्रार्थना सम्पत मोबाइल नंबर 7400445137/9990275365 से सम्पर्क करें।
25. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 30 (तीस) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : दिल्ली/एनसीआर तिथि : 25-05-2022
हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है" एवं जिस भी स्थीति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | मुदित अग्रवाल (कर्जदार), वर्षा अग्रवाल, भारती अग्रवाल (सह-कर्जदार) LBLUC00002367082 | फ्लैट नंबर 1704, फ्लोर- 17 टॉवर टी 1, सनवर्ल्ड अरिस्टा सेक्टर- 168, नोएडा, नोएडा 201301. क्षेत्र 2100 वर्ग फीट | रू. 1,55,74, 105.71/- (मई 09, 2022 तक) | रू. 68,00, 000/- / रू. 6,80,000/- | जून 04, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 16, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | अमित कुमार अग्रवाल (कर्जदार), भारती अग्रवाल (सह-कर्जदार) LBLUC00002367083 | 1703 17वीं मंजिल, टॉवर -1 सनवर्ल्ड अरिस्टा, सेक्टर- 168, नोएडा, नोएडा 201301 क्षेत्र - 2100 वर्ग फीट | रू. 1,56,07, 845.57/- (मई 09, 2022 तक) | रू. 68,00, 000/- / रू. 6,80,000/- | जून 04, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 16, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | ईशा लक्ष्मण (कर्जदार), दिव्य मेहता (जमानतदार) LBDEL00002430981 | फ्लैट नंबर 504, 5वीं मंजिल टॉवर 1, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सनवर्ल्ड अरिस्टा, सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. क्षेत्र 2100 वर्ग फीट | रू. 1,48,64, 723.90/- (मई 09, 2022 तक) | रू. 65,00, 000/- / रू. 6,50,000/- | जून 04, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 16, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 4. | निशांत डालमिया (कर्जदार), वसुधा डालमिया (गारंटर) LBGHZ00002422226 | फ्लैट नंबर 1606, 16वीं मंजिल टॉवर टी 6 प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सनवर्ल्ड अरिस्टा सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. क्षेत्र- 2100 वर्ग फीट | रू. 1,54,98, 845.90/- (मई 09, 2022 तक) | रू. 72,00, 000/- / रू. 7,20,000/- | जून 04, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 16, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 5. | जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्जदार)/ राम देवी (सह कर्जदार) LBNOD00002116807 | फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच- 24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 62,15,162/- (मई 17, 2022 तक) | रू. 41,80,000/- / रू. 4,18,000/- | मई 30, 2022 को दो.02:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | जून 16, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |
| 6. | संजीव चंदेल (कर्जदार)/ पल्लवी चंदेल (सह कर्जदार) LBNOD00002114485 | फ्लैट नंबर ए-2103, दूसरी मंजिल टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच -24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 64,63, 977/- (मई 18, 2022 तक) | रू. 41,80,000/- / रू. 4,18,000/- | मई 30, 2022 को दो.02:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | जून 16, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जून 15, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **जून 15, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **जून 15, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **"आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेडे** को फोन नंबर **8126013708** या **मेसस नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**" इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : मई 25, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दो हजार इलेक्ट्रिक बसें और सड़कों पर उतरेंगी

## डीटीसी के बेड़े में 600 सीएनजी बसें भी होंगी शामिल, प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार प्रदूषण कम करने की लगातार कोशिश कर रही है। इसके मद्देनजर इलेक्ट्रिक बसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रदूषण के खिलाफ जंग में दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सड़कों पर 150 एसी इलेक्ट्रिक बसें उतारी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। और आईपी डिपो से राजघाट डिपो तक सफर भी किया। ई-बसों में 3 दिन मुफ्त सफर के साथ यात्रियों के पास आई पैड जीतने का भी मौका होगा। दिल्ली सरकार ने इसके लिए प्रतियोगिता का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों से अपील की है कि वे ई-बस में सफर करते समय सेल्फी लेकर हैशटैग के साथ अपने इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक हैंडल पर साझा करें। इसमें शामिल टॉप तीन प्रतियोगियों के पास आई पैड जीतने का मौका होगा। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि एक महीने बाद 150 और एक साल में दो हजार इलेक्ट्रिक बसें सार्वजनिक बेड़े में शामिल होंगी। इसके अलावा 600 से 700 सीएनजी बसें भी आएंगी। प्रदूषण के खिलाफ जंग में यह बहुत बड़ी शुरूआत है, जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक बसें आती जाएंगी, प्रदूषण भी कम होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में अब 7200 बसें हो गई हैं। इन बसों में डीटीसी की 3912 बसें और 3293 बसें क्लस्टर की हैं। दिल्ली के इतिहास में यह सबसे बढ़ी वृद्धि हैं। इतनी बसें सड़कों पर पहले कभी नहीं थीं। इन इलेक्ट्रिक बसों से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। 10 साल में 150 सीएनजी बसों से 0.16 मिलियन टन पीएम-2.5 और 0.17 मिलियन टन पीएम-10 में कार्बनडाई ऑक्साइड का उत्सर्जन होता। इलेक्ट्रिक बसों की वजह से इस वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी।



**7200**
**डीटीसी के बेड़े में बसें शामिल है**

इंद्रप्रस्थ डिपो में रखी गई बसें।
फोटो: रंजन डिमरी

### भीड़ के बाद भी ठंडी रहेंगी बसें

आईपी डिपो से राजघाट डिपो तक इलेक्ट्रिक बस में सफर करने के बाद सीएम ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसें, बहुत ही शानदार, खूबसूरत और आरामदायक हैं। जिस बस में वह बेठै उसमें काफी भीड़ थी। उसके बावजूद एसी ठंडा कर रहा था। पहले, जब वह आंदोलन करते थे उस दौरान बसों में काफी सफर किया करता था। तो कई बार एसी बहुत धीमा होता था। कहने को तो एसी बसें होती थीं, लेकिन उसमें गर्मी बहुत होती थी।

### तीन चार्जिंग डिपो का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने बताया कि मंगलवार को तीन इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो का भी उद्घाटन किया गया है। इन तीन इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो को बनाने में लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके अलावा, अभी बहुत सारे इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो बनाए जा रहे हैं, क्योंकि जब दो हजार तक बसें आएंगी, तो उनके लिए बहुत सारे डिपो की जरूरत पड़ेगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली वालों से अनुरोध किया कि वे अपने दोस्तों और परिवार को साथ उत्सर्जन मुक्त, शोर मुक्त ईलेक्ट्रिक बसों में सवारी करें, यह बहुत आरामदायक हैं। जब आप सवारी का आनंद ले रहे हों, तो एक सेल्फी भी लें, इसे पोस्ट करें और दिल्ली की ईवी क्रांति का हिस्सा बनें और आईपैड जीतने का मौका पाएं आओ मिलकर दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाएं!

### सेल्फी प्रतियोगिता के तीन विजेताओं को मिलेगा आई-पैड



*दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक बस के साथ सेल्फी लेकर सेल्फी प्रतियोगिता का ऐलान किया है। यह प्रतियोगिता 30 जून तक चलेगी। यह सेल्फी प्रतियोगिता सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा, जहां पर यात्री इलेक्ट्रिक बस में सफर करने के दौरान सेल्फी लेकर उसे पोस्ट करेंगे और सबसे ज्यादा लाइक और शेयर किए जाने वाले तीन प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जिनको सरकार की तरफ से आई-पैड इनाम स्वरूप दिया जाएगा।*

## लापता हरियाणवी गायिका का मिला शव, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कुछ दिन पहले लापता हुई एक हरियाणवी गायिका का शव हरियाणा के मेहम से मिला है और उसकी हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गायिका का पहले अपहरण कर जहर देकर मारा गया।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि संगीता उर्फ दिव्या 11 मई से लापता थी और उसके परिवार ने 14 मई को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शुरुआत में जेपी कलां थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान रवि और अनिल को मेहम में गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने गायिका की हत्या का षड्यंत्र रचा था। अपहरण कर संगीता को जहर देकर मारा गया। पुलिस को रविवार को संगीता का शव मिला और मामले में हत्या संबंधी धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) शंकर चौधरी ने बताया कि आरोपियों ने एक संगीत वीडियो बनाने के बहाने उससे संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति दिल्ली से उसे अपने साथ लेकर गया, उसे नशीला पदार्थ दिया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। चौधरी ने बताया कि आरोपियों ने शव को मेहम थाना क्षेत्र में दफना दिया था।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोप में दो पकड़े

**नई दिल्ली।** बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उन्हें ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने तुषार और अकरम को गिरफ्तार किया गया जो उत्तराखंड के उधम सिंह नगर से काम कर रहे थे।

दिल्ली की एक युवती ने गृह मंत्रालय के साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा, उससे अज्ञात व्यक्तियों ने फोन कॉल और ईमेल के जरिए संपर्क किया और पंजीकरण शुल्क के नाम पर भुगतान करने को कहा। डीसीपी ने कहा कि आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन, 67 सिम कार्ड, एक वाईफाई राऊटर बरामद किया।

## विनय सक्सेना कल लेंगे एलजी पद की शपथ

- दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती ने की शिष्टाचार भेंट

पायरियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नवनियुक्त उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना यहां 26 मई को राजनिवास में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी उन्हें शपथ दिलाएंगे। इसके बाद सक्सेना, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा को उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश की शपथ दिलाएंगे। सक्सेना खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष रह चुके हैं और उन्हें सोमवार को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया।

संविधान विशेषज्ञ एसके शर्मा ने कहा, यह एक अनोखा संयोग है और दिल्ली में पहली बार ऐसा हो रहा है। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 17 मई को न्यायमूर्ति शर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की सिफारिश की थी। नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती ने एलजी सक्सेना से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। भारती ने एलजी को एकीकरण से जुड़ी जानकारी दी एवं बेहतर सुविधाएं प्रदान करने संबंधी निगम की कार्य योजना के बारे में अवगत कराया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने शुरू किया नशा मुक्त केंद

- स्वास्थ्य मंत्री ने मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज में किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज में नेशनल रिसोर्स सेंटर फॉर ओरल हेल्थ एंड टुबैको सेसेशन (एनआरसी-ओएच-टीसी) मंगलवार से शुरू हो गया। इसका मकसद तंबाकू और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरुकता फैलाना है।

दिल्ली सरकार ने दावा किया है कि यह देश का इस तरह का पहला केंद्र है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने एनआरसी-ओएच-टीसी का उद्घटान किया है। जैन ने कहा कि दांतों की सेहत को लेकर अधिकतर लोग आज भी जागरूक नहीं हैं। देश के दंत चिकित्सकों को बेहतर प्रशिक्षण देने और डेंटल हेल्थ को लेकर रिसर्च कंडक्ट करने के उद्देश से नेशनल रिसोर्स सेंटर फॉर ओरल हेल्थ एंड टोबैको सिसेशन स्थापित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि तंबाकू चाहे चबा कर खाया जाए या फिर सिगरेट के रूप में लिया जाए, नुकसान पहुंचाता ही है।

## बग्गा मामला: दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा के उनके आवास से कथित अपहरण के मामले में प्राथमिकी रद्द करने की पंजाब पुलिस की याचिका पर दिल्ली पुलिस से मंगलवार को जवाब तलब किया।

पंजाब में साहिबजादा अजित सिंह नगर (एसएएस नगर) के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली सरकार और बग्गा को नोटिस जारी किया।

## एनडीएमसी सदस्य ने पेयजल संकट को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर दावा किया है कि एक पखवाड़े से नगर निकाय के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति 60 फीसदी तक कम हो गई है। चहल ने दावा किया कि एनडीएमसी को पीने योग्य पानी की औसत आपूर्ति 125 एमएलडी है, जबकि पिछले 10 दिनों में प्राप्त आपूर्ति केवल 60-70 एमएलडी थी, जिससे क्षेत्र के प्रमुख अस्पतालों के साथ-साथ स्कूल भी प्रभावित हुए। एक एमएलडी का आशय 10 लाख लीटर पानी प्रतिदिन से है।

चहल ने पत्र में लिखा, एनडीएमसी क्षेत्र में पीने योग्य पानी बहुत कम है, पिछले 10 दिनों से लगभग 50-60 प्रतिशत पानी मिल रहा है। एनडीएमसी की स्थिर आबादी लगभग 2.3 लाख है और अस्थाई आबादी 18 लाख से अधिक है।

## संक्षिप्त समाचार



मेगा जॉब फेयर में नौकरी के लिए आवेदन करता युवक।

### महाराजा अग्रसेन कॉलेज में मेगा जॉब फेयर

**नई दिल्ली।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज द्वारा समर्थनम ट्रस्ट के सहयोग से विकलांग युवाओं के लिए मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में सरस्वती वंदना के बाद दीप प्रज्वलित किया गया। इस समारोह में प्रो. बलराम पाणि, कॉलेजों के डीन, डीयू, अतुल जैन, अध्यक्ष, प्रबंधक समिति, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, डॉ. महंतेश के, संस्थापक प्रबंध न्यासी, समर्थनाम ट्रस्ट, प्रो. संजीव कुमार तिवारी, प्राचार्य, सौरभ मिश्रा, कोषाध्यक्ष, प्रबंधक समिति, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, प्रणत कुमार जोशी, सचिव डीएलएसए जिला शाहदरा, शैलेंद्र यादव, क्षेत्रीय प्रमुख, उत्तर क्षेत्र, समर्थनम ट्रस्ट मौजूद थे। प्रोफेसर तिवारी ने सभी के लिए समान रोजगार के अवसरों की भूमिका पर जोर दिया। उद्घाटन का समापन श्री शैलेन्द्र यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ सचिन कुमार ने बताया कि आईबीएम, केएफसी, कॉन्सेंट्रिक्स, इंडिगो और विप्रो जैसी 40 से अधिक कंपनियों ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के माध्यम से 800 से अधिक नौकरी चाहने वालों में से भर्ती करेंगी।

### केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री को सराहा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार मामले में अपने स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को पद से हटाने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की सराहना की है। उन्होंने भगवंत मान के इस कदम पर गर्व जताया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार राष्ट्र के साथ धोखा हैं, जिसकी अनुमति उनकी पार्टी नहीं देगी। यहां डिजिटल तरीके से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि आप हर हाल में ईमानदारी का पालन करने वाली पार्टी है और किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। केजरीवाल ने कहा, भ्रष्टाचार में शामिल पाए जाने पर हम अपनी पार्टी के नेताओं को भी नहीं बख्शेंगे। हमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर गर्व है कि उन्होंने भ्रष्टाचार में शामिल पाए गए मंत्री को तुरंत हटा दिया। केजरीवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार देश और भारत माता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा, हम देश के साथ विश्वासघात करने की बजाय मरना पसंद करेंगे।

### एमसीडी ने जारी किया वेतन व पेंशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने अपने कर्मचारियों का एक महीने का वेतन जारी किया। साथ ही निगम के पेंशनधारकों की एक माह की पेंशन भी जारी की गयी। करीब 432.84 करोड़ रूपये का फंड कर्मचारियों के वेतन व पेंशन के लिए उपलब्ध कराया गया। वेतन व पेंशन जारी होने के बाद कर्मचारियों में खुशी की लहर है। एमसीडी आर्थिक चुनौतियों के बावजूद कुशल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के वेतन व पेंशन की बकाया राशि भी शीघ्र ही जारी करेगा।

### दाखिले को लेकर स्टीफंस-डीयू के बीच बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली।** दाखिले को लेकर स्टीफंस कॉलेज और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के बीच विवाद बढ़ता रहा है। जहां कॉलेज ने साक्षात्कार में 15 प्रतिशत महत्व देने पर अड़ा है वहीं विश्वविद्यालय ने इसे अस्वीकार कर दिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने सभी श्रेणियों में दाखिले के लिए विश्वविद्यालईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) में प्राप्त अंकों को 85 प्रतिशत, जबकि साक्षात्कार को 15 प्रतिशत महत्व (वेटेज) देने के सेंट स्टीफंस कॉलेज के फैसले का विरोध किया है। डीयू ने कहा है कि इस फैसले को अमान्य माना जाएगा। विश्वविद्यालय ने कहा कि वह कॉलेज को पत्र लिखकर हाल ही में उसकी ओर से जारी की गई विवरण पुस्तिका को वापस लेने के लिए कहेगा, जिसमें 85:15 वेटेज फॉर्मूले का उल्लेख है, अन्यथा इस फॉर्मूले के तहत दाखिले डीयू को स्वीकार्य नहीं होंगे। कॉलेज के स्नातक पाठ्यक्रम 2022-23 के लिए विवरण पुस्तिका में कहा गया है, सेंट स्टीफंस कॉलेज सीयूईटी को पात्रता मानदंड के रूप में अपनाएगा, जिसमें सीयूईटी के अंकों को 85 प्रतिशत और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए कॉलेज के साक्षात्कार को 15 प्रतिशत महत्व दिया जाएगा।

## हरियाणा ऑर्बिटल कॉरिडोर निर्माण पर कंपनियों के साथ विचार-विमर्श



- हरियाणा भवन में 122 किमी लंबे कोरिडोर निर्माण पर हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग (एचओआरसी टन्नल ) निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया दिसंबर माह तक पूरी पूर्ण कर ली जाएगी। निविदाएं जुलाई माह के दौरान ही आमंत्रित की जाएंगी ।

कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस वे (वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे) के समानान्तर निर्मित होने वाले करीब 122 किमी लंबे हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर में निर्मित होने वाली 4.69 किमी लंबी हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग के निर्माण की दिशा में हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सुरंग निर्माण क्षेत्र की कंपनियों के साथ विचार विमर्श किया।

हरियाणा भवन में हुई बैठक में सुरंग निर्माण क्षेत्र की लगभग 20 कपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में सुरंग निर्माण की नवीनतम तकनीकों व कार्यविधियों पर सुरंग निर्माण कंपनियों के साथ विचार विमर्श किया गया। हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल का कहना है कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 30 माह की समयावधि में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। नूंह जिला क्षेत्र में 4.69 किलोमीटर लंबी हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग का निर्माण किया जाना है।

बैठक में हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अतिरिक्त सहायक महेंद्र मील भी मौजूद रहे। बैठक में दिल्ली मैट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक व टनल एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष और हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के प्रधान विशेषज्ञ मंगू सिंह भी मौजूद रहे।


नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
एन एफ एल
NFL
सीआईएन : L74899DL1974GOI007417
पंजीकृत कार्यालयः स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर-III, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003.
वेबसाइटः www.nationalfertilizers.com

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए स्टैण्डअलोन एवं समेकित ऑडिटेड वित्तीय परिणामों से उद्धरण

(₹लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | स्टैण्डअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31-03-2022 अन ऑडिटेड | 31-12-2021 अन ऑडिटेड | 31-03-2021 अन ऑडिटेड | 31-03-2022 ऑडिटेड | 31-03-2021 ऑडिटेड | 31-03-2022 अन ऑडिटेड | 31-12-2021 अन ऑडिटेड | 31-03-2021 अन ऑडिटेड | 31-03-2022 ऑडिटेड | 31-03-2021 ऑडिटेड |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 445025 | 509960 | 297329 | 1589142 | 1193900 | 445025 | 509960 | 297329 | 1589142 | 1193900 |
| 2 | असाधारण वस्तुओं एवं कर से पूर्व परिचालन से शुद्ध लाभ/(हानि) | 6365 | 1155 | (331) | 14482 | 34346 | 2154 | (2017) | (980) | (5839) | 33091 |
| 3 | असाधारण वस्तुओं पश्चात कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) | 6365 | 1155 | (331) | 14482 | 34346 | 2154 | (2017) | (980) | (5839) | 33091 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | 4817 | 864 | (304) | 10820 | 24963 | 606 | (2308) | (953) | (9501) | 23708 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि) सहित) एवं अवधि के लिए अन्य व्यापक आय | 5003 | 865 | (7) | 11010 | 25050 | 792 | (2307) | (656) | (9311) | 23795 |
| 6 | साम्य शेयर पूंजी | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 |
| 7 | रिज़र्व (पूर्वमूल्यांकित रिज़र्व को छोड़कर) जैसे कि पिछले वर्ष की ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 179096 | 168086 | | | | 155650 | 164961 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (₹10/-का प्रत्येक) * | | | | | | | | | | |
| | (ए) बेसिक | 0.98 | 0.18 | (0.06) | 2.21 | 5.09 | 0.12 | (0.47) | (0.19) | (1.94) | 4.83 |
| | (बी) डायल्युटिड | 0.98 | 0.18 | (0.06) | 2.21 | 5.09 | 0.12 | (0.47) | (0.19) | (1.94) | 4.83 |

* तिमाही आंकड़ों के मामले में एनूलाइज्ड नहीं किया गया है।

टिप्पणी : उपर्युक्त, सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत किये गये तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत फार्मेट का उद्धरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण फॉर्मेट स्टॉक ऐक्सचेंजों की वेबसाइट www.nseindia.com और www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.nationalfertilizers.com पर उपलब्ध हैं ।

निदेशक मण्डल के लिये और की ओर से
हस्ता./-
(निरलेप सिंह राय)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 08725698

स्थानः नोएडा
दिनांक: 24 मई, 2022

@NFL_Kisan @nationalfertilizers National Fertilizer Limited

# औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए जर्मनी भेजे जाएंगे हरियाणा के युवा

## प्रदेश के 700 प्रशिक्षुओं को पहले सिखाई जाएगी जर्मन भाषा

## आईटीआई मुसैदपुर के इन प्रशिक्षुओं के लिए तैयार हो रही विशेष योजना

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार ने हरियाणवी युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण की विशेष योजना तैयार की है। जिसके तहत आईटीआई के युवाओं को जर्मनी भेजकर उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण में पारंगत किया जाएगा। वहां भाषा संबंधी किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए पहले यहीं पर इन युवाओं को जर्मन भाषा भी सिखाई जाएगी। जर्मन कंपनी के साथ यह करार हो चुका है। जर्मनी भेजे जाने वाले युवाओं में गुरुग्राम जिला के मुसैदपुर गांव की आईटीआई के 700 प्रशिक्षु शामिल हैं।

समय के साथ तकनीक में हो रहे बदलावों व खुले वैश्विक बाजार के चलते भारत में आ रही उन्नत विदेशी तकनीकों में प्रदेश के युवाओं को पारंगत करने के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने जर्मन कंपनी के साथ 3 वर्ष के लिए एमओयू साइन यानी करार किया है। आटीआई का कोर्स दोनों देशों में पूरा कराया जाएगा।

यानी भारत में प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को कुछ अवधि के लिए जर्मनी भेजा जाएगा, जहां वे संबंधित कंपनी की औद्योगिक इकाइयों में उच्च गुणवत्ता वाली तकनीक का ज्ञान प्राप्त करेंगे। ट्रेनीज को प्रशिक्षण के दौरान वेतन भी प्रदान किया जायेगा, इसके साथ-साथ प्रशिक्षण के पश्चात वहीं रोजगार के बेहतर अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को जर्मन तकनीक में प्रशिक्षित करने के लिए गुरुग्राम जिला के फर्रुखनगर ब्लॉक स्थित मुसैदपुर गांव के आईटीआई भवन में स्किल एन्हांसमेंट सेंटर की शुरुआत भी की जाएगी।



गुरुग्राम स्थित आईटीआई में जागरूकता कार्यक्रम में बोलते हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक आरसी बिढान और अन्य अधिकारी।

### कौशल विकास की वृद्धि के लिए हो रहा काम

**औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गुरुग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक आरसी बिढान ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं में कौशल विकास की वृद्धि के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम करने के लिए पलवल में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। वहीं विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में अप्रेंटिस के माध्यम से उन्हें बेहतर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने औद्योगिक संगठनों को विश्वास दिलाया कि उत्पादन वृद्धि के लिए उन्हें उत्तम और कौशलयुक्त मैनपावर उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने औद्योगिक संगठनों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए बेहतर सुविधा तथा उत्तम प्रशिक्षण प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को विशेष इंसेन्टिव प्रेरणा स्वरूप प्रदान करें।

### शॉर्ट टर्म कोर्स प्रस्तुत करने का भी आमंत्रण

**श्री** बिढान ने औद्योगिक संस्थानों से उनकी मांग अनुसार शॉर्ट टर्म कोर्स प्रस्तुत करने का भी आमन्त्रण दिया। उन्होंने कहा कि यदि औद्योगिक संस्थान इस दिशा में आगे बढ़ते हैं तो प्रशिक्षण के पश्चात छात्र-छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी। वहीं वे उद्योगों की हर कसौटी पर भी खरे उतरेंगे। कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम के प्राचार्य जयदीप कादयान ने विस्तार पूर्वक अप्रिन्टशिप अधिनियम 1961 के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफइंडियन इंडस्ट्रीज हरियाणा के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी, जीआईए के अध्यक्ष जेएन मंगला, लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन, गुरुग्राम के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा, उद्योग विहार चैंबर ऑफइंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अनिमेष सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की दीवार और पेड़ गिरे चार गाड़ियां क्षतिग्रस्त


गुरुग्राम के सेक्टर-48 स्थित पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की गिरी दीवार के मलबे में दबी गाड़ियां।

**गुरुग्राम।** सोमवार की देर रात आई आंधी और बारिश से सेक्टर-48 स्थित पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की गिर गई। इसमें रिटायर्ड सेशन जज की गाड़ी समेत चार गाड़ियां दबकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय कोई व्यक्ति इस जर्जर दीवार के पास नहीं था। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और हादसे की जांच शुरू की। लोगों ने आरोप लगाया कि इस दीवार में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, इसलिए यह दीवार असुरक्षित है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-48 में पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी व आरोन विला सोसायटी एक साथ बनी हैं। दोनों के बीच में यह दीवार है। सोमवार देर रात को 12 फुट ऊंची और 50 फुट लंबी पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की दीवार साथ लगती आरोन विला सोसायटी की तरफ जा गिरी। इस दीवार के साथ वहां लगे पेड़ भी दब गए।

इस घटना में विला नम्बर-5, 6 और 7 में रहने वाले निवासियों की गाड़ियों के साथ रिटायर्ड सेशन जज आरएस विर्क की इनोवा करिस्टा नंबर-एचआर-26-सीएन 0023), डॉ. आयुषी की किया कार नंबर-एचआर-12एपी-7264, रामफूल नेहरा की क्रेटा कार नंबर-एचआर-26-डीई-9745 और एक कोरियन कम्पनी की गाड़ी इको स्पोर्ट नंबर-एचआर-26-सीयू-2699 दबकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

सबसे गम्भीर बात यह है कि इस जर्जर दीवार और असुरक्षित पेड़ों की बार-बार शिकायत के बावजूद पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी मैनेजमेंट ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आरोन विला के निवासियों का कहना है कि वे पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की मैनेजमेंट की शिकायत अब मुख्यमंत्री से करेंगे। ग्रीवेंस कमेटी में भी यह मामला उठाया जाएगा। आरोन विला के निवासियों में बेहद रोष है।

## संक्षिप्त-समाचार

### पुलिस कर्मियों ने बुजुर्ग को नोटों से भरा पर्स लौटाया



**सोहना।** सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस की टीम एक बाद एक आम नागरिकों को ईमानदारी की मिसाल दे रही है। बाईपास चौक पर गिरा 85 वर्षीय बुजुर्ग का 29600 रुपये समेत जरूरी कागजात से भरा पर्स लौटाया। इससे पहले महिला को उसका 28800 रुपये लौटाए थे। पुलिस में तैनात ऐसे कर्मचारी और अधिकारी हैं जिनके नेक किए कार्य समाज को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं। सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर तैनात जेडओ एएसआई धर्मबीर व उसकी टीम में शामिल पुलिस कर्मी व होमगार्ड कर्मचारी एक बाद एक ईमानदारी की मिसाल बना रहे हैं। उनकी यह मिसाल समाज में रहने वाले युवाओं से लेकर बुजुर्गों को नेक कमाई का पाठ पढ़ा रहे हैं। जिला पलवल के गांव घुघेरा निवासी 85 वर्षीय चौधरी इंद्रपाल और उसके परिजन सोमवार शाम को गुरुग्राम से अपने घर घुघेरा सोहना होकर जा रहे थे। बाईपास चौक पर उनका पर्स किसी तरह से सड़क किनारे गिर गया। बाईपास चौक पर तैनात होमगार्ड संदीप की नजरें पर्स पर पड़ गईं। उसने जेडओ एएसआई धर्मबीर को सूचना दी। बुजुर्ग चौधरी इन्द्रपाल को मंगलवार सुबह सोहना आने पर उसके पर्स नकदी और जरूरी कागजातों समेत लौटा दिया। जेडओ ट्रैफिक पुलिस के एएसआई धर्मबीर ने बताया कि इससे पहले करीब एक सप्ताह पहले महिला का पर्स भी इसी चौक पर गिरा था। जिसमें 68800 रुपये की नकदी थी। महिला से उनका सम्पर्क कर तलाश कर के दौरान हुआ था। जिसे उसका पर्स भी नकदी समेत लौटा दिया था।

### जीयू के नौ छात्रों ने पास की ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट परीक्षा



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के पहले बैच के अंतिम वर्ष (2018-2022) के 9 छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट पास किया है। सभी छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट पास कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विवि के फार्मेसी विभाग के 9 छात्र अभिनव, तनीषा, प्रज्ञा, जतिन, भगीरथ, आशीष, गगन, शीतल, अंकित ने टेस्ट पास किया। फार्मेसी विभाग के छात्र अभिनव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया परीक्षा में 145वीं रैंक हासिल की। विवि के फार्मेसी विभाग के प्रवक्ता ने बताया की ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट एम. फार्मा प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात छात्र एक अच्छे शिक्षण संस्थान केएम फार्मा प्रोग्राम में प्रवेश ले सकता है। विवि के प्रवक्ता ने बताया कि 2018 तक टेस्ट अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा आयोजित किया था। वर्ष 2019 से एनटीए इस टेस्ट का आयोजन कर रहा है। यह परीक्षा संस्थानों को पात्रतावाल (एम.फार्मा) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उपयुक्त फार्मेसी स्नातकों का चयन करने की सुविधा प्रदान करती है।

### पंचकूला में भारी संख्या में पहुंचे बिजली कर्मी



**सोहना।** ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्क्स यूनियन ने 15 जून को पंचकूला में कौशल रोजगार के विरोध में होने वाले प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया। यूनियन कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में पंचकूला पहुंचने का आश्वासन दिया है। मंगलवार को शहर की अग्रवाल धर्मशाला में ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्क्स यूनियन कार्यकर्ताओं की बैठक विजय की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर विनोद शर्मा, राज्य सचिव, बिजेन्द्र फोगाट, शमून खान आदि मौजूद थे। उपप्रधान जितेन्द्र तेवतिया ने राज्य सरकार द्वारा लागू किया कौशल रोजगार से युवाओं का भला होने वाला नहीं है। राज्य सरकार ने इस नियम को लागू करके अपना रोजगार देने की प्रक्रिया पूरी की है। लेकिन स्थाई रोजगार नहीं है। शिक्षित युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। तेवतिया ने कहा कि सरकार रोजगार देना ही चाहती है तो पहले विभागों में खत्म किए जा रहे पदों को फिर से लागू करें। उसके बाद उन पदों पर स्थाई भर्ती की जाए। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई को बिजली मंत्री रणबीर सिंह चौटाला के निवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। सोहना यूनिट से पूरा समर्थन देते हुए भारी संख्या में पंचकूला पहुंचने का आश्वासन दिया।

## केजरीवाल की कुरुक्षेत्र रैली प्रदेश की राजनीति को देगी नई दिशा

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट का कहना है कि जून माह में होने वाले पंचायत एवं निकाय चुनाव में पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ेगी और हर जगह अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। इन चुनावों में राज्य स्तरीय एवं स्थानीय मुद्दे अहम रहेंगे, क्योंकि प्रदेश की मौजूदा प्रदेश सरकार के कार्यकाल में आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया है, जिसका वे इन चुनावों में उल्लेख कर सकें। अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली अब बदलेगा हरियाणा रैली काफी अहम होगी।

# लक्ष्य प्राप्ति को पूरी लगन से मेहनत करें खिलाड़ी : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का घर बुलाकर किया स्वागत

**विभिन्न** खेलों में पदक जीतकर लौटे गुरुग्राम के खिलाड़ियों का मंगलवार को विधायक सुधीर सिंगला व उनकी पत्नी सुनीता सिंगला ने अपने निवास स्थान पर स्वागत किया। उन्हें मेडल जीतने की बधाई देने के साथ सिंगला दंपति ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों में सबसे पहले नरेश कुमार कोच सात बार नेशनल चैम्पियन और नेशनल रिकॉर्ड होल्डर 2022 हैं, जिन्होंने 2 जनवरी 2022 को नेशनल चैंपियनशिप अलवर में सिल्वर मेडल जीता। सात जनवरी को नेशनल चैंपियनशिप करनाल में दो गोल्ड मेडल जीते। केरल में 15 अप्रैल को नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, तीन मई से आठ मई के बीच मध्यप्रदेश के जबलपुर में गोल्ड मेडल जीतकर रिकॉर्ड बनाया। मात्र 8 साल की बेटी मन्नी ने करनाल में नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया।

इसी तरह 14 साल के बेटे नमन ने नेशनल चैंपियनशिप में करनाल में दो गोल्ड मेडल जीते और एक नेशनल रिकॉर्ड बनाया। कृष्णा पांच बार नेशनल चैंपियन और नेशनल रिकॉर्ड होल्डर-2022 हैं। दो जनवरी 2022 अलवर राजस्थान में गोल्ड मेडल जीता। सात जनवरी को करनाल में दो गोल्ड मेडल जीते और नेशनल रिकॉर्ड बनाया। 15 अप्रैल 2022 नेशनल चैंपियनशिप केरल में सिल्वर मेडल जीता। आठ मई को मध्यप्रदेश जबलपुर में दो गोल्ड मेडल जीते और सबसे अधिक 170 किलोग्राम वजन उठाकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड 160 किलोग्राम 2011 से वेस्ट बंगाल के खिलाड़ी के नाम था।

अब 2022 में गुरुग्राम की बेटी ने 170 किलोग्राम उठा कर इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है। इन सब उपलब्धियों वाले खिलाड़ियों को उनके गले में मेडल के साथ विधायक सुधीर सिंगला ने भविष्य में मेडल जीतते रहने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को हमेशा खेलों पर अपना फोकस रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में खेलने वाले खिलाड़ियों ने देश-दुनिया में नाम रोशन किया है। हर खिलाड़ी एक लक्ष्य लेकर खेलों के क्षेत्र में आए। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी मेहनत करें। सफलता उन्हीं को मिलती है जो अथक मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि हर अभिभावक अपने बेटे-बेटियों को किसी न किसी खेल से जरूर जोड़ें, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास सही हो।


गुरुग्राम में अपने निवास पर मेडल विजेता खिलाड़ियों से मिलते विधायक सुधीर सिंगला व उनकी पत्नी सुनीता सिंगला।

# एमएसएमई ने पीएम मोदी के सपने को साकार किया : राज्यपाल असम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## एआईएफओएम के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने कहा, वोकल फोर लोकल का सिद्धांत अपनाया

**नई दिल्ली** स्थित इस्टीट्यूट ऑफ इकॉनामिक स्टडीज द्वारा भारतीय अर्थ व्यवस्था के बारे में एक सम्मेलन और अवार्ड सेरेमनी का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली पर किया गया। सम्मेलन और अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में असम के राज्यपाल पहुंचे। उन्होंने इस दौरान पुरस्कार वितरण कर अपने विचार भी रखे। कहा कि एमएसएमई ने वोकल फोर लोकल के सिद्धांत पर चल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार किया है। कार्यक्रम का आयोजन आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के सहयोग से किया गया।

आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने राज्यपाल के स्वागत भाषण में कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारतीय अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। इसके पीछे वजह बताई कि 95 फीसदी व्यावसायिक गतिविधियां आज भी एमएसएमई क्षेत्र में आती है। इस अवसर पर फरीदाबाद के उद्योगपति



और आकाश पॉलीटेक प्रा. लि. के श्याम सुंदर कपूर, न्यूटेक थर्मोपैक प्रा. लि. के जितेंद्र पाल शाह, मल्टीडेकर इंडिया प्रा. लि. के रामचंद्र चौधरी, आरिव प्रेसीजन प्रा. लि. के केवीआर नायर, देवाशीष इंजीनियरिंग प्रोडक्ट एलएलपी के डीके मिश्रा को इनोवेशन और औद्योगिक क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने सभी आगंतुकों एवं पुरस्कृत उद्यमियों को बधाई दी। उन्होंने एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर को एआईएफओएम के सदस्यों के साथ बैठक कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में भारतीय आर्थिक संस्थान की अध्यक्ष संगीता सिंह, भारतीय पोडिएट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अमर पाल सूरी, साउथ कैनरा डीसीसी बैंक के अध्यक्ष डा एमएन राजेंद्र कुमार, स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के महानिदेशक अतुल सोबती, पूर्व चैयरमेन इरडा केएन पोपली, एआईएफओएम के राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी और एआईएफओएम फरीदाबाद चैप्टर के वाइस प्रेसिडेंट आरडी वर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

वक्ताओं ने सभी उद्यमियों के बारे में बताया कि उन्होंने एमएसएमई से अपना काम शुरू किया। दिनरात मेहनत कर अपने उद्योग को बुलंदियों पर पहुंचाया है। एमएसएमई ने आयात होने वाले अनेक उत्पादों को भारत में बनाना शुरू किया है।

## 3.26 फीसदी बच्चों और 23.37 फीसदी महिलाओं को दी कृमि रोग की दवा

**गुरुग्राम।** कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा स्लोगन के साथ जिले में 23 से 29 मई 2022 के बीच चलाए जा रहे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता से जुटा है। शहरी और ग्रामीण अंचल के अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित आयु सीमा के बच्चों और युवतियों, महिलाओं को कृमि रोग की निशुल्क दवा दी जा रही है।

यहां नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 के मुख्य गेट नंबर-2 के ठीक बाहर इसके लिए काउंटर लगाया गया है, ताकि अस्पताल में आने वालों को उनकी आयु सीमा के हिसाब से दवा वितरित की जा सके।

## जॉनसन एंड जॉनसन विजन की नई कैंपेन फिल्म #DekhteRehJaoge भारत के युवाओं को देती है अपना जुनून पूरा करने की प्रेरणा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जॉनसन** एंड जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन विजन इंडिया ने हाल ही में अपना नया कैंपेन # DekhteRehJaoge शुरू किया। कैंपेन एकदम अलग है क्योंकि इसमें वास्तव में ACUVUE® लेंस इस्तेमाल करने वालों को लिया गया है। वे बताते हैं कि इन लेंस का इस्तेमाल कर कैसे वे बेधड़क होकर नई चुनौतियों से भिड़ जाते हैं और अपनी नजर को ही अपनी पहचान बना रहे हैं। यह फिल्म ACUVUE® कॉन्टैक्ट लेंस इस्तेमाल करने वाले अलग-अलग लोगों की जिंदगी दिखाती है, जिसमें रचनात्मक आजादी की तलाश का उनका सफर दिखाया गया है। इससे युवा पीढ़ी और मिलेनियल दर्शकों को आगे बढ़ते रहने और कोशिश जारी रखने का हौसला मिलता है। इसमें दिखता है कि ACUVUE® कैसे उपभोक्ताओं को अपना असली व्यक्तित्व पहचानकर हिम्मतवर बनाना चाहता है। लोकप्रिय गीत 'इन आंखों की मस्ती' का नए और अनूठे ढंग से किया गया इस्तेमाल इस फिल्म को सम्मोहक बनाता है और इसके संदेश को बेहतरीन बैकग्राउंड भी देता है। ACUVUE® कॉन्टैक्ट लेंस




साफ नजर प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं, जो आराम भी देते हैं तथा दबकर रहने के बजाय बाहर जाकर हद से गुजर जाने का हौसला भी देते हैं।

जॉनसन एंड जॉनसन विजन में विजन केयर इंडिया के बिजनेस यूनिट डायरेक्टर टाइनी सेनगुप्ता इस पेशकश के बारे में कहते हैं, जॉनसन एंड जॉनसन विजन में हमारा उद्देश्य भारत के युवाओं को कॉन्टैक्ट लेंस के जरिये दुनिया को देखने का हिम्मत भरा नया नजरिया देना है, जो उनकी शख्सियत के हरेक पहलू को पूरा बनाता है। यह देखकर हमें खुशी होती है कि ये लेंस हमारे उपभोक्ताओं की जिंदगी के हिस्से बन गए हैं और कॉन्टैक्ट लेंस के इस्तेमाल से जुड़े भ्रम तथा हिचक दूर कर रहे हैं। ACUVUE® दुनिया भर में कॉन्टैक्ट लेंस का सबसे अधिक बिकने वाला ब्रांड है और इस कैंपेन के जरिये हम अधिक से अधिक लोगों को हिम्मत के साथ दुनिया का सामना करने के लिए उत्साहित करना चाहते हैं। भारत में अब भी कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल काफी कम है।

हमारा मकसद है कि अधिक से अधिक लोग हमारे लेंस आजमाएं, उन्हें पहनने में होने वाली आसानी तथा आराम को समझें और उनसे मिलने वाले आत्मविश्वास के आदी बन जाएं! हमारा लक्ष्य भारत में कॉन्टैक्ट लेंस की पैठ बढ़ाना और इस श्रेणी में नए यूजर लाना तथा साथ में आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आंखों की नियमित जांच की अहमियत समझाते हुए, जॉनसन एंड जॉनसन विजन में विजन केयर इंडिया के नेत्र विशेषज्ञ तथा कंसल्टेंट - प्रोफेशनल एजुकेशन एंड डेवलपमेंट अशोक पांडियन कहते हैं, आंखें सेहतमंद बनी रहें, इसके लिए आंखों के विशेषज्ञ के पास जाकर नियमित रूप से आंखों की जांच कराना जरूरी है। आजकल यह ज्यादा जरूरी है क्योंकि वर्क फ्रॉम होम के दौर में स्क्रीन देखते रहने का हमारा समय काफी बढ़ गया है। ध्यान रहे कि कॉन्टैक्ट लेंस से नजर तो बेहतर होती ही है, व्यक्तित्व भी बेहतर दिखता है। इससे काम, आराम और खेलों के साथ जीवन का हरेक पहलू बेहतर हो सकता है। साथ में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है।

# दूसरे दिन भी नप के सफाई कर्मियों का धरना जारी रहा



मंगलवार को भी सोहना में धरना प्रदर्शन करते नगर परिषद के सफाईकर्मी।

**सोहना।** नगर परिषद के सफाईकर्मचारियों की मांगों को लेकर दूसरे दिन भी लगातार विरोध प्रदर्शन जारी रहा। सफाई कर्मियों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर परिषद कार्यालय के बाहर धरनों बिछाकर हड़ताल शुरु की थी।

मंगलवार को नगर परिषद के सफाईकर्मचारी और कार्यालय में कार्यरत बाबूओं ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। मंगलवार को भी कार्यालय के अंदर क्लर्कों ने पेन को हाथ में नहीं लिया। वहीं सफाईकर्मियों ने बाजार में दूसरे दिन सफाईनहीं की। यूनिट प्रधान विक्रम ने बताया कि जब तक यूनियन के उच्चापदाधिकारियों के जब-जब विरोध प्रदर्शन के आदेश आते रहेंगे। तब तब आदेशों की पालना की जाएगी। उन्होंने कहा कि मांगों का पूरा कराने के लिए कर्मचारी वर्ग को कमजोर न समझा जाए। कर्मचारी किसी भी सरकार के विकास में रीढ़ की हड्डी का काम करता है। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने कर्मचारियों की जो अंदेखी की है। उसका परिणाम कर्मचारी समय आने पर दे देगा।

## अंग बचाओ जीवन बचाओ अभियान : प्राध्यापक डॉ. दिग्विजय शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** आज के सत्र में, हम क्रिटिकल लिंब इस्कीमिया (सीएलआई) और उसके प्रबंधन के विकल्पों के बारे में चर्चा करेंगे।

क्रिटिकल लिंब इस्कीमिया (रक्त प्रवाह या ऑक्सीजन की आपूर्ति घटना) या सीएलआई एक ऐसी स्थिति है जिसमें रक्त वाहिनियों में गंभीर अवरोध होते हैं जो उल्लेखनीय रूप से बाह्यांगों जैसे कि हाथों, पैरों और टांगों में रक्त के प्रवाह को कम कर देते हैं। ये पेरिफरल आर्टेरियल डिसीज की एक गंभीर अवस्था है। सरल शब्दों में इसका अर्थ है कि अंग को होनेवाली रक्त आपूर्ति बहुत ही कम हो जाती है और यदि इसकी भरपाई नहीं की जाती है तो अंग विच्छेद करना अनिवार्य हो जाता है।

**सीएलआई के विशिष्ट लक्षण क्या हैं? :** इसकी शुरुआत चलते समय दर्द से होती है और धीरे-धीरे बढ़कर यह घाव और गैंगरीन हो जाता है, वास्कुलर सर्जन्स इस स्थिति का आकलन करने के लिए रुदरफोर्ड इस्कीमिया स्कोर का उपयोग करते हैं।

**पीएडी और सीएलआई के लिए जोखिम कारक क्या हैं? :** पीएडी और सीएलआई के लिए जोखिम कारकों में शामिल हैं बुढ़ापा, धूम्रपान करना, उच्च कोलेस्ट्रॉल लेवल, पुराना गुर्दे का रोग, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज। असल में, धूम्रपान करने के कारण सीएलआई का जोखिम इतना बढ़ जाता है कि नियंत्रित प्रेशर और शुगर वाला स्मोकर मध्यम रूप से नियंत्रित प्रेशर और शुगर वाले नॉन-स्मोकर्स की तुलना में अधिक संवेदनशील हो जाता है।

**क्या सीएलआई से ग्रस्त मरीज़ों अंग विच्छेद के अलावा अन्य जटिलताओं का जोखिम होता है :** बिलकुल, सीएलआई से ग्रस्त होना हमें स्टेज 4 के अधिकांश कैंसरों या किसी हार्ट अटैक की तुलना में मृत्यु के प्रति अधिक संवेदनशील बना देता है। ऊपर दी गई स्लाइड स्पष्ट रूप से समझाती है कि सीएलआई का मरीज 5 वर्ष तक भी नहीं जी पाता और जिसके आगे सिर्फ लंग कैंसर ही आता है। यहीं पर हमारे लिए लिंब सेव



लाइफ कैंपेन (अंग बचाओ जीवन बचाओ अभियान) का औचित्य ध्यान में आता है। यदि हम एंप्युटेशन्स (अंग विच्छेदों) को सीमित कर सकें तो हम जीवन बचा सकते हैं।

**सीएलआई के लिए प्रबंधन के विकल्प क्या हैं?** सीएलआई का उपचार काफी जटिल और व्यक्ति पर निर्भर हो सकता है। फिर भी, पहली प्राथमिकता है अंग को सुरक्षित करना। रक्त आपूर्ति ठीक करना लक्ष्य होता है और इसके लिए जोखिम कारकों को घटाने के साथ निगरानी में व्यायाम करना, संकरी नलिकाओं से रक्त प्रवाह को सुगम बनाने के लिए दवाएं लेना, बायपास सर्जरी, एंजियोप्लास्टी, डीप वेन को धमनि में कन्वर्ट करना, स्टेम सेल्स तक ये सभी लिंब साल्वेज प्रोग्राम का हिस्सा होते हैं। कृपया ध्यान रखें कि पैर में स्किन मसल्स जॉइंट बोन्स टेंडन्स नर्व्स और वेसेल्स होते हैं। यह एक जटिल इकाई है और इसीलिए वस्कुलर, प्लास्टिक के साथ लिंब सॉल्वेज सर्विसेस रचनात्मक उपाय हैं और एंडोक्रिनोलॉजी तथा फूट डिवाइस स्पेशलिस्ट्स के साथ ऑर्थोपेडिक्स बेहतरीन परिणाम देते हैं। यह एक सामूहिक प्रयास है। तस्वीर टखने के नीचे एंजियोप्लास्टी के बाद बहुत ही अच्छा परिणाम दर्शाती है।

# खुले मेनहोल की समस्या से लोगों को मिलेगी निजात

## मॉडर्न बीपी स्कूल के मॉडल को अपनाने पर सरकार कर रही विचार

## शिक्षा मंत्री फरीदाबाद आने पर ही करेंगे एमबीपी स्कूल का दौरा


शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के साथ स्कूल के बच्चे और अध्यापक। दूसरे चित्र में शिक्षा मंत्री को मॉडल के बारे में समझाते विद्यार्थी।

कविता। फरीदाबाद

**सेक्टर-23,** संजय कालोनी स्थित मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के मॉडल को हरियाणा के शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह गुर्जर ने खूब सराहा।

उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए मॉडल को देखकर और स्कूल की उपलब्धियों को सुनकर फरीदाबाद में आने पर स्कूल का दौरा करने का आश्वसन दिया। उन्होंने सीवर मेनहॉल के मॉडल को अपनाने का आश्वासन देते हुए सीएम से बात करने की बात कही। स्कूल के बच्चों और टीचर्स को उन्होंने कोटेशन तैयार कर आठ दिनों बाद सीएम आवास पर आने का निमंत्रण दिया है। स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने स्कूल के बच्चों को शिक्षा मंत्री के द्वारा दिए गए प्रोत्साहन पर बंधाई दी है।

मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा तैयार किये गए बायलॉजी के मॉडल 'खुले हुए सीवरेज मेनहोल्स' की दुर्घटनाओं से निजात दिलाने के उपाय को लेकर शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह गुर्जर ने बच्चों और टीचरों को अपने निवास पर बुलाकर प्रशंसा की और मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुती देने आवेदन स्वीकार किया। इस मौके पर उन्होंने शिक्षक नवीन जोशी, नफीस एहमद, छात्र स्नेहा कुमारी, आदर्श यादव, अजय भंडारी और रजत कुमार को प्रोत्साहित किया। मॉडल प्रस्तुत करने वाले बच्चों ने उन्हें बताया कि मॉडर्न बीपी स्कूल विज्ञान के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ रहा है। पिछले आठ सालों से लगातार सीबीएसई के माध्यम से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर रहा है।

शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह गुर्जर ने इस स्कूल को खुद आकर देखने की इच्छा जाहिर की है। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार एवं स्कूल के प्रधानाचार्य जितेन्द्र परमार ने बच्चों को बंधाई दी है और आगे भी ऐसा काम करने को प्रेरित किया है।

### मॉडल इस तरह करेगा काम

**मॉडर्न** बीपी स्कूल के विद्यार्थी ने मिलकर 'ओपन हॉल डिटेक्टर' नामक मॉडल तैयार किया है। उन्होंने दो ढक्कन लगाकर मॉडल तैयार किया है। मेनहॉल के ढक्कन में उन्होंने एक खास जीएसएम मोड्यूल्स लगाया है। जिसमें एक बार में एक साथ 100 लोगों तक संदेश पहुंचाने की व्यवस्था है। मेनहॉल का ढक्कन खुलते ही मॉडल तुरंत उसमें मौजूद नम्बरों पर कोड के जरिये संदेश देगा कि किस स्थान पर ढक्कन खुला है। जब उस ढक्कन को बंद कर दिया जाएगा, तब एक बार फिर सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी को संदेश मिल जाएगा। जिसकी शिक्षा मंत्री ने तारीफ की और इसे प्रदेश में लगाने के लिए एप्रूव किया है।

## अपशिष्ट प्रबंधन पर हुआ मार्गदर्शन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ ने राजकीय मध्य विद्यालय, मलेरना में अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों का मंगलवार को प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन की प्रभारी यूबीए टीम डॉ. मीनू अग्रवाल ने यूबीए के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर ग्राम मलेरना किया। कार्यक्रम के तहत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता और स्वच्छता अभियान पर रैली की गई। अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना है। जीएमएस मलेरना के प्रधानाचार्य समर देशवाल और अंजू बाला सहित शिक्षकों ने अपने छात्रों को उत्साह दिखाने के लिए प्रेरित किया।

# नशेड़ियों ने दो लाख के लालच में की थी व्यक्ति की हत्या

## रुपये हड़पने के लिए आरोपियों ने पार्टी का लालच देकर बुलाया था

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनू।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादयान द्वारा जघन्य अपराधों में तुरंत कार्रवाई के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने तीन दिन पहले 19-20 मई की रात सेक्टर 21बी रेलवे लाइन के पास स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में पत्थर से सिर में चोट मारकर बुजुर्ग की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपी का नाम सोनू उर्फ अविनाश उर्फ बहरा है जो फरीदाबाद के फतेहपुर चंदीला गांव का रहने वाला है। इस मामले में आरोपी का एक साथी सुनील उर्फ बीड़ी उर्फ चूचू अभी फरार चल रहा है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। दोनों आरोपी अनखीर में एक सर्विस स्टेशन पर काम करते थे और दोनों शराब के साथ साथ इंजेक्शन का नशा भी करते हैं।

क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी सोनू को बीती शाम अनखीर चौक के पास के ठेके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सोनू ने अपने साथी सुनील के साथ मिलकर 20 मई को बीके अस्पताल में चाय की दुकान लगाने वाले 52 वर्षीय हरगोविंद की पत्थर से सिर में चोट मारकर हत्या की थी। मृतक हरगोविंद के भाई की शिकायत पर पुलिस थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया गया था। डीसीपी क्राइम के आदेश पर क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर सुरेश, हवलदार गुलाम मोहम्मद और दिनेश, सिपाही आशिद तथा नेपाल ने आरोपी को 23 मई को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरगोविंद को पिछले करीब छह महीने से जानते थे। हरगोविंद भी शराब पीने का आदी था। इसलिए दोनों आरोपी उसके पास आते जाते थे और उसकी दुकान पर बैठकर शराब पीते थे।

एक दिन हरगोविंद ने बताया कि उसने करीब दो लाख रुपये इकट्ठे कर लिए हैं और गांव में अपना मकान बनाएगा। उन्होंने हरगोविंद से पैसे हड़पने की योजना बनाई। इस योजना के तहत दिनांक 19-20 मई की रात आरोपी हरगोविंद को पार्टी देने के बहाने अपने गांव फतेहपुर चंदीला बुलाया और वहां पर शराब पिलाकर उससे पैसों के बारे में पूछताछ की। परंतु न बताने पर उसके साथ मारपीट की। बाद में उसे रेलवे लाइन के पास स्थित विवेकानंद पार्क में लाकर उसके सिर में पत्थर से चोट मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस टीम द्वारा वारदात में प्रयोग खून से सना पत्थर बरामद किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

# टूटे हाईवोल्टेज तार के करंट से व्यक्ति की मौत, हुआ हंगामा


शौकाकुल मृतक व्यक्ति के परिजन। इंसेट में मृतक की फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** शिवदुर्गा विहार लक्कड़पुर फाटक के एक साइकिल सवार व्यक्ति की टूटे हुए हाईवोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक मंगलवार सुबह घर से दूध लाने के लिए निकला था। अभी वह घर से थोड़ी ही दूरी पर पहुंचा था कि हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने बिजली निगम की लापरवाही के विरोध में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने बिजली निगम के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक दुर्गा विहार, लक्कड़पुर निवासी दीपक कुमार पाल अपनी शिकायत में कहा है कि उनके 58 वर्षीय पिता देवकारण पाल मंगलवार सुबह घर से दूध लेने साइकिल से निकले थे। उनके घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर पर हाईटेंशन लाइन टूटी हुई थी। जिसका तार उनके पिताजी की साइकिल में टच हो गया। जिससे उनके पिता करंट से झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पीड़ित को दी।

दीपक ने बताया कि जब तक लोग उनके पिता को झुलसने से बचाते और मौके तक पहुंचते तब तक उनकी मौत हो चुक थी। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर शव कब्जे में लेने की कोशिश की मगर परिजनों ने पुलिस से कड़ा विरोध जताया और करीब एक घंटे तक शव को घटनास्थल से उठने नहीं दिया। जिसके बाद पुलिस अधिकारीयों के समझाने पर परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# शादी का झांसा दे तलाकशुदा महिलाओं को ठगने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना बीपीटीपी प्रभारी अर्जुन देव की टीम ने 5 साल से फरार चल रहे एक बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी को बलात्कार तथा करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम आकाश है जिसकी उम्र करीब 48 वर्ष है। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है जो तलाकशुदा महिलाओं को अपने झांसे में लेकर उनके साथ बलात्कार तथा धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देता है। महिला पुलिस थाना सेंट्रल में वर्ष 2017 में फरीदाबाद की रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला ने शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया तथा साथ ही उसके 70 लाख के फ्लैट को बेचकर उसके पैसे हड़प गया तथा एक अन्य फ्लैट पर उसने महिला के नाम पर लोन उठाया तथा उसके पैसे भी ले गया। इसके पश्चात महिला ने जब उससे शादी करने के लिए कहा तो वह फरार हो गया। महिला की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई परंतु आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए जगह बदल बदल कर रहने लगा। वर्ष 2018 में आरोपी को पीओ घोषित किया गया था जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार रेड कर रही थी। अंतत: बीपीटीपी थाना प्रभारी अर्जुन देव की अगुवाई में गठित पुलिस टीम आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# सैनी इंडिया ने अपनी टेक्नोलॉजी को मजबूत किया

## सभी प्रोडक्ट्स विशेष रूप से भारतीय ग्राहकों और एप्लीकेशन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



निर्माण मशीनरी के अग्रणी निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं में से एक सैनी इंडिया ने, एक्सकॉन में अत्याधुनिक उत्पादोंको लांच करने के लिए तैयार है। इस मेगा इवेंट में सैनी की भागीदारी 22 नए उत्पादों के लांच के साथ एक नई मिसाल कायम करेगी, जिनमें से अधिकांश का निर्माण भारत में मेक इन इंडिया पहलका समर्थन करते हुए किया है।

सभी नई मशीनों को विशेष रूप से भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जो कि भारतीय बाजार और ग्राहकों की भावनाओं के बारे में कंपनी की गहरी समझ को दर्शाता है और इन उत्पादों को एक अद्वितीय बढ़त प्रदान करेगा और इसे वैल्यू फॉर मनी प्रस्ताव बना देगा। इन सभी उत्पादों को एक्सकॉन में प्रदर्शित किया जाएगा। मेगा ट्रेड फेयर उपकरण निर्माताओं, ग्राहकों, फाइनेंसरों और पॉलिसी मेकर का जोड़ है जो उनके लॉन्च के लिए एक विशेष मंच प्रदान करता है। सैनी के तकनीकी रूप से नए उत्पाद एडवांसड डिजाइन, ऐस ऑफ ऑपरेबिलिटी और विश्वसनीयता के साथ आएं है जो अपने नेटवर्क के माध्यम से पूरे भारत में जल्द ही उपलब्ध होंगे। सैनी इंडिया एंड साऊथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक गर्ग ने कहा, हम पिछले दो वर्षों के लम्बे समय से इस आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह एक ऐसा आयोजन है जो न केवल प्रतिभागियों की संख्या के मामले में विशाल है बल्कि इसमें भीड़ का सही मिश्रण है, जो हमें अपने ब्रांड की बेहतरीन तरीके से दिखाने और हमारे ग्राहक आधार का विस्तार करने में मदद करता है। सैनी के प्रोडक्टड लॉन्च के बारे में उन्होंने आगे कहा कि हमने एक्सकॉन के पिछले एडिशन में कई प्रोडक्टों को लॉन्च किया है। जिससे प्रतिक्रिया काफी आश्वस्त करने वाली रही है, हम इस वर्ष पहले के समान अभूतपूर्व प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं। चूंकि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सर्वोच्चता आज बाजार में मजबूत है, इसलिए हम इस आयोजन में तथा इसके पश्चात रिकॉर्ड संख्या में बुकिंग की उम्मीद करते हैं।

## अब तक लगीं 40 लाख 24 हजार 324 डोज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 73936 लोगों को बूस्टर डोज भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4024324 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है।

जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि गत मंगलवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1365529 लोगों को पहली और 1111599 लोगों को दूसरी और 7825 लोगों को बूस्टर डोज दी गई।

# डबुआ सब्जी मंडी में हुआ करोड़ों का घोटाला : नीरज शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिनके** पापा करते थे सरकारी नौकरी और जीवन में आज तक जिन्होंने नहीं बेची सब्जी उन्हें भी मिल गई थी सब्जी मंडी में फड़। यह कहना है विधायक एनआईटी फरीदाबाद नीरज शर्मा का।

शर्मा मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में पूर्व पार्षदों को भी फंड आवंटित कर दिए जबकि जिंदगी में उन्होंने कभी सब्जी नहीं बेची, सीएम विंडो के एमिनेंट परसन तक को फड़ दे डाला। लगभग 100 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान उठाया था और उन्हीं की पहल पर विधानसभा अध्यक्ष ने तीन विधायकों की कमेटी का गठन कर मामले की जांच के आदेश दिए थे। शर्मा ने कहा कि जिनके दहेज में आई थी मर्सिडीज उनको भी दे दी गई फड़ लेकिन बात सिर्फ पैसे की नहीं है 700 गरीब सब्जी विक्रेताओं के साथ मनोहरलाल सरकार ने भद्दा मजाक किया है। आमतौर पर भाजपा सरकार पारदर्शिता की बात करती है लेकिन इस पूरी आवंटन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को ऐसे समझा जा सकता है कि इस मामले की वीडियोग्राफी तक नहीं कराई गई। शर्मा ने कहा कि जब ये फड़ आवंटन किया गया तब तमाम नियमों को ताक पर रख दिया गया था। 6 जुलाई 2019 को किए गए इस आवंटन में कम से कम सौ करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है और विधायक शर्मा ने इस मामले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग भी की।

हालांकि सोमवार को विभाग की ओर से इस मामले में संलिप्त पाए गए सात अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच कमेटी की बैठक में हिस्सा लेने के बाद बाहर निकले विधायक नीरज शर्मा ने हालांकि कमेटी की कार्रवाई को गोपनीय बता कर उसकी जानकारी देने से इंकार कर दिया लेकिन शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रेहड़ी पटरी वालों को पुनर्स्थापित करने की योजना है यह घोटाला उस पर भी वज्रपात करता है।

शर्मा ने कहा कि जो लोग वास्तव में सब्जी बेचने का काम करते हैं उनको तो ये फड़ अलॉट नहीं किए गए बल्कि तत्कालीन मंत्रियों, विधायकों, नेताओं और अफसरों के चहेतों को इन फड़ की बंदरबांट कर दी गई। शर्मा ने कहा कि सिर्फ डबुआ सब्जी मंडी में ही नहीं बल्कि ओल्ड फरीदाबाद की सब्जी मंडी में भी ऐसा ही फड़ वितरण घोटाला हुआ है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने जिला फरीदाबाद में आगामी 28 से 30 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण आठवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए खेल परिसर, व्यायामशालाओं व अन्य उपयुक्त स्थानों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिस अधिकारी को जो भी दायित्व मिले उसे निश्चित रूप से निर्धारित समय पर पूरा करें। डीसी ने कहा कि प्रशिक्षण में जिला के खेल परिसर, सभी व्यायाम शाला एवं अन्य उपयुक्त स्थानों में पर शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्राइवेट स्कूलों के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई आई और डीपीआई को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा संबंधित जिला की योग समितियों के योग शिक्षक, विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण सायं 6 से 7:30 तक दिया जाएगा।

# कुरुक्षेत्र रैली प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देगी

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर मगंलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को सबोंधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा की जून माह में होने वाले पंचायत एवं निकाय चुनाव में पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ेगी और हर जगह अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी, इन चुनावों में राज्य स्तरीय एवं स्थानीय मुद्दे अहम रहेंगे, क्योंकि प्रदेश की मौजूदा भाजपा व जजपा सरकार के कार्यकाल में आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया गया है, जिसका वे इन चुनावों में उल्लेख कर सकें।

उन्होंने कहा की 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली काफी अहम होगी और यह प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। इस रैली को लेकर जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी जोश है, वही आम लोगों में भी इसके लिए भारी उत्साह है। फरीदाबाद से हलके से भारी संख्या में लोग खासकर महिलाएं इस रैली में शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस समय बेरोजगारी, महंगाई, बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य अहम मुद्दे हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सड़कें, गंदगी, टूटी हुई गलियां, स्ट्रीट लाइट आदि भी अहम मुद्दे रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर के साथ आमजन तक पहुंच कर लोगों को इस रैली में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं और लोगों का भी काफी समर्थन इसके लिए मिल रहा है, लोग प्रदेश में एक बदलाव की उम्मीद से अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। क्योंकि अब तक प्रदेश में जिस किसी भी पार्टी की सरकार रही है उसने विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ अपना और अपने लोगों का ही विकास किया है। और अब सत्ता प्राप्ति के लिए विभिन्न दलों में आपस में काफी खींचातानी चल रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम ने बदली भारत की तस्वीर : नागर



**फरीदाबाद।** भोपाल में आयोजित हुई राष्ट्रीय बोटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा ने टीम इवेंट में दो दो मेडल जीते जिनमें शामिल रहीं बेटियां शैली नागर और स्वीटी नागर का यहां विधायक राजेश नागर के तिगांव कार्यालय पर स्वागत किया। ढोल नगाड़ों के साथ बेटियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। राजेश नागर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम ने जोरदार रंग दिखाया है। आज बेटियां पढ़ भी रही हैं और बढ़ भी रही हैं। यहां कल्पना चावला की इस धरती पर हर वर्ग से बेटियां अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों के करिश्मे देख सुनकर बड़ा गर्व महसूस हो रहा है। गौरतलब है कि भोपाल में आयोजित हुए राष्ट्रीय स्तर की ड्रेगन बोटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की टीमों ने भी भागीदारी की थी। जिसकी 2.2 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में राज्य की टीम ने गोल्ड जीता है जिसमें शैली नागर बतौर खिलाड़ी शामिल हुईं। वहीं एक अन्य प्रतिस्पर्धा में भी टीम ने ब्रौंज जीता है जिसमें स्वीटी नागर शामिल रहीं। यह खिलाड़ी राई इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग ले रही हैं। मौके पर अमन नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता दयानंद नागर, सुरजीत अधाना, विक्रम सरपंच, मास्टर रतिचंद, बिजेंद्र नागर सहित तिगांव आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे जिन्होंने बेटियों की योग्यता को सराहा और आशीर्वाद प्रदान किया।

## जिला शिक्षा अधिकारी का हुआ ट्रांसफर



**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी का मंगलवार को ट्रांसफर हो गया। वे गुरूग्राम में स्टेट काउंसिलिंग ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग में डिप्टी डायरेक्टर के खाली पद पर गई हैं, लेकिन उनके ट्रांसफर के बाद उन प्राध्यापक व कर्मचारियों में खुशी का माहौल है, जो काम करने में लापरवाही बरतते थे। उनकी जगह पर फिलहाल किसी को लगाया नहीं गया है। रितु चौधरी करीब दो साल पहले गुड़गांव से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद के पद पर आई थी। प्रमोशन होने के बाद फिर वे फरीदाबाद में ही जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त हो गई। उन्होंने दोनों पदों पर रहते हुए शिक्षा विभाग में कार्य करने में निष्पक्षता लाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। यहां तक की वर्षों के रूके हुए अध्यापकों के कार्यों को शिविर लगाकर करवाया। उनकी यह कार्यशैली लापरवाह अध्यापक, प्राध्यापक व अन्य कर्मचरियों को रास नहीं आ रही थी। उनके निष्पक्षता व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य कई जनप्रतिनिधियों को भी हजम नहीं हो रहा था। इसके चलते उनके खिलाफ शिक्षा निदेशालय को झूठी शिकायत भेजे जानी लगी। शिकायत भेजने वाले जनप्रतिनिधियों के संपर्क में थे। लेकिन वहीं दूसरी ओर कुछ अध्यापकों का कहना है कि रितु चौधरी के जाने के बाद शिक्षा विभाग फिर से भ्रष्टाचार का अड्डा बन जाएगा।

## सरकार की जिम्मेदारी दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों को सुविधा देना


अग्रवाल धर्मशाला में शिविर का उद्घाटन कर दिव्यांग से जानकारी लेते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और अन्य।

**फरीदाबाद/बल्लभगढ़।** कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने बताया कि भारत एवं हरियाणा सरकार का एक ही उद्देश्य है। दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं हम मुहिया करा सकें। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार (एलिमको) जिला प्रशासन, रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद और राजस्थान एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में अग्रवाल धर्मशाला बल्लभगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री शर्मा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आज भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिमको) द्वारा वरिष्ठ नागरिक के लिए छड़ी, वॉकर, कान की मशीन, चश्मा, छोटी सहित अपने बहुत से उपकरण इस योजना के अंतर्गत लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कहा कि जिला उपायुक्त के मार्गदर्शन में ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजनों को लाभ मिल सके। इसलिए सभी दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए जांच माप शिविर लगाया है। अग्रवाल धर्मशाला के प्रधान भगवान दास ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा निरंतर समाज हित के कार्यों को सहयोग किया जाता रहता है। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के पदाधिकारी हरीश लाल, राजेश दास, डॉक्टर एमपी सिंह, आईएमआई हरियाणा की प्रधान सुनीता हसीजा, राजस्थान एसोसिएशन के कार्यक्रम के संयोजक विमल खंडेलवाल, रेडक्रॉस सोसाइटी के उप-अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी, आनंद गुप्ता, अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष जयकिशन गर्ग, कन्हैया लाल गोयल, महासचिव लोकेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, कन्हैया गर्ग, अशोक गुप्ता, कैलाश चंद गर्ग, विनोद मित्तल, चिरंजी लाल गोयल, राजीव गोयल, विजय जैन, पवन गर्ग, अग्रवाल समाज के प्रधान भगवान दास गोयल व गणमान्य व्यक्ति और बुजुर्ग तथा दिव्यांगजन उपस्थित थे।

## समाप्त हुई कर्मचारियों की पेन और टूल डाउन हड़ताल



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कर्मचारियों की सोमवार से शुरू हुई पेन डाउन, टूल डाउन हड़ताल पालिका एवं परिषदों के चुनाव की धोषणा के उपरांत लगी आचार संहिता के बाद मंगलवार को समाप्त हो गई। यह घोषणा मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि अगर दो दिन की सफल हड़ताल के बाद भी विभाग ने पालिका, परिषदों, नगर निगमों एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को जबरन कौशल रोजगार निगम में पंजीकृत करने का प्रयास किया या हड़ताल में शामिल किसी भी कर्मचारी को ड्यूटी पर लेने से इनकार किया या प्रताड़ित करने का प्रयास किया तो कर्मचारी इसका डटकर विरोध करेंगे। उन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किए गए पार्ट वन के कर्मचारियों को वापस विभाग के रोल पर करने की जोरदार मांग की। उन्होंने इस चेतावनी के साथ हड़ताल को 22 जून तक स्थगित करने का एलान किया। उन्होंने ऐलान किया है 27 मई को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने कच्चे आकर्मचारियों को पक्का करने पुरानी पेंशन बहाल करने रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने महंगाई पर रोक लगाने व अन्य मांगों को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शनों में बढ़ चढ़कर शामिल हुए। प्रदर्शन को अन्य के अलावा कर्मी नेता राम रतन, कृष्ण चिंडालिया, प्रेमपाल, शक्ति सिंह, श्रीपाल मोरिया, सुदेश, दर्शन सिंह सोया, महिला नेता सत्तो, सुरेश, कमलेश, ललिता, माया, राजबाला, शकुंतला आदि ने संबोधित किया।

# आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री कठिन चुनौतियां

**लगता** है कि आस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री ने क्वाड में अपनी भूमिका तथा चीन के संबंध में दृष्टिकोण तय कर लिया है। चीन को लगता है कि प्रधानमंत्री के रूप में स्काट मोरीसन के बाद पद पर आने वाले आस्ट्रेलिया लेबर पार्टी नेता एंथनी एल्बानीज़ उसके प्रति कम शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाएंगे। इस सोच का क्वाड पर क्या असर पड़ेगा? अमेरिका की पहल पर गठित सुरक्षा संवाद का संबंध हिंद-प्रशांत में चीनी शक्ति प्रदर्शन का मुकाबला करना है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस चतुष्कोणीय गठबंधन में समान साझीदार एल्बानीज़ के नेतृत्व वाला आस्ट्रेलिया चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को किस दृष्टिकोण से देखता है। क्वाड का पहला चरण बहुत उथलपुथल वाला रहा जब लिबरल नेता जान हावर्ड के नेतृत्व में आस्ट्रेलिया इस संवाद से बाहर चला गया था और उनके बाद आने वाले लेबर के केविन रड भी इसमें शामिल नहीं हुए थे। इस रणनीतिक पहल को 2017 में नया जीवन मिला और अब चारों सदस्य पहले के किसी समय की तुलना में क्वाड को सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसी कारण क्वाड स्वयं को आश्वस्त करना चाहेगा कि हाल ही में समाप्त आस्ट्रेलियाई चुनाव अभियान की कड़वाहट, खासकर लिबरल-लेबर टकराव का उस पर कोई असर न पड़े जो दूसरे की तुलना में स्वयं को चीन के निकट प्रदर्शित करने पर तुले थे। उम्मीद करनी चाहिए कि एल्बानीज़ के सत्ता में आने के बाद इसकी प्रतिध्वनि नहीं सुनाई देगी।



क्वाड व आस्ट्रेलिया की जनता जानना चाहेगी कि क्या एल्बानीज़ मोरीसन की नीतियों की समीक्षा करेंगे या उनको जारी रखेंगे। चीन-आस्ट्रेलिया संबंध मोरीसन के कार्यकाल में सबसे खराब स्थिति में थे। हालिया चुनाव अभियान में लेबर पर चीन नीति की समीक्षा का भारी दबाव था। मोरीसन के नेतृत्व में लिबरल ने एल्बानीज़ पर चीन के प्रति नरम होने का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि 'चीन सरकार ने उनका घोड़ा पकड़ लिया है और वे खामोश बैठे हैं।' पुन: प्रचारित एक वीडियो में दिखाया गया था कि 2018 में आस्ट्रेलिया-चीन व्यापार असोसियेशन के रात्रिभोज में एल्बानीज़ मैंडारिन बोलने का प्रयास कर रहे थे।

लेकिन एल्बानीज़ ने स्पष्ट किया है कि ताइवान व दक्षिण चीन सागर जैसे विवादास्पद मुद्दों पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने कहा था कि चीन के साथ आस्ट्रेलिया के संबंध 'चुनौतीपूर्ण होंगे' तथा अमेरिका के साथ दोस्ती आस्ट्रेलियाई विदेश नीति का 'पहला स्तंभ' बनी रहेगी। चुनाव के पहले लेबर पार्टी ने चीन के प्रति कठोर दृष्टिकोण प्रदर्शित किया था। नई विदेश मंत्री लेबर की पेनी वोंग ने अपने अभियान में कहा था कि वे चीन के साथ आस्ट्रेलिया के वर्तमान तनावों में 'पीछे कदम नहीं उठाएंगी।' हालांकि, वोंग ने एक साल पहले कहा था कि द्विपक्षीय टकराव का यह अर्थ नहीं कि 'हमारी कार्रवाइयों में सुधार का कोई स्थान नहीं बचा है।' वोंग ने फ्रांसीसी पनडुब्बियों की तुलना में आकुस से जुड़ी नाभिकीय पनडुब्बियां पसंद करने के लिए मोरीसन की आलोचना भी की थी। उस समय लेबर चाहते थे कि सैनिक व सुरक्षा मामलों में आस्ट्रेलिया का दृष्टिकोण अमेरिका से अलग हो। ऐसे में यह सोचना उचित नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय राजनय में नए एल्बानीज़ अमेरिका-प्रथम नीति अपनाएंगे और साथ-साथ चीन से संबंधों को तार्किक रूप देंगे। अपनी ओर से चीन सारे प्रयास कर रहा है कि स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हित में हैं। बीजिंग क्वाड में दरार पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में देखना होगा कि वास्तव में एल्बानीज़ क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं।

# बिजली क्षेत्र के समक्ष चुनौतियां

डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



मोदी सरकार वर्तमान समय में गंभीर बिजली संकट का सामना करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। इसके अनेक अन्य कारणों के साथ वर्तमान मौसम में मांग बढ़ना भी शामिल है। सरकार इस क्षेत्र की बाधायें दूर करने का प्रयास कर रही है जिनमें कोयले की सप्लाई भी शामिल है जो देश में कुल बिजली उत्पादन में 52 प्रतिशत का जिम्मेदार है। अप्रैल-मई, 2022 में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने सरकार को बिजली अधिनियम 2003 की धारा 11 के अंतर्गत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उसने सभी आयातित कोयला-आधारित प्लांटों-आईसीबी को पूरी क्षमता से काम करने और बिजली पैदा करने तथा घरेलू कोयला प्रयोग करने वाली सभी उत्पादन कंपनियों-जेनकोज़ को अपनी ईंधन आवश्यकताओं का कम से कम 10 प्रतिशत कोयला आयात करने का निर्देश दिया। इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। अन्य उपायों में सभी जेनकोज़ से कहा गया है कि वे अपनी कैप्टिव कोयला खानों की व्यवस्था करें ताकि उन खानों से अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित हो सके। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-सीपीएसयू कोल इंडिया लिमिटेड-सीआईएल का योगदान घरेलू कोयला उत्पादन में 85 प्रतिशत है।

उसे अपनी 'प्रयोग न होने वाली' खानें निजी कंपनियों को नीलाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही रेलवे का ढांचा मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वह खानों से अधिकाधिक कोयला ताप बिजलीघरों तक पहुंचाने में अपना योगदान करे। सरकार ने जेनकोज़ को वित्तीय व मूल्य सहायता उपायों की घोषणा भी की है ताकि वे जमीनी स्थितियों का यथार्थ समझ सकें। उसने ऊर्जा वित्त निगम-पीएफसी तथा ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी को निर्देश दिए हैं कि वे 'उपयुक्त सुरक्षा उपायों के साथ भारी दबावों का सामना कर रहे आईसीबी प्लांटों के लिए 6 महीने का अल्पकालीन कर्ज की व्यवस्था करें।' उसने बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम के साथ जेनकोज़ के बिजली खरीद समझौतों-पीपीए का दायरा बढ़ा कर उसमें आयातित कोयले की कीमत जोड़ने का अनुरोध किया है।

सरकार का इरादा घरेलू व विदेशी स्रोतों से कोयले की उपलब्धता बढ़ाना तथा जेनकोज़ के हाथ में ज्यादा पैसा देना है ताकि वे आयातित ईंधन की अधिक कीमत अदा कर सकें। कठिन भू-राजनीतिक स्थिति के कारण केवल दो महीने में इसकी कीमतों में 100 डालर प्रति टन वृद्धि हुई है। उसने उच्च कीमत की भरपाई के लिए डिस्काम से ज्यादा पैसे लेने की अनुमति भी दी है। लेकिन चीजों का इच्छानुसार चलना जरूरी नहीं है। अधिकांशत: राज्य सरकारों के स्वामित्व व नियंत्रण वाली डिस्काम दरें बढ़ाने पर तैयार नहीं हो सकती हैं, इसके साथ ही दरों में संशोधन को अदालतों में चुनौती भी दी जा सकती है। ऐसे में वर्तमान नियमों के अंतर्गत 'ऊर्जा एक्सचेंज' दाम बढ़ाने को तैयार नहीं होंगी तथा दरों की एक सीमा है। अतिरिक्त उत्पादन के प्रयासों के नजीजे तत्काल आने की संभावना नहीं है। यदि सरकार डिस्काम पर अधिक कीमतें अदा करने का दबाव डाले और वे एक्सचेंज को बिक्री में सीमा हटाने पर तैयार हो जाएं तो भी इससे पहले से ही संकट का सामना कर रही डिस्काम और गंभीर संकट में फंस जाएंगी। डिस्काम के संकट का कारण यह है कि वे राज्य सरकारों द्वारा बिजली का बड़ा हिस्सा घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को कम कीमत पर देने को मजबूर हैं। यह खरीद कीमत का एक छोटा सा हिस्सा या मुफ्त होता है। कुछ राज्यों में डिस्काम के राजस्व में सब्सिडी का हिस्सा 30-40 प्रतिशत है। हालांकि, राज्य डिस्काम को बिक्री में होने वाला घाटा पूरा करने का आश्वासन देती हैं, पर अधिकांश मामलों में वे इसका आंशिक भुगतान करती हैं या बिल्कुल नहीं देती हैं। आंशिक भुगतान भी बहुत विलम्ब से होता है। इसके कारण घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को दी गई बिजली की कीमत अदा नहीं होती है। उच्च एग्रीगेट व कामर्शियल-एटीएंडसी नुकसान के कारण डिस्काम का घाटा और बढ़ जाता है जो बिजली चोरी का पर्याय है। इसकी पूर्ति के लिए वे उद्योगों और बिजनेसों से अधिक दरों पर वसूली करती हैं। लेकिन इस क्रास-सब्सिडाइजेशन के बावजूद डिस्काम को भारी घाटा उठाना पड़ता है। लगातार नुकसान के कारण 31 मार्च, 2022 तक वे 600,000 करोड़ से अधिक के भारी कर्ज में डूब गई थीं। उन पर स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी का 100,000 करोड़ से अधिक बाकी है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के साथ अन्य उत्पादक भी शामिल हैं। दो दशकों से डिस्काम की स्थिति सुधारने के प्रयास जारी हैं जिसके लिए 2002, 2012, 2015 व 2021 में चार बड़ी योजनायें बनाई गईं, लेकिन इनके कोई नतीजे नहीं निकले। मोदी सरकार के अंतर्गत लाई गई अंतिम दो योजनायें उल्लेखनीय हैं। नवंबर, 2015 में लाई उज्ज्वल डिस्काम बीमा योजना-उदय में केन्द्र ने एटीसी नुकसान घटाने के लिए डिस्काम को 400,000 करोड़ का वित्तीय पुनर्गठन पैकेज-एफआरपी दिया। इसके अंतर्गत नुकसान को 20.7 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 15 प्रतिशत पर लाना था। बिजली बिक्री से प्राप्त औसत राजस्व प्राप्ति-एआरआर व सप्लाई की औसत लागत-एसीएस के बीच अंतर भी 2015-16 में 0.59 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 'शून्य' पर लाना था। लेकिन ये लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। 2021-22 के केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'रिफार्म-लिंक्ड, रेजल्ट-बेस्ड डिस्ट्रीब्यूशन'-आरएलआरबीएसडी योजना शुरू की जिसके लिए 310,000 करोड़ की घोषणा की गई। इस योजना के अंतर्गत डिस्काम को समर्थन देने के लिए सरकार ने एटीएंडसी नुकसान को 12-15 प्रतिशत लाने तथा एसीएस-एआरआर अंतर को 2025 तक 'शून्य' करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के अंतर्गत पैसा जारी करने को सुधार लक्ष्य के विभिन्न चरण पूरा करने से जोड़ा गया है।

लेकिन अतीत की तरह ये खोखली घोषणायें हैं। उदय के अंतर्गत डिस्काम से अपनी व्यवस्था ठीक करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वर्तमान एटीएंडसी नुकसान कम होने के बजाय योजना शुरू करने के समय से अधिक होकर 25 प्रतिशत हो गए हैं। इसलिए आरएलआरबीएसडी के अंतर्गत किए जाने वाले दावों का भी कोई खास महत्व नहीं है। देखना होगा कि सरकार कोयला संकट से निपटने के जो प्रयास कर रही है उनका डिस्काम पर क्या प्रभाव पड़ेगा? आईसीबी प्लांटों को दिए निर्देशों के परिणामस्वरूप डिस्काम द्वारा खरीदी जाने वाली बिजली की कीमतों में भारी वृद्धि होगी। चूंकि हमारे राजनेता घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों से एक पैसा भी अधिक नहीं लेना चाहते हैं और उद्योग पहले से ही भारी दरों का शिकार हैं इसलिए उसमें वृद्धि संभव नहीं है। इस कारण घाटा और बढ़ेगा। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019-20 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य 1500 मिलियन टन रखा था, लेकिन भारत का उस समय उत्पादन लगभग 730 मिलियन टन था। 2020-21 में कोविड के कारण उत्पादन घट कर 716 मीट्रिक टन रह गया। हालांकि, यह 2021-22 में बढ़ कर 777 मिलियन टन हो गया जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक था, पर यह लक्ष्य का केवल 50 प्रतिशत था।

यदि उत्पादन लक्ष्य के निकट होता तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था। इससे निपटने के लिए बेहतर नियोजन तथा परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन जरूरी है। मोदी को नवीकरणीय स्रोतों की ओर तेजी से हस्तांतरण भी सुनिश्चित करना होगा तथा इसमें आने वाली बाधायें दूर करनी होंगी। लेकिन हमारे राजनेता वर्ग के लिए सबसे जरूरी है कि वह ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों को जमीनी स्तर तक ले जाएं। इसके लिए डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं समेत सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए। इसके साथ ही बिजली वितरण क्षेत्र से निहित स्वार्थी तत्वों को हटाने के लिए एक स्वतंत्र अधिकरण की स्थापना होनी चाहिए जो 'कामन कॅरियर' सिद्धान्त पर पारदर्शी व बिना भेदभाव के काम कर सके। यदि कोई राज्य सरकार किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी देना चाहती है तो उसे यह काम लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से करना चाहिए।

# जीवाश्म ईंधन के हानिकारक प्रभाव

**प्रीतम सिंह**
(लेखक शिक्षक व विश्लेषक हैं)



अधिकांश लोगों को शायद अनुमान भी नहीं होगा कि एक मोमबत्ती एक पटाखे की तुलना में ज्यादा कार्बन डाईआक्साइड-सीओ2 पैदा करती है। पिछले 4-5 दशकों में 95 प्रतिशत से अधिक मानवी गतिविधियां, हमारी जीवन-प्रणाली को ग्रहण लगाते हुए, धरती के साल-दर-साल गर्म होते जाने के लिए जिम्मेदार हैं। स्टीफन हॉकिंग ने स्पष्ट रूप से भविष्यवाणी (एक अप्रत्यक्ष चेतावनी) की थी कि हमारा ग्रह धीरे-धीरे अपना तापमान बढ़ाएगा और अगली छह शताब्दियों में "गर्म आग का गोला' बन जाएगा; और इसे बचाने के लिए - इससे पहले कि बहुत देर हो जाए- हमें अभी कार्य करने की आवश्यकता है।

अपने वाहनों व उद्योग के लिए जीवाश्म ईंधन से अधिक शक्ति प्राप्त करने की इंसानी लालसा वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की चिंताओं का एक गंभीर कारण है और मोम जिसका कि हम अपने दैनिक जीवन में बहुत बार उपयोग करते हैं, इस सच्चाई की स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करता है। हम हर साल सांस्कृतिक और धार्मिक अवसरों पर तीन अरब से अधिक मोमबत्तियां जलाते हैं। ये मानव स्वास्थ्य के लिए नए खतरों को आमंत्रित करते हुए 'ग्रीनहाउस गैसों' के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि करते हैं। अधिकांश मोमबत्तियां 'पैराफिन मोम' से बनाई जाती हैं, जोकि पेट्रोलियम से उत्पन्न उत्पाद है, जिसे आईसी इंजन में डीजल जलाने से आम कार्सिनोजेनिक विषाक्त पदार्थ निकलते हैं। उदाहरण के लिए, प्रत्येक 50 ग्राम घरेलू मोमबत्ती लगभग चार घंटे तक जलती है। यह लगभग 39 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड पैदा करती है। इस प्रकार एक अकेली मोमबत्ती एक पटाखे की तुलना में लगभग 30 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करती है जबकि एक पटाखा मात्र 0.4 ग्राम उत्पन्न करता है।



पृथ्वी के धीरे-धीरे जलने की सामूहिक लपटें अंटार्कटिका के सबसे ठंडे क्षेत्र में पहुंच रही हैं, जो अंटार्कटिका के उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों से लेकर पारिस्थितिक रूप से कमजोर व नाजुक-बिंदुओं, जिन्हें कि धरती के तीसरे केन्द्र के रूप में जाना जाता है, यानी हिमालय पर्वतमाला तक, मानवता के विनाश के द्वार खोल रही है। यह हिमालय पर्वतमाला के कीमती 'बर्फीले क्षेत्रों' को पिघला रही है। ये बर्फीले क्षेत्र ठोस जल (बर्फ) हैं जो हमारी 'पृथ्वी पर जीवन रेखा' की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं - हमारे रहने की स्थिति के अनुकूल पृथ्वी के तापमान को ठंडा करते हैं। क्या पृथ्वी पर बढ़ते तापमान के लिए सूर्य जिम्मेदार है? नहीं। पृथ्वी की जलवायु सूर्य से प्रभावित होती है और जीवन दाता के रूप में कार्य करती है। नए रिकार्ड को छूती हुई चिलचिलाती धूप सूर्य की गतिविधियों के कारण नहीं है। सबसे प्रचुर मात्रा में 'ग्रीनहाउस गैसें' भौतिक या रासायनिक रूप से जिम्मेदार हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के पर्यावरण वैज्ञानिकों ने कहा है कि जब तक इंसान जीवाश्म ईंधन को जलाना बंद नहीं कर देते, तब तक यह और अधिक गर्म और उग्र होती रहेगी।

उपग्रहों के एक विश्लेषणात्मक डेटा ने पाया है कि पिछले 40 वर्षों में सूर्य के ऊर्जा उत्पादन में 0.1प्रतिशत से भी कम परिवर्तन हुआ है जबकि पृथ्वी के ताप में 142 वर्षों में कम से कम 1.1 डिग्री सेल्सियस (1.9 डिग्री फ़ारेनहाइट) की वृद्धि हुई है। 1975 के बाद से प्रति दशक लगभग 0.15 से 0.20 डिग्री सेल्सियस की दर से उष्णता में वृद्धि हुई है। शुक्र जैसे ग्रहों में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पृथ्वी की तुलना में 1,54,000 गुना अधिक है (मंगल पर लगभग 19000 गुना)। यह ऐसे ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव पैदा करता है कि सतह का तापमान 475 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, जो सीसा को पिघलाने के लिए पर्याप्त है।

स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी किसी भी कीमत पर इस परिघटना पर लगाम लगाने के लिए गंभीर उपाय करती है। उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय के कुछ अध्ययनों का अनुमान है कि अगर जीएचजी को नियंत्रित किया जाए तो वर्ष 2030 तक पांच लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। जलवायु खतरों की गुमनाम छाया के प्रभाव को कम करने के लिए, सभी देशों को सर्वसम्मति से अपनी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना चाहिए और केवल अपनी 'न्यूनतम जरूरतों' को पूरा करने के लिए 'जीवाश्म ईंधन और इसके उत्पादों का उपयोग' के पूरे मसले पर पुन: विचार करना चाहिए।

तदनुसार, प्रदूषण से संबंधित मसलों के संबंध में भारत के अधिक संवेदनशील होने के कारण, यह उचित समय है कि नियामक प्राधिकरणों ने अधिक कड़े दिशा-निर्देश तैयार किए और हमारी भावी पीढ़ियों की बेहतरी के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर जन-जागरुकता अभियान शुरू किए।

## आप की बात

### मंकी पोक्स का खतरा

**कोरोना** का कहर थमा भी नहीं कि एक् और खतरे की आहट देश को धीमे-धीमे सुनाई देने लगी है। जिसका नाम मंकी पोक्स बताया जा रहा है। गौरतलब है कि कोरोना की भी आहट इसी मंद स्वरुप में देश नें सुनी गई थी, पर देश की भोली जनता को उसके भयानक रूप का कतई अंदाजा नहीं था। जब कोरोना नें अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू किया तब जाकर लोगों को स्थिति की गंभीरता का पता चला। नई बीमारी की ऐसी ही मंद आहट फिर सुनाई दे रही है और अभी लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कहीं लापरवाही फिर से किसी नए खतरे को जन्म न दे देए इसके लिए मंकी पोक्स के बारे में देश को जागरूक कर देने की आवश्यकता है। ताकि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी जैसी भयावह पुनरावृति न हो। नई बीमारियों के बारे में यही कहा जा सकता है कि सावधानी ही बचाव कर सकती है। वैसे उपलब्ध जानकारियों के अनुसार यह बीमारी 14 देशों में फैल गई है और भारत सरकार ने विदेश से आने वाले लोगों की हवाईअड्डों पर जांच की व्यवस्था करने की दिशा में कदम उठाए हैं। खासकर मुंबई के हवाईअड्डों पर इसकी जांच कठोरता से की जा रही है।

- **मनोज**, मेरठ

### महंगाई से थोड़ी राहत

**लगातार** रिकॉर्ड महंगाई का सामना कर रही जनता को सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क घटाकर राहत देने की कोशिश की है। इससे आम चीजों के भाव में भी कटौती का अनुमान है। इससे आम आदमी की क्रय शक्ति कुछ बढ़ेगी। अब राज्य सरकारों का दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से की राहत भी दें ताकि लोग महंगाई के बोझ से थोड़े और हल्के हों। लगातार बढ़ती महंगाई ने छोटे से बड़े सभी वर्ग के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। नमक से लेकर चाय, दूध, घी, तेल जैसी घर के लिए उपयोगी वस्तुओं के अलावा सामान्य उपयोग की चीजों की कीमतों में भी बेइंतेहा बढ़ोतरी हुई है इससे आम आदमी की क्रय शक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। महंगाई की एक वजह चीजों की ढुलाई रही है जो पेट्रोलियम पदार्थों के ऊंचे दामों के कारण सर्वाधिक ऊंचाई पर है। जनता के आक्रोश के चलते सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती की है जिससे लोगों को फौरी राहत तो मिलेगी ही आम आवश्यकता की चीजों के दाम भी कम होने से रसोई का बजट भी सुधरेगा। अब राज्य सरकारों को भी लोगों की परेशानी समझ कर अपनी हिस्सेदारी में से राहत देना चाहिए।

- **अमृतलाल मारू**, दसई धार


### पर्यावरण संरक्षण

**इंटरनेशनल** यूनियन फार कंजर्वेशन आफनेचर की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले वक्त में इनके विलुप्त होने की संख्या और दर अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया है। इंसानों ने न सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए बल्कि मनोरंजन के लिए हजारों जीव जातियों का अस्तित्व खत्म कर दिया है। हरे-भरे वन सीमेंट कंक्रीट के जंगलों में बदल दिए हैं। यदि देश में प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुरूप ही 2-2 पेड़ लगा दे तो आगामी 15 वर्षों में देश का कोना कोना हरियाली से लहलहा उठेगा। और अब तो टेरेस गार्डन जैसे आधुनिक विकल्प भी उपलब्ध है। जिससे व्यक्ति को अपने ही गार्डन में उगाए फल और सब्जियों के साथ ही ताजा हवा बिना कुछ खर्च किए मिलती रहेगी। पर्यावरण संरक्षण में यही हमारा महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"जनता मेरे लिए पहले स्थान पर है। तेल मूल्य घटाने के निर्णय का विभिन्न तबकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



भारतीय विदेश सेवा पूरी तरह बदल गई है। वे कुछ भी नहीं सुनते हैं। वे घमंडी हैं।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



हां, भारतीय सेवा बदल गई है। हां, वह सरकार के आदेशों का पालन करती है। नहीं, इसे घमंडी नहीं कहते हैं।

- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री"

# विधान सभा में गूंजा नमामि गंगे का घोटाला

## ब्लैक लिस्टेड कंपनी को पाइप सप्लाई का ठेका देने के सपा के आरोप को सरकार ने किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधान** सभा में प्रश्नकाल के दौरान नमामि गंगे ग्रामीण विकास विभाग में घोटाले का मामला उठा। जिस पर सरकार ने कहा कि वित्त वर्ष 2016-17 से 31 मार्च, 2022 तक जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्यों के लिए 17,411.90 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। सरकार ने दावा किया कि यह कार्य किसी ब्लैक लिस्टेड कंपनी को नहीं दिया गया है जबकि सपा सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि 9 राज्यों में और सेना द्वारा ब्लैक लिस्टेड कंपनी को यह काम दिया गया है और कंपनी का नाम वह विधान सभा में खोलेंगे।

विधानसभा में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सदस्य रविदास मेहरोत्रा के प्रश्न के जवाब में सरकार की तरफ से उत्तर देते हुए मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि इस सवाल के जवाब में जल शक्ति मंत्री के लिखित वक्तव्य में कहा कि वित्त वर्ष 2016-17 से 31 मार्च 2022 तक जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्यों के लिए 17,411.90 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई। सरकार ने इस कार्य में किसी भी ब्लैक लिस्टेड कंपनी के होने से इनकार किया है। सरकार ने कहा है कि इसमें किसी भी तरह की कार्यवाई का सवाल नहीं उठता है। रविदास मेहरोत्रा ने यह पूछा था कि क्या जल जीवन मिशन का कार्य किसी ब्लैक लिस्टेड कंपनी को दिया गया है। उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 से वर्ष 30 मार्च 2022 तक जल मिशन योजना के अंतर्गत कार्यों के लिए कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है और क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त कार्य में कतिपय कंपनी ब्लैक लिस्टेड हैं? सदन में रविदास मेहरोत्रा ने आरोप लगाया कि नौ प्रांतों में काली सूची में दर्ज और सेना द्वारा ब्लैक लिस्टेड एक कंपनी को जल मिशन योजना के तहत 17 हजार 411 करोड़ रुपए का कार्य दिया गया। उन्होंने कहा कि यह गंभीर विषय है।

## अपराध रोकने के सरकारी दावे झूठेः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कार्य** स्थगन के प्रस्ताव के पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि जीरों टालरेंस की बात करने वाली सरकार में जितनी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं वह सरकार के दावे को खोखला साबित करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि सदन में राज्यपाल के अभिभाषण करने से एक दिन पूर्व ही 19 साल की एक लड़की के साथ दुष्कर्म जैसी घटना हुई महिला अपराधों में इस समय यूपी नंबर वन है गंभीर घटनाओं में भी सरकार संवेदनशील नही है। कानून-व्यवस्था की दुहाई देने वाली सरकार में दो दिन पूर्व रामपुर के एक थाने में बीजेपी कार्यकर्ता की पिटाई कर दी गई। अपने भाषण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस वक्तव्य का भी उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि कार्यकर्ता दलाली बंद कर दें अधिकारियों को मैं सुधार दूंगा, नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस स्वीकारोक्ति से स्पष्ट है कि पिछले पांच साल से यूपी में दलाली चल रही थी नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पुलिस प्रशासन को खुली छूट दे दी गई है जो दबिश के नाम पर दबंगई दिखा रही है।

### उच्च सदन में सपा के आक्रामक तेवर

# बढ़ते अपराधों व महंगाई पर सरकार को घेरा

● सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सपा का सदन से वाकआउट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** की प्रमुख विपक्षी पार्टी सपा मंगलवार को विधान परिषद में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ काफी आक्रामक दिखी। सपा सदस्यों ने राज्य में बढ़ते अपराध और महंगाई के मुद्दे को पूरी जोर-शोर से उठाया। नेता विरोधी दल संजय लाठर ने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है राज्य में अपराध तेजी से बढ़े हैं और शासन व पुलिस प्रशासन का इकाबल पूरी तरह से खत्म हो चुका है। प्रदेश की जनता पुलिस के भय और आतंक के माहौल में जीने को विवश है। उदाहरण के तौर पर सपा सदस्यों ने चंदौली में पुलिस दबिश के दौरान की मारपीट में एक युवती के मामले सहित अन्य कई घटनाओं का उल्लेख किया। नेता सदन स्वतंत्र देव सिंह की ओर से पेश की गई सफाई से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने विरोध में नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट किया।

शून्य प्रहार में नियम 105 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव के रूप में सपा के डॉ. राज्यपाल कश्यप ने कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराधों के संबंध में अपनी सूचना दी और सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराए जाने की मांग की। कश्यप ने कहा कि प्रदेश में इस समय अपराध का डंगा बज रहा है। प्रदेश में जंगलराज कायम है। पुलिस द्वारा महिलाओं पर उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उदाहरण के लिए चंदौली जिले में पहली मई 2022 को शाम पांच बजे सैयद राजा सैय्यद राजा थाना क्षेत्र के मनराजपुर गांव में थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ जिला बदर आरोपी के घर पहुंची। दबिश के दौरान जब उसे कोई नहीं मिला तो पुलिस द्वारा वहां घर पर मौजूद दो लड़कियां जिनकी उम्र 17 साल और 21 साल थी उनके साथ घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज किया। मारपीट के दौरान गंभीर चोटें लगने से एक युवती की मौत हो गई। जिसके बाद थानाध्यक्ष पुलिस के साथ फरार हो गया।

इस मामले में पुलिस ने लीपापोती करके घटना को दबाने का प्रयास किया। हत्यारोपित पुलिस वालों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर ने प्रश्नगत विषय पर बोलते हुए बीते कुछ दिनों के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हुई आपराधिक घटनाओं को सिलसिलेवार जिक्र करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से पूरे प्रदेश में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

# परिषदीय विद्यालयों की पोशाक का जिम्मा प्रबंध समितियों को नहीं देगी सरकार

**प्रश्नकाल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** में मंगलवार को सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पोशाक वितरित करने की जिम्मेदारी प्रबंध समितियों को सौंपे जाने से इनकार किया है।

विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र यादव ने बेसिक शिक्षा मंत्री से यह पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को पाोशाक, बैग, जूतामोजा तथा स्वेटर क्रय के लिए उनके अभिभावकों को डीबीटी के माध्यम से प्रेषित धनराशि का लाभ छात्र प्राप्त नहीं कर पा रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार पहले की भांति विद्यालयों में प्रबन्ध समितियों के माध्यम से इसके वितरित कराने पर विचार करेगी। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार यदि विचार नहीं करेगी तो क्यों। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने जवाब में कहा कि सरकार अभिभावकों के सीधे खाते में प्रति छात्र 1100 रुपए की दर से पोशाक और जूतेमोजे, बैग आदि के लिए धनराशि देती है। सपा के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने पूरक प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या 1100 रुपए में एक बच्चे को दो सेट पोशाक, जूता- मोजा, स्वेटर और बैग मिल जाएगा। मंत्री ने जवाब दिया कि इतने रुपए में बच्चों को दुकानों पर ड्रेस मिल जाएगा। वीरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार के जवाब से स्पष्ट है कि उसका ध्यान गुणवत्ता पर नहीं है। उन्होंने मंत्री से सवाल किया कि वह उस दुकान का नाम बता दें जो 1100 रुपए में बच्चों को ड्रेस, जूतामोजा, स्वेटर उपलब्ध करा रही है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पहले की व्यवस्था में जब बच्चों को पोशाक दिए जाते थे तो नाप की समस्या रहती थी लेकिन इससे बच्चे अपनी नाप और पसंद से पोशाक खरीद लेते हैं।

नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने भी जोर देकर कहा कि मंत्री जी उस दुकान का नाम बता दें जहां 1100 रुपए में दो सेट पोशाक, बैग, जूते, स्वेटर सब मिल जाएंगे। खन्ना ने कहा कि हर जिले में मिल जाएगा लेकिन कोई एक हजार रुपए मीटर कपड़े चाहेगा तो नहीं मिलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार है तो बच्चों को एक हजार रुपए मीटर के ड्रेस देने चाहिए। सपा के सदस्य महबूब अली ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी से प्रश्न किया कि क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगी कि प्रदेश में प्राइवेट स्कूलों द्वारा कोर्स की किताबें तयशुदा बुक स्टोर से खरीदे जाने के लिए छात्रों को बाध्य करने की शिकायत सरकार को प्राप्त हुई हैं?

## कम अवधि के बजट सत्र पर सपा को आपत्ति

**लखनऊ।** विधान सभा में आज बजट सत्र की समयअवधि कम किए जाने का मामला सपा सदस्य मनोज पांडे व लालजी वर्मा ने उठाते हुए कहा कि बजट सत्र के दिन कम करके लोगों को अपनी बात रखने से वंचित कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र कम से कम 30 दिवस चलाया जाना चाहिए। पूर्व में भी 1994 में 33 दिन, 1999 में 27 दिन, 2005 में 22 दिन, 2010 में 15 दिन, 2013 में 22 दिन, 2015 दिन में 28 दिन, और 2018 में 16 दिन सत्र चलाया गया। किन्तु 18 वीं विधान सभा में प्रथम सत्र में नियामें का उल्लंघन किया जा रहा है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि बजट सत्र की अवधि कम किए जाने का मुद्दा उठाने वाले दलों को याद रखना चाहिए कि उन्होंने अपनी सरकारों में कितने दिन बजट सत्र चलाया था। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अभी तक कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के अनुसार आगामी 28 जून तक सदन की कार्यवाही चलने का कार्यक्रम निर्धारित है लिहाजा विपक्ष के सदस्यों का अभी से बजट सत्र कम किए जाने की शंका निर्मूल है।

# वित्तविहीन शिक्षकों के मुद्दे पर वाकआउट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शिक्षक** दल ने प्रदेश के लगभग 22 हजार वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सेवा शर्तों से आच्छादित कर समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था न होने तक 25 हजार रुपए प्रतिमाह मासिक वेतन दिए जाने की मांग उठाई। इस मामले में नेता सदन स्वतंत्र देव सिंह द्वारा दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर शिक्षक दल के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। इसके अलावा निर्दल समूह के सदस्यों ने प्रदेश के तदर्थ शिक्षकों को विनियमित न किए जाने का मामला भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अपर मुख्य सचिव द्वारा मौखिक आदेश से इन तदर्थ शिक्षकों का मई माह का वेतन रोके जाने का आदेश किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिये समान वेतन दिए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किए। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण शिक्षक दल के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल एवं डॉ.आकाश अग्रवाल ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत तदर्थ शिक्षकों को विनियमित किए जाने के संबंध में सूचना दी। इसी विषय से संबन्धित नियम-111 की सूचना को उक्त सूचना के साथ सम्बद्ध किया गया।

# जिलाधिकारी के खिलाफ उठा विशेषाधिकार हनन का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने महाराजगंज डीएम द्वारा फोन पर अभद्रता किए जाने का मामला विशेषाधिकार हनन के रूप में उठाते हुए उन्हें सदन में बुलाकर जवाब तलब करने की मांग की। सपा सहित अन्य दलों के सदस्यों ने भी उनकी मांग का समर्थन किया। सभापति ने विशेषाधिकार हनन की सूचना को अस्वीकार करते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के सरकार को आदेश दिए। देवेंद्र प्रताप सिंह ने नियम 223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए सदन का जानकारी दी कि मैने 12 मई 2022 को अपने मोबाइल फोन से महाराजगंज के जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के सीयूजी नंबर पर फोन किया। उन्हें अपना परिचय देते हुए यह जानकारी दी कि सभी क्षेत्र पंचायतों के प्रस्तावों पर एक समान नीति अपनानी चाहिए एवं भेद-भाव नहीं किया जाना चाहिए। इस पर जिलाधिकारी ने अपना आपा खो दिया और कहने लगे कि आपने पहले ही दिन फोन करके आरोप लगा दिया। देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी भाषा और तल्ख हो गई और मुझे आतंकित करने का प्रयास किया। उन्होंने सत्येन्द्र कुमार सिंह द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार को लेकर उन्हें तलब कर सदन को न्यायालय में तब्दील कर कटघरे में खड़ा करने के बाद सवाल-जवाब किए जाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर, कांग्रेस नेता दीपक सिंह, शिक्षक दल के सुरेश त्रिपाठी और ध्रुव कुमार त्रिपाठी, निर्दल समूह के राज बहादुर सिंह चंदेल आदि ने भी देवेंद्र प्रताप सिंह की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि पूर्व में भी इस सदन में होता आया है कि किसी माननीय सदस्य के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले अधिकारी को कटघरे में खड़ा करके उसे पूरा सदन जवाब तलब करता है। इस मामले में भी इन नेताओं ने महाराजगंज के डीएम को तलब करने की मांग की। नेता सदन स्वतंत्र देव सिंह ने सदन को जानकारी कि इस प्रकरण में गोरखपुर के आयुक्त से आख्या मांगी गई है। सभापति मानवेंद्र प्रताप ने देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए नेता सदन को यह भी निर्देश दिया कि यह कड़ाई से सुनिश्चित करें कि जनप्रतिनिधियों से अधिकारी दूरभाष पर शिष्टाचार पूर्वक बात करे साथ ही सदस्य को जो कष्ट पहुंचा है वह भविष्य में न हो इसकी भी चिंता करें।

## निधन की सूचना एक माह के भीतर दें डीएम

**लखनऊ।** विधान परिषद के सभापति ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि मुख्य सचिव के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को आदेशित किया जाए कि वह सदन के किसी भी माननीय सदस्य के निधन की सूचना के संबंध में एक माह के भीतर सदन को सूचित करना सुनिश्चित करें। विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह ने सदन को जानकारी दी कि सदन के सदस्य रहे डॉ. दाऊ जी गुप्ता और वीना दुग्गल की मृत्यु की सूचना विधान परिषद को काफी विलंब से मिली। सभापति ने कहा कि सदस्यों के निधन की सूचना जिलों से देर से मिलने के कारण उन्हें श्रदाजंलि अर्पित करने में भी विलम्ब हो जाता है। उन्होंने नेता सदन को निर्देशित किया कि वह मुख्य सचिव के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी करवाएं कि उनके जिले में सदन के किसी भी सदस्य की मृत्यु होने की सूचना एक माह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मंडलायुक्त को भी निर्देश जारी करें कि वह अपने मंडल के जिलों में इस बिंदु पर समीक्षा कर लें और समय से सूचना सदन को उलब्ध हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

## बिजली को लेकर प्रदेश में हाहाकारः कांग्रेस

**लखनऊ।** विधान परिषद में कांग्रेस नेता दीपक सिंह ने बिजली के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी चुनाव में जनता से बिजली के मुद्दे पर बड़े-बड़े वादे किय थे कि सत्ता में आते ही 24 घंटे निर्वाध बिजली पुरे प्रदेश वासियों को मिलेगी परन्तु वर्तमान में बिजली संकट को लेकर प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है।

नियम-105 के तहत कार्यस्थगन के रूप मामला उठाते हुए दीपक सिंह ने कहा कि बीते सोमवार को विधानभवन में कुछ सेकेंड के लिए बिजली जाने पर कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो गई। एक संविदा कर्मी को तो बर्खास्त कर दिया गया। वहीं लखनऊ से सटे गांवों में सिर्फ पांच-छह घंटे ही बिजली मिल रही है। उन्होंने कटाक्ष किया कि गांवों में मां बच्चों से कहती हैं कि शाम को जल्दी घर आ जाना, जल्दी खा लेना और जल्दी सो जाना नहीं तो बिजली चली जाएगी। दीपक ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों मे 18 घंटे तथा शहरों में 24 घंटे बिजली देने की बात कही थी । गांवों से लेकर शहरों तक बिजली की व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है । चाहे प्रदेश का कोई छोटा सा गाँव हो या प्रदेश की राजधानी लखनऊ हो ए हर तरफबिजली की समस्या उत्पन्न हो गयी है । इस भीषण गर्मी में लोगों को लाईट नहीं मिल पा रही है, गर्मी से लोग त्रस्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बिजली की व्यवस्था गौतम अडानी को सौंपने की तैयारी कर रही है। नेता सदन स्वतंत्रदेव सिंह ने कांग्रेस नेता के आरोपों को असत्य करार देते हुए कहा कि 70 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी मकान और बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। शहर में 24 घंटे और गांव, नगर देहात में भी भरपूर बिजली दी जा रही है। बीच में एक-दो दिन कुछ व्यवस्था गड़बड़ हुई तो मुख्यमंत्री ने तुरंत 18 मंत्रियों टीम बनाकर उन्हें गांव-गांव और गली-गली जाकर स्थिति देखने के लिए भेज दिया।

## लता मंगेशकर सहित और दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को संपूर्ण सदन ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर दुख प्रकट करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा। विधानसभा में हाल में दिवंगत 11 पूर्व सदस्यों के निधन पर भी शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लता मंगेशकर के निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि छह फरवरी 2022 को स्वर कोकिला के नाम से विख्यात लता मंगेशकर का निधन हो गया। उन्होंने सदन की ओर से संवेदना प्रकट करते हुए लता मंगेशकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

सीएम ने कहा कि 25 से अधिक भारतीय व विदेशी भाषाओं में 50 हजार से अधिक गीत लता जी ने गाए। उन्होंने कहा कि लता जी के निधन से कला व संगीत जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। योगी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने लता मंगेशकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के सभी प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें मिले और उनके निधन से सिनेमा जगत के साथसाथ संपूर्ण समाज की क्षति हुई है। यादव ने अपनी पार्टी, सहयोगी दलों की ओर से मंगेशकर के निधन पर शोक प्रकट किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। सदन में राष्ट्रीय लोकदल के नेता राजपाल सिंह बालियान, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर, कांग्रेस की दल नेता आराधना मिश्र, बसपा के उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के डॉक्टर संजय निषाद तथा अपना दल (एस) के राम निवास वर्मा ने लता मंगेशकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने तथा अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में पूरे सदन ने दो मिनट का मौन रखा।

# मायावती ने उठाये राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि विधानसभा के संयुक्त सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार को हर प्रकार की क्लीन चिट कितना उचित है। जनहित व विकास आदि के भारी-भरकम सरकारी दावों की सार्थकता एवं उपयोगिता तभी होती जब वे ज़मीनी हकीकत से थोड़ा भी मेल खाते हुए जनता को दिखाई पड़ते। इस कारण यह अभिभाषण क्या जन उपेक्षा जैसा नहीं।

मंगलवार को एक बयान जारी करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अगर यूपी सरकार राज्यपाल के माध्यम से जनहित, जनकल्याण तथा जनसुरक्षा आदि से जुड़ी कड़वी जमीनी वास्तविकताओं का भी थोड़ा नोट लेती तो लोंगों को आगे के लिए थोड़े अच्छे दिन की उम्मीद बंधती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वैसे कुछ लोगों के अच्छे दिन जरूर आ गए हैं और उनके लिए कानून के राज का कोई मायने नहीं रखता है। वे चाहे रेत माफिया हों या थाना में घुसकर पुलिस की पिटाई ही का मामला ही क्यों न हो जिसकी खबरें आम हैं, किन्तु आमजनता का हर मामले में काफी ज्यादा बुरा हाल लगातार ही बना हुआ है। विकास व गर्वनेन्स के नाम पर स्थिति कोई खास अच्छी नहीं है, जिस कारण आम लोगों का भला नहीं हुआ है। मायावती ने कहा कि राज्यपाल वापस जाओ का नारा लगाना उचित नहीं, क्योंकि राज्यपाल को वही लिखा हुआ पढ़ना था जो सरकार ने उन्हें पढ़ने के लिए दिया है।

# भाजपा सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करतीः आचार्य

● व्यवसाय संघ संशोधन विधेयक बना वर्ष 2022 का यूपी का पहला अधिनियम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** के लक्ष्मण प्रसाद ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति अपनाने वाली सरकार है। यह सरकार किसी के साथ भेद-भाव नहीं करती है। यह सरकार सभी धर्मों का सम्मान करती है। इस सरकार ने गरीब एवं दलित वर्गों के कल्याण हेतु सदैव प्रयास किया है। पर्यटन एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिये काषी, मथुरा, अयोध्या जैसे धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण किया है।

राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए शतरूद्र प्रकाश ने कहा कि काशी-विश्वनाथ हम सब के लिए वरदान है। यह पौराणिक सांस्कृतिक इतिहास भारतीय संस्कृति का आधार है। इस सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के लिये 15 हजार पेंशन की धनराशि बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दी है। मंदिरों और मस्जिदों से लाउड स्पीकरों को हटाए जाने का इस सरकार द्वारा जो फैसला लिया गया है सराहनीय है। हम सब बहुत सौभाग्यषाली है कि आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इससे पहले भोजनावकाश के पश्चात सदन की बैठक अपराह्न 4 बजे अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई।

प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश का सन् 2021 ई. का 31 वां से 40 वे बने अधिनियम की घोषणा की। व्यवसाय संघ (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2020 पर राष्ट्रपति अनुमति 3 दिसम्बर, 2021 को प्राप्त हो गयी है और वह उत्तर प्रदेश का सन् 2022 ई. का पहला अधिनियम बना। इसके बाद संस्कृति मंत्री ने भातखण्डे राज्य संस्कृति विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2022, उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2022, औद्योगिक विकास मंत्री ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास (संशोधन) अध्यादेश, 2022 और उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2022 को सदन की मेज पर रखा। अंत में नेता प्रतिपक्ष डॉ.संजय लाठर ने राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलना प्रारंभ किया। अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने नेता प्रतिपक्ष की चर्चा जारी रहते हुए 5 बजे सदन की बैठक 25 मई, 2022 को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# बदला-बदला सा दिखा उच्च सदन का नजारा

## नयी भूमिका में आये नेताओं में दिखा जोश तो पुराने दिग्गजों के चेहरों पर मायूसी

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ



**कल** तक जो उच्च सदन की शान हुआ करते थे आज वही चेहरे पूरी तरह से साइड लाइन नजर आ रहे थे। 18वीं विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद का नजारा बदला हुआ दिखा।

पिछली सरकार में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद के साथ ही नेता सदन की भूमिका में अपनी तर्कपूर्ण शैली से विपक्षी दलों के सदस्यों को पूरी बेबाकी के साथ जवाब देने वाले डॉ. दिनेश शर्मा आज पूरी तरह से खामोश नजर आए। सदन में सत्ता पक्ष के सदस्यों की पहली पंक्ति में बैठने वाले डॉ. दिनेश शर्मा दूसरी पंक्ति में बैठे दिखायी पड़े। आगे की पंक्ति में मौजूदा नेता सदन और जलशक्ति मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह विराजमान थे। उनके बगल में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पुलिस अफसर से विधायक और फिर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बने असीम अरुण और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी बैठे थे। विरोधी दलों के सदस्य विभिन्न मामलों में सवाल उठाने के बाद अपनी बहस में जब पुरानी बातों का उल्लेख करते थे वह बार-बार तत्कालीन नेता सदन डॉ. दिनेश शर्मा का हवाला देते। वह कहते कि उस समय के नेता सदन डॉ. दिनेश शर्मा ने अमुक मुद्दे पर सदन को यह आश्वासन दिया था। विशेषकर तर्दथ और वित्तविहीन शिक्षकों के मुद्दे पर तो कई बार डॉ. शर्मा का जिक्र आया। कहा गया कि डॉ.शर्मा जो कि उस समय नेता सदन और शिक्षा मंत्री भी थे उन्होंने सदन को स्पष्ट आश्वासन दिया था कि किसी भी तदर्थ शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी और अब मौजूदा सरकार में विभाग की अपर मुख्य सचिव ने मौखिक आदेश से उनका वेतन रुकवा दिया है। उनकी नौकरी भी जाने वाली है। भाजपा के सदस्य डॉ.देवेंद्र प्रताप सिंह ने तो कई बार डॉ. शर्मा द्वारा नेता सदन के रूप में दिए बयान का हवाला देते हुए मौजूदा नेता सदन स्वतंत्रदेव सिंह से अनुरोध किया कि वह पूर्व नेता सदन की ओर से दिए गए आश्वासन की लाज रखेंगे और तदर्थ शिक्षकों के हित में कोई बड़ा फैसला लेंगे। अपने नाम का बार-बार जिक्र होने के बावजूद डॉ.शर्मा शांत ही रहे। प्रश्न प्रहर समाप्त होने के बाद जब मंत्री लोग उठकर चले गए तो डॉ.शर्मा पीछे वाली पंक्ति से उठकर पहली पंक्ति में जरूर स्वतंत्र देव सिंह के बगल में बैठ गए। कुछ समय रुकने के बाद फिर वह उठकर चले गए।

योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में काफी रुतबा रखने वाले तत्कालीन जलशक्ति मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह आज सदन में तो आए लेकिन चुपचाप पीछे की सीट पर बैठे रहे और फिर उठकर चले गए। उस वक्त वह मंत्री होने के नाते न सिर्फ आगे की पंक्ति में बैठते थे बल्कि अपनी ओजस्वी वाणी से विपक्ष के सवालों का पूरी तत्परता के साथ जवाब देते थे। यही नहीं जब कोई अन्य मंत्री किसी सवाल का जवाब देने में अगर फंस जाता था तो महेन्द्र सिंह तुरंत बीच में उठकर बात को संभाल लेते थे। इसी प्रकार योगी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान विधानसभा से लेकर विधान परिषद तक में सत्तारूढ़ दल का पक्ष मजबूती से उठाते हुए अपनी बात रखने वाले राज्यमंत्री मोहसिन रजा भी इस सरकार में मंत्री नहीं बनाए गए हैं। मोहसिन रजा भी आज सदन में मौजूद रहे। शिक्षक दल के एक सवाल के जवाब में उन्होंने भाजपा सरकार की तारीफ में बोलने का प्रयास किया तो सदस्यों ने उनका विरोध कर दिया। कहा कि अब वह मंत्री नहीं हैं। उनके सवालों का जवाब मंत्री ही दे सकते हैं। जिसके बाद वह चुप होकर बैठ गए। अब अगर मुख्य विपक्षी दल सपा की बात की जाए तो पूर्व नेता विरोधी दल अहमद हसन के देहान्त के बाद इस पद पर बिठाए गए डॉ.संजय लाठर पूरी तरह से आक्रामक भूमिका में नजर आ रहे थे। बतौर नेता विरोधी दल यह उनका पहला सदन था।

दो दिन बाद उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। देखा जाए तो यह भी अपने आप में एक इतिहास होगा कि नेता विरोधी दल के रूप में कोई व्यक्ति इतने कम दिनों के लिए सदन में मौजूद रहा हो। डॉ.संजय लाठर ने आज जहां राज्य में बढ़ते अपराध, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और महंगाई के मुद्दे पर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला वहीं अन्य सदस्यों की ओर से पूछे गए सवालों की ग्राह्यता पर भी उन्होंने पूरी बेबाकी के साथ अपनी बात रखी और सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

अभिमुखीकरण कार्यशाला का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

# शिव नाडर फाउंडेशन ने शुरू किया 'शिक्षा संकल्प' कार्यक्रम

**संवाददाता।** सीतापुर



**शिव नाडर** फाउण्डेशन के द्वारा नये इनीशिएटिव के रूप में शिक्षा संकल्प कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। शिक्षा संकल्प अभिमुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीडीओ अक्षत वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित ग्राम प्रधानों को इस कार्यक्रम के महत्व को बताते हुये आगे सक्रियता से कार्य करने हेतु सभी को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम विकास भवन प्रेक्षागृह, सीतापुर में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि के रूप में जिला विकास अधिकारी राकेश पाण्डेय ने शिक्षा की महत्ता को समाज एवं विकास से जोड़ते हुये इस पुनीत कार्य में सभी के द्वारा अपना योगदान देने को कहा। इस अवसर पर डी.पी.आर.ओ. मनोज कुमार, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) आर्य दीक्षित, भी उपस्थित थे। सत्र के आरम्भ में शिव नाडर फाउण्डेशन के ए.जी.एम.मंयक सिन्हा ने शिव नाडर फाउण्डेशन के द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुये शिक्षा संकल्प कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर चर्चा की। उन्होने बताया कि शिव नाडर फाउण्डेशन के द्वारा नया इनीशिएटिव शुरू किया गया जिसका नाम शिक्षा संकल्प है। प्रायोगिक तौर पर यह कार्यक्रम कसमण्डा विकास खण्ड के 05 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों यथा गोविन्दापुर, खैरन्देशनगर, दुलारपुर, ज्योतिशाह आलमपुर एवं कसमण्डा द्वितीय में चलाया जायेगा। जिसमें विद्यालय शिक्षण समयावधि के पश्चात चयनित पंचायत सहायक गाँव के 15 वर्ष से ऊपर के असाक्षर व्यस्कों को विद्यालय में उपलब्ध आई.टी. उपकरणों (लैपटाप, प्रोजेक्टर आदि) की सहायता से पढ़ाने का कार्य करेंगें। उप परियोजना प्रबंधक शिशिर पुरोहित ने बताया कि चयनित सभी विद्यालयों में फाउण्डेशन के द्वारा प्रदत्त आई.टी. उपकरणों की सहायता से पूर्व से ही स्मार्ट क्लास पर आधारित शिक्षण कार्य विद्यार्थियों में मध्य चल रहा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चयनित विद्यालयों में अब बच्चों के साथ साथ प्रौढ़ भी एक ही छत के नीचें अलग अलग समयाधि में आई.सी.टी. पर आधारित शिक्षा ग्रहण करके लाभान्वित होगें। यह ऐसा केन्द्र होगा जहाँ बच्चों के साथ साथ व्यस्क भी सीखने सीखाने प्रक्रिया एवं शैक्षिक गतिविधियों में शामिल होगें। उपरोक्त के क्रम में चयनित ग्राम पंचायतों के समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक सदस्य, संबधित प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने औपचारिक प्रशिक्षण को प्राप्त किया एवं उन्होंने आई.सी.टी. पर आधारित शिक्षण, पठन पाठन, लेखन क्रियाविधियों, संसाधन सामग्री, शैक्षिक गतिविधियों, अधिगम स्तर जानने हेतु मूल्यांकन एवं अन्य बारीकियों को जाना समझा। उक्त प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के मध्य शिक्षण योजना, कार्यपुस्तिका, टी.एल.एम. का बेहतर उपयोग, शिक्षा प्लस डिजिटल कॉटेन्ट, हिन्दी लेखन, साधारण अंकगणतीय ज्ञान, विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं विषयों एवं आदि पर अपनी क्षमता वृद्धि किया। प्रशिक्षणार्थियों ने आई.सी.टी. पद्धति आधारित शिक्षण की विशेषताओं का जानते हुये समस्त बारिकियों को सीखा। ताकि चयनित व्यस्कों को विभिन्न पठन पाठन सामग्री की सहायता से उन्हें साक्षर किया जा सके ताकि ये साक्षर होकर अपने दैनिक जीवन के कठिनाइयों से निजात पा सकें और नये आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। प्रशिक्षण के अतिम सत्र में प्रीति एम. शाह ने साक्षर कौशल का दैनिक जीवन में महत्य पर प्रकाश डालते हुये सभी को इस कार्यक्रम से जुड़ने का आहवान किया। इस अवसर पर फाउण्डेशन की ओर से मनोज शुक्ला, कमलेश मौर्य, उमेश तिवारी, सोबरन सिंह, नन्दनी चौहान, भरत किशोर, रीमा शुक्ला आदि ने भी प्रतिभागिता निभायी।

## क्विक न्यूज

### जनहित के मुद्दों पर भाजपा नेता ने डीएम को सौंपा पत्र

**सीतापुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कल जिलाधिकारी से भेंट कर जनहित से जुड़े सुझावों से संबंधित एक मांग पत्र सौंपकर नगर के विकास को गति देने हेतु सुझावों पर अमल करने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी ने बात को गंभीरता से सुनकर जनहित में सुझावों को लागू कराए जाने का आश्वासन दिया। मांग पत्र में प्रमुख रूप से शहर के ऐतिहासिक शहीद लालबाग पार्क का जीर्णोद्धार कराए जाने, विजय लक्ष्मी नगर क्षेत्र के पंजाबी माता मंदिर के निकट सड़क का पुनरुत्थान तथा पुलिया निर्माण कराने,शहर के प्रमुख चौराहों पर लगी ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था को सुव्यवस्थित कराने, नगर में साफसफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था पुनः चालू कराने, शहर में प्रमुख स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था कराने व बेतरतीब ढंग से चल रहे ई-रिक्शा को रूट प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से चलाये जाने आदि सुझावों से संबंधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया।इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉक्टर यू सी दीक्षित, डॉक्टर प्रदीप पांडे, रामबाबू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### जमीन कब्जाने का बुजुर्ग ने लगाया आरोप, जिलाधिकारी से मुलाकात कर दिया प्रार्थना पत्र



सीतापुर। जहां एक ओर अवैध अतिक्रमण को लेकर योगी सरकार का बुलडोजर गरज रहा है, वहीं एक पीड़ित बुजुर्ग अपनी ही जमीन पाने को लेकर चार साल से अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है और उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार को वह जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। सीतापुर के थाना संदना के गांव रसूलपुर के रहने वाले अशर्फी पुत्र गिरधारी की जमीन पर गांव के ही विमलेश राठौर अवैध कब्जा करके उसपर निर्माण करा रहा है, पीड़ित की शिकायत करने के बावजूद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसको लेकर पीड़ित द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### बालिकाएं अपनी शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें: राजेन्द्र सिंह

**सीतापुर।** बालिकाएं अपने शक्ति को पहचाने, जिससे कि उनका मनोबल कभी गिरने न पाए और वह हमेशा अपने आगे कार्य में बढ़ती ही जाएं। बालिकाएं खुद स्वालम्बन बने। यह बात विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के संगठन मंत्री राजेश सिंह 'पंकज' ने दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण का उद्देश्य लड़कियों में अनुशासित जीवन एवं राष्ट्र के प्रति निष्ठा जागृत करना एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागृत रहना साथ ही साथ हिंदू समाज के विरोध में जो गतिविधियां चलाई जा रही हैं उससे वह सावधान रहें एवं अन्य लड़कियों को भी जागृत करें। कार्यक्रम का आयोजन आनंदी देवी इंटर कॉलेज नैपालापुर में किया गया जो 30 मई तक चलेगा। इस शिविर में 350 बालिकाएं अवध प्रान्त की है जो प्रशिक्षण लेंगी। दुर्गावाहिनी प्रशिक्षण शिविर में मौजूद विपुल सिंह, कमलेश सिंह, उत्तम सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महेश तिवारी, उपकार, त्रिपुरेश बाजपेयी, मुकेश कनौजिया, प्रमोद सिंह, दीपक त्रिवेदी, मुद्रा सिंह, विमल मिश्रा, सरिता त्रिपाठी, सरिता त्रिपाठी, साक्षी सिंह चौहान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 300 बेड के अस्पताल से एसी का कॉपर तार चोरी

**बरेली।** चोरों के हौसले बुलंद 300 बेड के अस्पताल की आवासीय परिसर से ए सी के कॉपर तार चोरी पुलिस से की शिकायत । बरेली के 300 बेड के कोविड हॉस्पिटल की आवासीय कॉलोनी में चिकित्सा प्रभारी डॉ सतीश चंद्रा के आवास के ऊपर लगे ए सी से कॉपर और बायर को चोर काट कर ले गए चिकित्सा प्रभारी अधिकारी ने बताया ए सी की कॉपर तार काट कर चोर ले गए है इससे पहले भी इस तरह घटना को अंजाम दिया जा चुका है अब सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और गेट पर एंट्री के लिए गार्ड बैठाया जाएगा जो भी परिसर में जाएगा अंदर उसकी एंट्री होगी और इसकी थाना बारादरी पुलिस के द्वारा जांच कराई जाएगी । कॉपर की कीमत हजारो रुपये की बताई जा रही है।

# ओटी टेक्नीशियन की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**संवाददाता।** बरेली

**पीलीभीत बाईपास** रोड पर न्यू भारत हॉस्पिटल में ओटी टेक्नीशियन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप मौके पर पहुंची थाना बारादरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस जांच में जुटी।थाना कैंट के गांव चनहेटी निवासी दिलीप कुमार राठौर पुत्र रामबाबू राठौर न्यू भारत हॉस्पिटल में ओटी टेक्नीशियन के पद पर काम करता था सुबह अस्पताल में उसकी मौत हो गई । मृतक दिलीप कुमार राठौर की पत्नी छाया ने बताया न्यू भारत हॉस्पिटल बनाने में 20 लाख रुपए दिए थे जिससे उनकी पार्टनरशप थी रात 10रू00 बजे ड्यूटी पर गए थे इनकी डियूटी रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक थी सुबह फोन किया दिलीप का फोन उठा नही तभी अस्पताल के नम्बर पर फोन किया बताया कि दिलीप कुमार फोन नहीं उठा रहे हैं अस्पताल कर्मचारी ने 5 मिनट के बाद जवाब दिया उनकी तबीयत खराब है और आप लोग आसपाल आ जाइए परिवार वाले जब अस्पताल पहुंचे दिलीप कुमार की मौत हो चुकी थी और जमीन पर पड़े हुए थे पत्नी छाया राठौर का आरोप है अस्पताल में उनके पति दिलीप कुमार राठौर ने 20 लाख रुपए दिए थे अस्पताल में पार्टनरशिप थी इसीलिए घटना को अंजाम दिया गया है मेरे पति की किसी ने हत्या कर दी दिलीप की पत्नी छाया और एक लड़का एक लड़की है पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा परिवार वालों ने अस्पताल बालो के खिलाफ तहरीर थाना प्रेम नगर में दी। मौत का कारण क्या है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पर अस्पताल के डायरेक्टर तहसीन खान ने बताया दिलीप कुमार राठौर ने 8 मई को आसपाल को ज्वाइन किया था अस्पताल का उद्घाटन 12 मई को हुआ था उसके बाद से दिलीप कुमार राठौर रात में 10रू00 बजे आते थे और 8रू00 बजे सुबह चले जाते थे रात में कोई मरीज नहीं था इसलिए दिलीप कुमार चेंबर में जाकर सो गए सुबह जब परिवार वालों का फोन आया दिलीप कुमार का फोन उठा नहीं उन्होंने अस्पताल के फोन से फोन बात करी जब जाकर देखा दिलीप कुमार जमीन पर पड़े हुए थे। परिवार वालों का फोन कर के बुलाया आया परिवार बालो के सामने जमीन पर पड़े हुए थे उनकी मौत हो चुकी थी ।

# छापा मारकर बालू भरे दो ट्राले व जेसीबी पकड़ी

● अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई

**संवाददाता।** हरगांव सीतापुर



**नगर पंचायत** हरगांव की सीमा में बीतीरात लगभग 12.00 बजे नहर की पटरी पर हो रहे अवैध बालू खनन की सूचना पाकर जिला अधिकारी के निर्देश पर खनन विभाग ने छापामार कार्रवाई की। जिसमें जिला खनन अधिकारी द्वारा खनन करते समय बालू भरे दो ट्राले, व एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया गया। दोनो टैक्टर और ट्राली, व,जेसीबी मशीन को थाने के सुपुर्द किया गया। जिला खनन अधिकारी के अनुसार पुलिस टीम को देखकर खनन में लिप्त लोग भाग खड़े हुए। पकड़ी गई टैक्टर ट्रालीयों, व जेसीबी के विरूद्ध सीज करने की कार्यवाही की जा रही है अवैध खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लिप्त लोगो पर सरकार की मंशा अनुरूप कठोर कार्यवाही की जाएगी।उक्त खनन कर रहे लोगों ने नगर पंचायत का काम नगर पंचायत के द्वारा वर्क आर्डर पर होना बताया गया। जबकि अधिशाषी अधिकारी अरविंद कुमार सिंह से इस संबंध में जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया की यह खनन के साथ साथ चार सौ बीसी का मामला भी है क्योंकि संबन्धित को कोई भी वर्क आर्डर हमारे द्वारा नहीं दिया गया है।यह लोग नगर पंचायत कार्यालय को बदनाम कर रहे हैं किसी भी प्रकार के खनन से नगर पंचायत का कोई लेना देना नहीं है। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि टैक्टर और ट्राली तथा जेसीबी को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# कोतवाली मोहम्मदी ने बड़े मंगल पर किया प्रसाद व शर्बत का वितरण



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली के परिवार की ओर से कोतवाली के पड़ोस में दूसरे बड़े मंगल पर बड़े पैमाने पर भोजन सहित फल और शरबत का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में बूढ़े, बच्चे और महिलाओं सहित अन्य लोगों ने बड़े मंगल पर आयोजित इस भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने भंडारे पर पूजा अर्चना के बाद छोटे-छोटे बच्चों को प्रसाद देकर इस भंडारे की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि धार्मिक दृष्टिकोण से बड़ा मंगल पर शरबत सहित अन्य भंडारे आयोजित किए जाते हैं जिसकी मान्यताएं भी हैं। उन्होंने कहा हम सभी को किसी न किसी बहाने ईश्वर को याद करना चाहिए। इस भंडारे में प्रमुख रूप से कोतवाली के पंकज शर्मा, रेहरिया चौकी इंचार्ज पवन सिंह, एसआई रुद्र प्रकाश पांडे, एसआई प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, आरक्षी करन शर्मा, नितिन गुर्जर, मोनू पांडे व किशन निषाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ई-संजीवनी से गांव-गांव मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

● प्रशिक्षण के दौरान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ को बताए गए उनके कार्य एवं दायित्व

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**ई-संजीवनी** पोर्टल के जरिए गांव.गांव तक बेहतर और उच्च स्तरीय चिकित्सा पहुंचाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने कर ली है। इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के अंतर्गत सीएचसी व पीएचसी प्रभारियों सहित नवीन सीएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने की। इस दौरान उन्होंने सभी नवीन सीएचओ को बधाई देते हुए कहा कि यह एक नौकरी नहीं बल्कि आप सभी को समाज सेवा करने का एक मौका मिला है। जिसे आप पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाए।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गांव.गांव तक स्थापित किए गए हैं। इन्हीं के माध्यम से अब ई.संजीवनी पोर्टल और एनसीडी पोर्टल के माध्यम से न सिर्फ लोगों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी रखी जाएगी बल्कि उनके बेहतर और उच्च स्तरीय चिकित्सा की भी व्यवस्था की जाएगी। पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन चिकित्सक परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसी के साथ सीएचओ के कार्य दायित्व और 15 इंडिकेटर की विस्तृत जानकारी उन्हें दी गई है।

साप्ताहिक मासिक रिपोर्टिंग, आभा आईडी क्रिएशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एसीएमओ डा. अश्वनी कुमार ने बताया कि एक कदम सुरक्षित मातृत्व अभियान को भी और अधिक गति मिल सकेगी। यह सभी सीएचओ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आने वाली गर्भवती माताओं और बच्चों का नियमित टीकाकरण कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को भी इकट्ठा करेंगे।

डीपीएम अनिल यादव ने बताया कि जन आरोग्य समिति अब एएनएम के स्थान पर सीएचओ व ग्राम प्रधान के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित होगी। इसी के साथ सभी चीजों को वित्तीय दिशा निर्देश और उनके परफारमेंस बेस्ड इंसेंटिव के बारे में भी बताया गया है। रीजनल मैनेजर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से एनसीडी अभियान चलाया जाएगा और यह अभियान 30 जून तक चलेगा। उसकी तैयारी के बारे में सभी को बताया गया है इस अभियान के अंतर्गत फैमिली फोल्डर और सीबेक फार्म भरे जाएंगे। जिसकी जानकारी भी प्रशिक्षण में दी गई है। इस दौरान टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि अब्दुल कादिर सहित एनसीडी सेल से एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. राकेश गुप्ता, फाइनेंस कम लॉजिस्टिक विजय वर्मा व डीएमएचसी लल्ला सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों के लिए बांटी सामग्री



**मोहम्मदी-खीरी।** कुपोषण की रोकथाम और कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों के परिवारों तथा जन समुदाय को जागरूक करने के लिए उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने गदमापुर और बलमिया गांव विकास खंड मोहम्मदी के छह अति कुपोषित बच्चों के परिवार से मुलाकात की। वहीं बलमिया गांव के अतिकुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लव कुश, सुभ, दिव्यांशी, सबनम और गदमापुर गांव में सोनाली ऊषा के यहां जाकर मूंगफली दाना सत्तू गुड़ सोयाबड़ी साबुन आदि के पैकेट भी दिए गए।

# पेज एक का शेष

## हिंद-प्रशांत...

में आपसी समन्वय बढ़ाया है। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता बढ़ रही है। मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री की भी तारीफ की और कहा कि शपथ लेने के 24 घंटे बाद शिखर सम्मेलन में उनकी उपस्थिति क्वाड के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बाइडेन ने कोविड-19 को लेकर क्वाड के महत्व और अन्य देशों के बीच आपूर्ति श्रृंखलाओं में भागीदारी की बात की, लेकिन उनकी अधिकांश टिप्पणी यूक्रेन में युद्ध पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि हम साझा इतिहास में काले दौर का सामना कर रहे हैं। यूक्रेन के खिलाफ रूस के क्रूर और अकारण युद्ध ने मानवीय तबाही मचा दी है। इससे कितने ही निर्दोष नागरिक बर्बाद होकर सड़क पर आ गए हैं। लाखों शरणार्थी आंतरिक रूप से विस्थापित होने के साथ-साथ निर्वासित भी हो चुके हैं।

## रिश्तों को...

वे अमेरिका के भारत के रिश्तों को धरती सबसे करीबी रिश्तों में से एक बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत कुछ है जिसे दोनों देश मिलकर कर सकते हैं और करेंगे। बाइडन के साथ बैठक के बाद मोदी ने ट्वीट में कहा ' आज की बैठक में व्यापक मुद्दों पर चर्चा हुई और इसमें भारत-अमेरिका रिश्तों के बहुआयामी पहलू जैसे व्यापार, निवेश, रक्षा के साथ साथ जनता से जनता का संपर्क शामिल थे।

## भ्रष्टाचार में...

कर लिया। सिंगला मानसा विधानसभा सीट से विधायक हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में पंजाबी गायक और कांग्रेस प्रत्याशी शुभदीप सिंह सिद्धू को पराजित किया था। सिंगला पेशे से दंत चिकित्सक हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मान को 10 दिन पहले एक अधिकारी के जरिए सिंगला के कथित गलत कामों के बारे में पता चला था। मुख्यमंत्री ने अधिकारी को आश्वस्त किया था कि वह उनके साथ हैं तथा उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। अधिकारी की मदद से एक अभियान चलाया गया जिसके बाद यह सामने आया कि सिंगला और उनके सहयोगी एक फीसदी कमीशन मांग रहे हैं। समझा जाता है कि इस संबंध में एक ऑडियो रिकॉर्ड भी है। मान ने मंगलवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि मेरे संज्ञान में एक मामला लाया गया था जिसमें मेरी सरकार का एक मंत्री अपने विभाग की प्रत्येक निविदा या खरीद में एक प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहा था।

## अधीक्षण अभियंता...

कि उन्हें धमकी दी गई कि उनका कॅरियर तबाह हो जाएगा। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मानसिक उत्पीड़न से बचने के लिए पांच लाख रुपए का भुगतान करने पर सहमति जता दी। सिंह ने कहा कि उन्होंने 23 मई को भुगतान के दौरान की बातचीत को कथित रूप से रिकॉर्ड कर लिया और पुलिस को सौंप दिया। सिंह की शिकायत पर आधारित प्राथमिकी के अनुसार उन्होंने कहा कि मंत्री के ओएसडी प्रदीप कुमार ने पिछले महीने उन्हें पंजाब भवन बुलाया और कहा कि उन्होंने 41 करोड़ रुपए की निर्माण परियोजनाओं का आवंटन किया और मार्च में ठेकेदारों को 17 करोड़ रुपए का भुगतान किया।

## कांग्रेस की...

ऐसा करने की पेशकश के बाद कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर दिया था। कनुगोलू अब कांग्रेस के सदस्य बन गए हैं। पार्टी के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने इन महत्वपूर्ण समूहों का गठन किया। कार्यबल के गठन के कुछ घंटों के भीतर ही कांग्रेस के मुख्यालय में इसकी पहली बैठक भी हुई जिसमें प्रियंका गांधी, पी चिदंबरम, जयराम रमेश और कुछ अन्य नेता शामिल हुए। इस बैठक के बाद कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों और अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यबल और समूहों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यबल हर 48 से 72 घंटे में मिलेगा और जरूरत पड़ी तो कई दिन लगातार चर्चा करेगा।

## आतंकी हमले...

राष्ट्र और सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भी पुलिसकर्मी पर हमले की निंदा की। उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया कि मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल सैफुल्ला कादरी पर इस हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं जिसमें उन्होंने अपनी जान गंवा दी।

## जम्मू-कश्मीर...

कांफ्रेंस के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे।प्रवक्ता ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग जहां खड़े हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने कई मोर्चों पर संघर्ष किया है। उन्होंने उत्पीड़न, निरंकुशता से लड़ाई लड़ी। कोई भी इस सच्चाई को नहीं बदल सकता। नाम बदलने से भी यह नहीं बदलने वाली। शेख साहब जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे। इस बीच, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अब्दुल्ला की शख्सियत बहुत ऊंची है और पदक से उनके नाम को बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## सोरेन संबंधी...

के 2010 के नियमों का उल्लेख किया और कहा कि उच्च न्यायालय को शर्मा की इस याचिका पर विचार नहीं करना चाहिए क्योंकि पिछली याचिकाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन अदालत ने कंपनी रजिस्ट्रार और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय को प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। सिब्बल ने कहा कि 17 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शर्मा की जनहित याचिका पर सीलबंद हलफनामा दाखिल किया था। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय भले ही मानता हो कि याचिकाकर्ता प्रामाणिक नहीं है, फिर भी वह मामले का स्वत: संज्ञान ले सकता है।

## आज सीबीआई...

के एक उच्च अधिकारी ने 50 लाख रुपए की रिश्वत दी थी। वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) पंजाब में एक संयंत्र लगा रही थी और इसके लिए एक चीनी कम्पनी को जिम्मा दिया गया था। प्राथमिकी के अनुसार, टीएसपीएल के अधिकारी ने 263 चीनी श्रमिकों के लिए फिर से वीजा जारी करने के एवज में कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दी थी।

## कुतुब मीनार...

था। अधिवक्ता ने कहा कि शिलालेख से स्पष्ट है कि इन मंदिरों के अवशेषों से मस्जिद का निर्माण किया गया था, लेकिन कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि मंदिरों को ध्वस्त करके सामग्री प्राप्त की गई थी। साथ ही, यह भी स्पष्ट नहीं है कि उन्हें उसी स्थल से हासिल किया गया था या बाहर से लाया गया था। यह ध्वस्तीकरण नहीं बल्कि निर्माण के लिए मंदिरों के अवशेष प्रयोग किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन स्मारक तथा पुरातात्विक स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत किसी स्मारक में उपासना शुरू की जा सके।

## ज्ञानवापी मामले...

है या नहीं, इस पर अदालत 26 मई को सुनवाई करेगी। सिंह ने बताया कि इसके साथ ही अदालत ने कमीशन की कार्यवाही पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दोनों पक्षों को एक सप्ताह का समय दिया है। मुस्लिम पक्ष के वकील अभय नाथ यादव ने बताया कि उन्होंने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि उन्होंने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर यह कहा है कि यह मुकदमा सुनने लायक नहीं है क्योंकि ज्ञानवापी प्रकरण की सुनवाई करना उपासना स्थल अधिनियम-1991 का उल्लंघन है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ ने पिछली 20 मई को ज्ञानवापी मामले को वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत से जिला जज के न्यायालय में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। न्यायालय का कहना था कि चूंकि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है इसीलिए कोई तजुर्बेकार न्यायिक अधिकारी इस मामले को सुने।

## सर्वोच्च न्यायालय...

का दर्जा केवल उन्हीं ढांचों को दिया जा सकता है जो इस्लाम के सिद्धांतों के अनुसार बनाए गए हैं और इस्लामी कानून में निहित प्रावधानों के खिलाफ बनाई गई मस्जिदों को मस्जिद नहीं कहा जा सकता। ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने परिसर के सर्वेक्षण पर रोक लगाने के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने 20 मई को ज्ञानवापी मस्जिद पर हिंदू भक्तों द्वारा दायर दीवानी मुकदमे को दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ संभाग) से जिला न्यायाधीश, वाराणसी को यह कहते हुए स्थानांतरित कर दिया था कि इस मुद्दे की जटिलताओं और संवेदनशीलता को देखते हुए, यह बेहतर है कि एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी इस मामले को देखे जिसे 25-30 वर्षों से अधिक का अनुभव हो।

# भारत विरोधी कोरबिन से राहुल की मुलाकात पर भाजपा और कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप

**भाषा।** नई दिल्ली


लंदन में कैंब्रिज विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते राहुल गांधी

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कोरबिन के साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मुलाकात को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा, कोई व्यक्ति कितने समय और कितना अपने खुद के देश के खिलाफ जा सकता है।

कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कोरबिन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात की तस्वीरें साझा की और सवाल किया कि क्या इस मुलाकात का यह मतलब है कि प्रधानमंत्री भी भारत के बारे में कोरबिन के विचारों का समर्थन करते हैं? मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि अलग विचार रखने वाले विदेशी नेताओं से भारत के नेता पहले भी मिलते रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे।केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कोरबिन से राहुल गांधी की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक ऐसे ब्रिटिश नेता से भेंट की है जो भारत से कश्मीर के अलगाव की पैरवी करता है। इस पर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री मोदी और कोरबिन के बीच पहले हुई मुलाकात की तस्वीर साझा की और कहा कि अगर अलग विचार रखने वाले विदेशी नेताओं से मुलाकात नहीं करनी है, तो सरकार को इस बारे में स्पष्ट कर देना चाहिए। रीजीजू और मालवीय ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें कोरबिन और राहुल गांधी के साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा भी नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी इन दिनों ब्रिटेन दौरे पर हैं, जहां वह सोमवार को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक संवाद सत्र में भी शामिल हुए थे। रीजीजू ने ट्वीट किया, फिर... राहुल गांधी ने ब्रिटिश सांसद और लेबर नेता जेरेमी कोरबिन से मुलाकात की, जो भारत के लिए अपनी नफरत और नापसंदगी के लिए जाने जाते हैं। वह कश्मीर के अलगाव की पैरवी करते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए सवाल किया, कोई व्यक्ति कितने समय और कितना अपने खुद के देश के खिलाफ जा सकता है? भाजपा नेता मालवीय ने ट्वीट किया, ब्रिटिश सांसद और लेबर नेता जेरेमी कोरबिन के साथ राहुल गांधी। कोरबिन भारत के प्रति असीमित द्वेष रखने के लिए जाने जाते हैं, वह कश्मीर के अलगाव की पैरवी करते हैं और स्पष्ट रूप से हिंदू विरोधी हैं। राहुल गांधी को आखिरकार उनका वो विदेशी साथी मिल गया है, जो उनकी तरह खुलकर भारत को बदनाम करता है। इस पर सुरजेवाला ने मोदी और कोरबिन की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, मैं मीडिया के अपने मित्रों से पूछना चाहता हूं कि इस तस्वीर में मौजूद में दो व्यक्तियों को पहचानिए। क्या आप वही सवाल इनसे भी पूछ सकते हैं? क्या इस मुलाकात का मतलब यह है कि प्रधानमंत्री भारत के बारे में कोरबिन के विचारों का समर्थन करते हैं? कांग्रेस महासचिव ने कहा, नेता दूसरे नेताओं से पहले भी मिलते रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे, जिनके विचार उनसे नहीं भी मिलते। राहुल गांधी जी का उस व्यक्ति के साथ तस्वीर लेना अपराध या आतंकवाद का कृत्य नहीं है, जिसकी राय हमसे अलग है। उन्होंने सवाल किया, अगर (मुलाकात नहीं करने का) यह आधार है तो फिर सवाल पूछा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री ने दावोस में नीरव मोदी के साथ तस्वीर क्यों खिंचवाई?उस वीडियो का क्या जिसमें प्रधानमंत्री मोदी, मेहुल चोकसी को हमारे मेहुल भाई कहते देखे जा सकते हैं? प्रधानमंत्री ने शी चिनफिंग से मुलाकात क्यों की, जब चीन ने हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है? सुरजेवाला ने यह सवाल भी किया, प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान जाकर नवाज शरीफ से मुलाकात क्यों की? क्या सरकार यह वादा करेगी कि ऐसे किसी व्यक्ति के साथ मुलाकात नहीं होगी, जिसके हमसे अलग विचार हों? उन्होंने कहा, भाजपा के दुष्प्रचार पर नहीं, असल मुद्दों पर चर्चा करने का समय है।

# मेरे खिलाफ लगे आरोप हास्यास्पद, राजनीतिक प्रतिशोध के तहत हो रही है कार्रवाई: कार्ति चिदंबरम

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस सांसद** कार्ति चिदंबरम ने अपने एक निकट सहयोगी की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पिछले दिनों की गई गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप हास्यपास्पद हैं तथा उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत परेशान किया जा रहा है।

सीबीआई ने पंजाब स्थित तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में कार्यरत चीन के 263 नागरिकों के वीजा मंजूर कराने के लिए 50 लाख रुपए की कथित रिश्वत के मामले में लोकसभा सदस्य कार्ति चिदंबरम के निकट सहयोगी एस. भास्कररमन को गत 18 मई को गिरफ्तार कर लिया था। रिश्वत का यह मामला 2011 का है, जब कार्ति के पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। कार्ति ने मंगलवार को एक बयान में कहा, मैं किसी भी तरह से वीजा के मामले से नहीं जुड़ा हूं। मेरे खिलाफ लगाए गए सीबीआई के आरोप हास्यास्पद हैं। मैं सभी आरोपों को खारिज करता हूं। उन्होंने यह भी कहा, प्राथमिकी में उल्लेखित किसी भी कारपोरेट इकाई के साथ मेरा कोई संबंध नहीं है। मैं इन कारपोरेट इकाइयों अथवा इनके प्रतिनिधियों के साथ किसी भी तरह से नहीं जुड़ा हूं। मैं स्पष्ट तौर पर कह सकता हूं कि मैं कभी भी किसी चीनी नागरिक की वीजा प्रक्रिया में मददगार नहीं रहा। उन्होंने दावा किया, पिछले सात वर्षों में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा बिना किसी सबूत के मेरे खिलाफ छह बार छापेमारी की गई है। ए एजेंसियां एक राजनीतिक दल के राजनीतिक प्रतिशोध को पूरा करने की मशीनरी बन गई हैं। कार्ति ने आरोप लगाया, मेरे साथ जुड़े पेशेवर लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन में खलल डाला जा रहा है और उनकी आजादी छीन ली गई है, जैसा कि मेरे साथ हुआ है।

मेरे आनेजाने को नियंत्रित किया गया है। मुझे अपनी बेटी से मिलने जाने के लिए अदालतों के चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, मुझे अपने महान देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। लेकिन यह उत्पीड़न करना, पीछे पड़ना नहीं है तो फिर क्या है?

## भारतीय नौसेना के टैंकर ने अरब सागर में जापानी पोतों में ईंधन भरा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय नौसेना** के टैंकर आदित्य ने मंगलवार को जापानी नौसेना के दो पोतों – काशीमा और शिमाकाजे में ईंधन भरा। जापानी नौसेना के प्रमुख एडमिरल हिरोशी यामामुरा और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने 25 फरवरी को दिल्ली में मुलाकात कर दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की थी।जापानी नौसेना को आधिकारिक तौर पर जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के रूप में जाना जाता है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय नौसेना का टैंकर आईएनएस आदित्य मध्य अरब सागर में जेएमएसडीएफ के प्रशिक्षण पोतों जेएस काशिमा और जेएस शिमाकाजे में ईंधन भर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना और जेएमएसडीएफ के बीच अंतर संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए युद्धाभ्यास भी किए गए।

## क्विक न्यूज

### पुलवामा में जैश के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, आतंकवादियों के आठ मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है और आतंकवादियों के आठ सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर, कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और सुराग हासिल किए गए, जिसके बाद दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा इलाके में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान मुश्ताक अहमद डार, इशफाक अहमद डार, मंजूर अहमद डार, फयाज़ अहमद राठेर, साबीर अहमद राठेर, मोहम्मद लतीफ राठेर, शीराज़ अहमद मीर और वसीम अहमद भट के तौर पर हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों के पास से गोला-बारूद समेत अन्य सामग्री बरामद की गई हैं। इसके अलावा अपराध में इस्तेमाल गाड़ी को भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती तहकीकात में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के मददगार जैश के दो सक्रिय सदस्यों को साजो-सामान और हथियार व गोलाबारूद आदि पहुंचाने में शामिल रहे हैं। इन आतंकियों की पहचान आसिफ शेख और एजाज़ भट के तौर पर हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे जांच की जा रही है।

### औरंगाबाद में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत

**औरंगाबाद (बिहार)।** पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार के औरंगाबाद जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने व्यापक कार्वाई करते हुए 67 लोगों को गिरफ्तार किया है। औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया, सभी मौते मदनपुर प्रखंड से हुई है। सोमवार को तीन लोगों की मौत हुई थी जबकि एक दिन पहले दो लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कथित शराब पीने के बाद बीमार हुए दो लोगों का पड़ोसी जिले गया के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, मौतों के कारणों का पता लगाना संभव नही है क्योंकि पुलिस के आने से पहले ही परिवार के सदस्यों ने शवों का अंतिम संस्कार कर दिया था। उन्होंने कहा कि बहरहाल शराबबंदी कानून का खुलेआम उल्लंघन कर क्षेत्र में नकली शराब बेचे जाने की शिकायतों का संज्ञान लिया गया है।

# लश्कर के लिए आतंकियों की भर्ती करने वाला गिरफ्तार

**भाषा।** मुंबई, पुणे

**महाराष्ट्र आतंकवाद** निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को पुणे के 28 वर्षीय एक व्यक्ति को प्रतिबंधित संगठन लश्कर–ए–तैयबा के लिए विभिन्न राज्यों से आतंकवादियों की भर्ती में कथित भूमिका के सिलसिले में गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुणे के दापोडी इलाके से पकड़े गए आरोपी की पहचान जुनैद मोहम्मद अता मोहम्मद के रूप में हुई है। उसको शहर की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे तीन जून तक एटीएस की हिरासत में भेज दिया। अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध पाकिस्तान स्थित लश्कर–ए–तैयबा के सक्रिय सदस्यों के सोशल मीडिया मंचों के जरिए संपर्क में था। उन्होंने बताया कि मूल रूप से विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा जिले के खामगांव का रहने वाला जुनैद मोहम्मद हालांकि पिछले कुछ वर्षों से पश्चिमी महाराष्ट्र के पुणे में काम कर रहा था। उन्होंने आरोपी के पेशे का खुलासा नहीं किया।उन्होंने कहा कि लश्कर–ए–तैयबा के सदस्यों के साथ उसके कथित संबंध सामने आने के बाद एटीएस पुणे इकाई ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने कहा कि जुनैद मोहम्मद को विभिन्न राज्यों से लश्कर–ए–तैयबा के लिए नए सदस्यों की भर्ती का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी के तहत उसने देश में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने के वास्ते नए लोगों को जम्मू–कश्मीर ले जाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि दिए गए काम को पूरा करने के बदले उसे अपने संचालकों से धन प्राप्त होता। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि संदिग्ध आतंकी को जम्मू–कश्मीर के एक बैंक खाते से 10,000 रुपए मिले थे। जुनैद मोहम्मद ने एटीएस को बताया कि उसने अपने आकाओं के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए कम से कम 10 सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था और हर बातचीत के बाद वह सिम कार्ड को नष्ट कर देता था। एटीएस ने एक बयान में कहा, आरोपी जुनैद लश्कर–ए–तैयबा के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के लिए सदस्यों की भर्ती में लगा हुआ था। उसे चुनिंदा युवाओं को गुमराह करने, ब्रेनवॉश करने और राष्ट्र विरोधी भावनाएं पैदा करने और उन्हें लश्कर के सदस्य के रूप में भर्ती करने का काम सौंपा गया था। इसमें कहा गया, उसने पांच सिम कार्ड का इस्तेमाल पांच फेसबुक अकाउंट बनाने के लिए किया जिससे वह राष्ट्र विरोधी पोस्ट साझा करता था। वह लश्कर में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी युवाओं से संपर्क करेगा, जिससे सांप्रदायिक दुश्मनी को बढ़ावा मिलेगा और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ा जाएगा।

## यासीन मलिक को आज सजा सुनाए जाने की संभावना

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक की सजा की अवधि पर बुधवार को फैसला सुनाए जाने की संभावना है। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख मलिक ने आतंकवाद के वित्त पोषण के एक मामले में सभी आरोप स्वीकार कर लिए थे, जिनमें गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के तहत आरोप भी शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने 19 मई को मलिक को दोषी करार दिया था और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को उसकी वित्तीय स्थिति का आकलन करने को कहा था, ताकि उस पर लगाए जा सकने वाले जुर्माने को निर्धारित किया जा सके।

# गाजियाबाद में बिना तार वाले पहले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण

### मरीज को इलाज के तीन दिन में मिली अस्पताल से छुट्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गाजियाबाद के** कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पहले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया गया। चिरंजीव विहार के 65 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपण के मात्र 3 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस सर्जरी को करने वाले यशोदा सुपरस्पेशियलिटी के वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. असित खन्ना ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक में बिना तार वाले डिवाइस के इम्प्लांटेशन के लिए 65 वर्षीय मरीज के हार्ट में कोई चीरा नहीं लगाया गया और पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पेसमेकर (लीडलेस) को ह्रदय में प्रत्यारोपित करने में 20 मिनट लगे और मरीज को 3 दिन बाद ही हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गयी। डॉ. असित खन्ना ने कहा कि मरीज पेसमेकर लगने के बाद पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया एंजियोग्राफी की तरह की जाती है। मरीज की जांघ के पास छोटा छेद किया जाता है, उसी के माध्यम से एक लीडलेस पेसमेकर शरीर में प्रवेश कराया जाता है और उसे ह्रदय में कैथलैब में मशीन में देखते हुए ह्रदय में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। इसमें जरा भी रक्तस्राव नहीं होता है। लीडलेस पेसमेकर पारंपरिक पेसमेकर से 90 फीसदी छोटा होता है। यह एक छोटा उपकरण है जिसे सीधे ह्रदय में भेजा जाता है। इसके लिए छाती में चीरा लगाने की भी जरूरत नहीं होती है। ये तकनीक चिकित्सा बाजार में अपेक्षाकृत नई है, जिसे 2018 में उतारा गया था।

# कश्मीरी हिन्दू कर्मचारियों का उपराज्यपाल के आश्वासन के बावजूद प्रदर्शन जारी

**भाषा।** श्रीनगर


कश्मीरी पंडित कर्मचारी अपने सहकर्मी राहुल भट की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए

**कश्मीरी पंडित** कर्मचारियों का उनके सहकर्मी राहुल भट की हत्या के खिलाफ चल रहा प्रदर्शन मंगलवार को 13 वें दिन में प्रवेश कर गया। प्रदर्शनकारी शेखपुर प्रवासी शिविर के दौरे के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद काम पर नहीं लौटे हैं।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे तब तक अपना विरोध खत्म कर काम पर नहीं लौटेंगे, जबतक कि उन्हें कश्मीर घाटी से बाहर स्थानांतरित करने की मांग मान नहीं ली जाती। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि सिन्हा ने सोमवार को शेखपुरा प्रवासी शिविर का दौरा किया था जहां कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया था कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भट(35) को प्रवासियों के लिए विशेष रोजगार पैकेज 2010–11 के तहत लिपिक की नौकरी मिली थी।उनकी हत्या 12 मई को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के चाडूरा इलाके में लश्कर ए तैयबा के आतंकवादियों ने उनके कार्यालय में घुसकर कर दी थी। सिन्हा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से संवाद करते हुए स्वीकार किया कि उनके शिविर आने में देर हुई है। भट की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग का संदर्भ देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी योग्यता की जांच की जाएगी और जो संभव होगा वह दिया जाएगा। सिन्हा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से कहा कि भट की हत्या की उन्हें भी उतनी ही पीड़ा है जितना आप (कर्मचारी)महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन के मुखिया के तौर पर सरकारी कर्मचारी की हत्या से अधिक कुछ भी दुर्भाग्यपूर्ण नहीं हो सकता।

## बर्फबारी व बारिश से चारधाम यात्रा रुकी

**देहरादून।** बर्फबारी और बारिश से मंगलवार को चारधाम यात्रा रोक दी गई और हजारों तीर्थयात्रियों को एहतियातन केदारनाथ तथा यमुनोत्री के मार्गों में बीच में रोक दिया गया। केदारनाथ में मंगलवार सुबह बर्फ गिरनी शुरू हुई थी, वहीं निचले इलाकों में बारिश शुरू हो गई जिसके बाद अधिकारियों ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग में यात्रियों को रोक लिया। यमुनोत्री जा रहे तीर्थयात्रियों को जानकीचट्टी में रोक लिया गया। बद्रीनाथ के आसपास के पहाड़ों पर भी बर्फ गिर रही है। बड़कोट की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) शालिनी नेगी ने बताया कि जानकीचट्टी में रोके गए श्रद्धालुओं को मौसम साफ होने के बाद आगे जाने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण सोमवार को रोके गए यात्रियों को मंगलवार सुबह यमुनोत्री मंदिर में दर्शन के लिए जाने दिया गया और वे दर्शन करके लौट आए हैं। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि मौसम खराब होने की वजह से केदारनाथ जा रहे तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग तथा गौरीकुंड में रोक लिया गया। उन्होंने कहा कि मौसम साफ होने पर उन्हे दर्शन के लिए जाने दिया जाएगा।

# राज्य सरकारें नकली बीजों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाएं: तोमर

**भाषा।** नई दिल्ली

**खरीफ फसलों** की बुवाई से पहले कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर मिलने चाहिए और राज्य सरकारें नकली बीजों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाएं।एक राष्ट्रीय वेबिनार को संबोधित करते हुए, तोमर ने कहा कि केंद्र के साथ राज्य सरकारों को बीज श्रृंखला बनाने को अगले 10–15 वर्षों के लिए एक रूपरेखा तैयार करनी चाहिए। एक सरकारी बयान में तोमर के हवाले से कहा गया है, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की समय पर आपूर्ति हो। राज्य सरकारों को कालाबाजारी और नकली बीज बेचने वालों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए। बीज अच्छा है, तो भविष्य भी अच्छा है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता से उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होती है। मंत्री ने आगे कहा कि पूरी बीज श्रृंखला को व्यवस्थित किया जाए ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। कुछ फसलों में गुणवत्तापूर्ण बीजों की आपूर्ति की कमी को दूर करने और बेहतर योजना तैयार करने पर जोर देने की आवश्यकता है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित बीज जमीनी स्तर पर किसानों तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही राज्यों को जिला स्तर पर कृषि विभाग से जुड़े सभी पहलुओं पर सुनियोजित तरीके से काम करना चाहिए, ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। कृषि सचिव मनोज आहूजा ने कहा कि पंचायत स्तर पर किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए, वहीं बीज की गुणवत्ता जांच के प्रति भी किसानों को जागरूक किया जाए।

# भाजपा ने एदियुरप्पा के बेटे को नहीं दिया टिकट



**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने तीन जून को कर्नाटक विधान परिषद की सात सीट पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. एदियुरप्पा के बेटे विजएंद्र को उम्मीदवार बनाने की पार्टी की राज्य इकाई की सिफारिश को नजरअंदाज कर दिया है। भाजपा ने मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण सावदी, पार्टी की राज्य इकाई के सचिवों हेमलता नायक व एस. केशवप्रसाद और एससी मोर्चे की राज्य इकाई के अध्यक्ष सी. नारायणस्वामी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी ने केंद्रीय नेतृत्व को संभावित उम्मीदवार के रूप में राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष बी. वाई. विजएंद्र के नाम की सिफारिश की थी।

पार्टी के सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व ने विजएंद्र को टिकट नहीं देने का फैसला किया, क्योंकि वह उन्हें 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान उम्मीदवार बनाना चाहता है, और चुनाव से पहले उन्हें पार्टी में एक बड़ी भूमिका दिए जाने की संभावना है। कुछ ऐसी खबरें भी थीं कि एदियुरप्पा अपने बेटे को विधान पार्षद (एमएलसी) बनाना चाहते थे और फिर उन्हें मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की कैबिनेट में मंत्री बनाने पर जोर देते। पिछले साल जुलाई में एदियुरप्पा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उनके समर्थक भी ऐसी ही मांग कर रहे थे।

कहा जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भी विजएंद्र को उम्मीदवार नहीं बनाने का फैसला किया, क्योंकि इससे 2023 विधानसभा चुनावों से पहले वंशवाद की राजनीति के खिलाफ भाजपा का रुख कमजोर हो जाता। एदियुरप्पा फिलहाल शिकारीपुरा विधानसभा सीट से विधायक हैं, जबकि उनके बड़े बेटे बी. वाई. राघवेंद्र शिवमोगा से सांसद हैं।

## राजनीति में सत्ता और पद ही अंतिम लक्ष्य नहीं : विजयेंद्र

**बेंगलुरु, भाषा**

**पूर्व मुख्यमंत्री** बी एस एदियुरप्पा के बेटे एवं पार्टी की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष बी वाई विजएंद्र ने मंगलवार को कहा कि राजनीति में सत्ता और पद ही अंतिम लक्ष्य नहीं है। कर्नाटक में आगामी विधानपरिषद चुनाव के लिए विजएंद्र को उम्मीदवार नहीं बनाने के भारतीय जनता पार्टी के फैसले के बाद उनका यह बयान आया। उन्होंने अपने समर्थकों और शुभचिंतकों से पार्टी के फैसले का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर या अन्यत्र कोई अनावश्यक टिप्पणी नहीं करने की भी अपील करते हुए कहा कि यह न सिर्फ पार्टी की छवि खराब करेगा, बल्कि एदियुरप्पा और उनकी भावनाओं को भी आहत करेगा। विजएंद्र ने एक अपील में कहा, जब से मैं राजनीति में आया हूं, मेरी पार्टी और हमारे नेतृत्व ने हमेशा ही मुझे प्रेरित किया और मेरे साथ खड़ी रही। मुझे पार्टी की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष के तौर पर काम करने का अवसर दिया गया। मैं सभी कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों से यह समझने की अपील करता हूं कि सत्ता और पद राजनीति में अंतिम लक्ष्य नहीं है। कर्नाटक विधान परिषद की सात सीटों के लिए तीन जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में विजएंद्र को उम्मीदवार बनाने की पार्टी की प्रदेश इकाई की सिफारिश को नजरअंदाज कर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने आज पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं पार्टी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण सावदी, पार्टी की प्रदेश सचिव हेमलता नायक और एस केशवप्रसाद तथा एससी (अनुसूचित जाति) मोर्चा के अध्यक्ष सी नारायणस्वामी की उम्मीदवारी की घोषणा की। नामांकन पत्र भरने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त होने से कुछ ही घंटे पहले चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नेतृत्व ने विजएंद्र को टिकट नहीं देने का फैसला किया क्योंकि वह उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाना चाहता है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने (राज्य कोर कमेटी ने) आम सहमति से विजएंद्र के नाम की सिफारिश की थी। चूंकि उनके पास कई अवसर हैं इसलिए आलाकमान ने विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया होगा।

# आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार रहे कर्नल कोठियाल भाजपा में शामिल


कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल को भारतीय जनता पार्टी में शामिल कराने के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी व अन्य भाजपा नेता

**देहरादून भाषा**

**उत्तराखंड में** फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार रहे कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। कर्नल कोठियाल ने 18 मई को आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया था। वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख मदन कौशिक की उपस्थिति में पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। आप ने इस बार उत्तराखंड में बड़ा लक्ष्य रखा था और विधानसभा की सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे तथा मतदाताओं को रिझाने के लिए कई चुनावी तोहफों का भी वादा किया था। हालांकि, पंजाब में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उत्तराखंड में आप का खाता तक नहीं खुला और आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कोठियाल की गंगोत्री विधानसभा सीट पर जमानत जब्त हो गई। बताया जाता है कि उत्तराखंड चुनाव में आप को मिली हार के बाद कोठियाल पार्टी (आप) द्वारा अपने साथ किए गए बर्ताव से खुश नहीं थे।

# क्वाड का मकसद कई महत्वपूर्ण काम करना



भाषा। तोक्यो

**अमेरिका के राष्ट्रपति** जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि बहुपक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) केवल कुछ देर के लिए शुरू की गई पहल नहीं है, बल्कि इसका मकसद कई महत्वपूर्ण काम करना है। बाइडन ने कहा कि समूह के चार नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करने के मकसद से यहां आए हैं और वे मिलकर जो कोशिश कर रहे हैं, उन्हें उस पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने मंगलवार को यहां क्वाड नेताओं की सामने-सामने की दूसरी बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास तथा आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### मोदी ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्रियों आबे, सुगा व मोरी से मुलाकात की

**तोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां जापान के पूर्व प्रधानमंत्रियों योशिहिदे सुगा, योशिरो मोरी तथा शिंजो आबे से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मोरी फिलहाल जापान-भारत संघ (जेआईए) के अध्यक्ष हैं जबकि आबे जल्द ही यह पद संभालने वाले हैं। जेआईए की स्थापना 1903 में की गई थी और यह जापान में सबसे पुराने मैत्री संघों में से एक है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत व जापान के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में मोरी के नेतृत्व में जेआईए द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। मोदी ने आबे को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और जेआईए द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाना जारी रखने की उम्मीद जताई। नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी के व्यापक परिदृश्य के साथ शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के साझा दृष्टिकोण पर भी चर्चा की।

### चीन ने आईपीईएफ का विरोध किया

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र के 12 देशों के साथ नए व्यापार समझौते की शुरुआत की है, जिसका मकसद व्यापारिक, आर्थिक और निवेश अवसरों को बढ़ाना है। हालांकि इस समझौते को क्षेत्र में अपने प्रभुत्व के सामने चुनौती के तौर पर देख रहे चीन ने इसका विरोध किया और इसे आर्थिक उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (इकॉनोमिक नाटो) करार दिया है।

### समुद्री गतिविधियों की निगरानी में सुधार के लिए बड़ी पहल की शुरुआत

**तोक्यो।** भारत समेत चार देशों के संगठन क्वॉड ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पड़ने वाले अपने समुद्र तटों की पूरी तरह से निगरानी की अनुमति देते हुए मंगलवार को एक बड़ी पहल की शुरुआत की। चीन के बढ़ते दबदबे के बीच शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य इस क्षेत्र में शांति और स्थायित्व सुनिश्चित करना है।



कीव में एक कार्यकर्ता सेंट जेवलिन की एक वर्जिन मैरी को अमेरिकी-निर्मित एंटी टैंक मिसाइल पकड़े हुए चित्र को पेंट करते हुए

## यूक्रेन की जीत के लिए सब कुछ करेंगे: यूरोपीय आयोग की प्रमुख

भाषा। दावोस

**यूरोपीय** आयोग की प्रमुख उर्सुला वोन डेर लेएन ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन में रूस के हमले का जवाब दिया जाना चाहिए और यूक्रेन को यह जंग जीतनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए यूरोप सब कुछ करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2022 को यहां संबोधित करते हुए लेएन ने कहा, यह यूक्रेन के अस्तित्व का मामला नहीं है। यह यूरोप के बारे में नहीं है। यह पूरे वैश्विक समुदाय के बारे में है। यूक्रेन को यह युद्ध जीतना चाहिए और पुतिन की आक्रामकता का मुकाबला करना चाहिए और हम यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ करेंगे। हम यूक्रेन के लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यूरोपीय संघ पहली बार हमले का सामना कर रहे किसी देश को सैन्य सहायता प्रदान कर रहा है। हमने सूक्ष्म-वित्तीय सहायता में 10 अरब यूरो से अधिक का प्रस्ताव रखा, जो यूरोपीय संघ द्वारा किसी तीसरे देश के लिए अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। लेएन ने यह भी कहा, हम रूसी सेना के वित्त पोषण को रोकने के लिए दृढ़ हैं। साथ ही यूक्रेन को अपनी अर्थव्यवस्था को चालू रखने के लिए सीधे वित्तीय सहायता की जरूरत है।

## देसना हमले में 87 लोग मारे गए: जेलेंस्की

भाषा। कीव

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि राजधानी कीव से 55 किलोमीटर उत्तर में स्थित देसना शहर में पिछले हफ्ते हुए रूसी हमले में 87 लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि चेर्निहाइव क्षेत्र में आने वाले देसना में मलबा हटाने का काम पूरा कर लिया गया है और वहां महज चार मिसाइलों के कारण इतने बड़े पैमाने पर तबाही व मौतें हुई हैं। जेलेंस्की ने सोमवार को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के तीन महीने पूरे होने से पहले, राष्ट्र के नाम दिए संबोधन में यह टिप्पणी की।

## और अधिक उच्च तकनीक वाले हथियार यूक्रेन भेजेंगे : अमेरिका के रक्षा सचिव

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि दुनिया भर के लगभग 50 नेताओं ने सोमवार को मुलाकात के बाद यूक्रेन को और अधिक उन्नत हथियार भेजने पर सहमति जताई, जिसमें एक हारपून लांचर और कुछ मिसाइलें शामिल हैं। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने कहा कि निम्न-स्तरीय चर्चा चल रही है कि कैसे अमेरिका को यूक्रेन की सेना के लिए अपने प्रशिक्षण के समायोजन की आवश्यकता हो सकती है और क्या कुछ अमेरिकी सैनिकों को यूक्रेन जाना चाहिए। अमेरिका ने युद्ध से पहले यूक्रेन में मौजूद अपने कुछ सैनिकों को वापस बुला लिया था और युद्ध क्षेत्र में अपने सैनिक भेजने की उसकी कोई योजना नहीं है।

### क्वाड समूह के देशों ने क्वाड फेलोशिप की शुरुआत की

**तोक्यो।** क्वाड देशों के नेताओं ने मंगलवार को क्वाड फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की, जो समूह के चार सदस्य देशों के अगली पीढ़ी के वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी पेशेवरों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए तैयार किया गया अपनी तरह का पहला छात्रवृत्ति कार्यक्रम है। क्वाड फेलोशिप की शुरुआत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने की। इस फेलोशिप कार्यक्रम के तहत हर साल क्वाड समूह के प्रत्एक देश के 25 छात्रों को प्रायोजित किया जाएगा, जो अमेरिका के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) विषयों से जुड़े शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री के लिए पढ़ाई करेंगे।

### डीसी ने कैम्ब्रिज एनालिटिका की निजता के हनन के आरोप में जुकरबर्ग के खिलाफ मुकदमा किया

**वाशिंगटन।** डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया (डीसी) ने कैम्ब्रिज एनालिटिका घोटाले में मेटा प्रमुख मार्क जुकरबर्ग को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने का अनुरोध करते हुए उनके खिलाफ सोमवार को मुकदमा दायर किया। लाखों फेसबुक उपयोगकर्ताओं के निजी डेटा की निजता के हनन के इस मामले को एक बड़ा कॉरपोरेट और राजनीतिक घोटाला कहा जा रहा है।

## इमरान ने अमेरिकी राजनयिक को बर्खास्त करने की मांग की

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अमेरिका के मध्य एवं दक्षिण एशिया से जुड़े मामलों के सहायक विदेश सचिव डोनाल्ड लू को उनके अहंकार एवं बुरे व्यवहार के कारण पद से हटाने की मांग की है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन की कथित अमेरिका समर्थित साजिश में लू केंद्रीय भूमिका में थे, जिसके चलते पिछले महीने अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उनकी सरकार को गिरा दिया गया। उन्होंने लू पर अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रहे असद मजीद को धमकाने का आरोप लगाया। लू ने असद से कहा था कि यदि अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें सत्ता से हटाने में कामयाबी नहीं मिली तो पाकिस्तान को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इमरान ने यह आरोप भी लगाया कि अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने से पहले धमकी दी गई थी और बाद में सिलसिलेवार घटनाएं शुरू हुईं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपदस्थ कर दिया गया।

### अमेरिका के नए राजदूत ब्लोम ने पदभार ग्रहण किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अमेरिका के नए राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने कहा कि वह इस्लामाबाद पहुंचकर रोमांचित महसूस कर रहे है। उन्होंने दोनो देशो के बीच मौजूदा संबंधो को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सोमवार को नई जिम्मेदारी संभालने के बाद ब्लोम ने कहा, मै पाकिस्तान मे आकर रोमांचित महसूस कर रहा हूं। मै इस खूबसूरत देश मे अलग-अलग जगहो पर जाने और खुद को इसके लोगो व संस्कृति से रूबरू कराने को लेकर उत्सुक हूं।

## यमनः हूती विद्रोहियों ने किया ड्रोन गिरने से तीन की मौत का दावा

भाषा। काहिरा

यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को देश की राजधानी में अपनी वायु रक्षा प्रणाली से एक ड्रोन विमान को गिराने का दावा किया है। उनका कहना है कि इस विमान के गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। हूतियों ने कहा कि उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने निगरानी ड्रोन को मार गिराया। यह ड्रोन विमान सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन का था, जिसके साथ वह इस समय युद्ध कर रहे हैं।

## अधिनायकवादी शासन के साथ व्यापार संबंध में बड़े जोखिम हैं : नाटो प्रमुख

भाषा। दावोस

**स्वतंत्रता को मुक्त** व्यापार से अधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को सिखाया है कि अधिनायकवादी शासन पर आर्थिक निर्भरता में बड़े जोखिम हैं। उन्होंने चीन को अधिनायकवादी सरकार का उदाहरण बताया। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) यूक्रेन का समर्थन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन नाटो सैनिकों को वहां भेजकर युद्ध में अपनी प्रत्यक्ष भागीदारी से इंकार कर दिया। हमने 2014 से यूक्रेन को अपना समर्थन प्रदान किया है, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। हम समर्थन जारी रखेंगे, लेकिन वहां नाटो सैनिकों को भेजकर हम सीधे युद्ध में शामिल नहीं होंगे। यह उकसाने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि हर सहयोगी सुरक्षित रहे। यूक्रेन युद्ध ने हमें सिखाया है कि अधिनायकवादी शासन पर आर्थिक निर्भरता के भारी जोखिम हो सकते हैं ।

## ईरान में इमारत ढहने से 11 लोगों की मौत

● महापौर हिरासत में

भाषा। तेहरान

**दक्षिण-पश्चिमी** ईरान में मंगलवार को एक इमारत ढह गई, जिसके मलबे में दबने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। मलबे के नीचे और भी लोगों के दबे हो सकने की आशंका है, जिसे ध्यान में रखते हुए बचाव अभियान चलाया जा रहा। अधिकारियों ने घटना की व्यापक जांच के तहत शहर के महापौर को गिरफ्तार कर लिया है। मेट्रोपोल बिल्डिंग में एक निर्माणाधीन 10 मंजिला टॉवर सोमवार को ढह गया। घटना ने ईरानी निर्माण परियोजनाओं में चल रहे संकट को भी रेखांकित किया है।

Public Notice
My Clients Anil Gupta S/o Late Sh. Kishan Sraoop Gupta & his wife Poonam Gupta W/o Anil Gupta R/o J-153,2nd Floor,Vikas Puri,ND-18 have debarred & disowned their Son Ashish Gupta & his wife Namrata Jain from their movable & immovable properties due to their misbehavior to my clients. My Clients have also severed all their relation with them.If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk & responsibility
Ramesh Anand (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari Court

RAMPUR FERTILIZERS LTD.
CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- info@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.
NOTICE OF BOARD MEETING
In pursuance of Regulaltion 47 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on Monday, the 30th Day of May 2022, at 4:00 P.M. at: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P., inter alia, to consider, approve and adopt audited standalone and consolidated Financial Results/Statements for the quarterand year ended on 31st March, 2022 pursuant to Regulation 33 of (LODR) 2015. The said information is also available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to CSE to upload on its website i.e. www.cse-india.com and MSE on its website i.e. www.msei.in.
By order of Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)
Place: New Delhi
Date: 24.05.2022

### श्रीलंका ने ईंधन खरीद के लिए भारत से 50 करोड़ डॉलर का कर्ज मांगा

**कोलंबो।** विदेशी मुद्रा संकट के बीच श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने पेट्रोलियम उत्पादो की खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर्ज मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। श्रीलंका पेट्रोल पंपो पर पेट्रोल-डीजल खत्म होने से रोकने के सभी संभव उपाए कर रहे है। देश मे विदेशी मुद्रा संकट के चलते आयात के लिए भुगतान करने मे दिक्कत हो रही है। ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक मे, ईंधन खरीदने के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से ऋण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। श्रीलंका को पहले ही तेल खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ डॉलर और भारतीय स्टेट बैंक से 20 करोड़ डॉलर मिल चुके है।

### श्रीलंका में पेट्रोल 420 रुपए प्रति लीटर, डीजल 400 रुपए प्रति लीटर के भाव पर

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 38.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। श्रीलंका विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी की गई। पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपए (1.17 डॉलर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपए (1.11 डॉलर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की श्रीलंकाई सहायक कंपनी लंका आईओसी ने भी ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि की है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I, Kavita Bisht, W/o, Shri Ashok Singh, R/o GP-24, Maurya Enclave, Pitampura, Delhi-110034 have changed my name from Kavita Negi to Kavita Bisht for all purposes.
PD(9100)C

## आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 236 अंक टूटा

● शेयर बाजारों ने शुरुआती लाभ गंवाया

भाषा। मुंबई







**महंगाई की चिंता** के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और सेंसेक्स 236 अंक टूटकर बंद हुआ।
कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मुद्रा में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मजबूती के साथ खुला लेकिन इस बढ़त को कायम नहीं रख सका और 236 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिरकर 54,052.61 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 89.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,125.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 3.92 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, टाटा स्टील, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी घाटे में रहे। वहीं, दूसरी तरफ डॉ रेड्डीज, एचडीएफसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया और एमएंडएम के शेयरों में लाभ रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू मोर्चे पर लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों के शेयर दबाव में रहे। वहीं ईंधन की कीमतों में कटौती और इस्पात पर सीमा शुल्क में वृद्धि के कारण वाहन क्षेत्र का प्रदर्शन इस महीने अच्छा रहा है। इस दौरान बीएसई स्मॉलकैप में 1.14 प्रतिशत और मिडकैप में 0.85 प्रतिशत की गिरावट हुई। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए।

### आईएमडी ने मौसम के पूर्वानुमान मॉडल पर शोध के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** कृषि स्टार्टअप कंपनी फसल ने मौसम के पूर्वानुमान मॉडल पर शोध के लिए सहयोग करने को भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के साथ करार किया है। इस पहल का मकसद देश में खेती को जलवायु के अनुकूल बनाना है।

RATHI STEEL AND POWER LIMITED
CIN: L27109DL1971PLC005905
Regd. Off.: 24/1, Block A, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi– 110044
Email ID: investors@rathisteelandpower.com, Website: www.rathisteelandpower.com

This is to inform you that pursuant to the Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations And Disclosure Requirements) Regulations, 2015 meeting of the Board of Directors of M/s Rathi Steel and Power Limited is to be held on Monday the 30th Day of May, 2022 at the Registered office of the Company at 04:00 PM to consider and approve following businesses as under:-

| ITEM NO. | AGENDA FOR DISCUSSION |
|---|---|
| Take note and confirm the following:- | |
| 1. | To appoint Chairman of the meeting to call the meeting to order. |
| 2. | To Ensure Quorum of the Meeting |
| 3. | To grant leave of absence, if any. |
| 4. | To take note and confirm the minutes of previous meeting of board of directors of the Company. |
| Consider and Approve following:- | |
| 5. | To consider and approve Audited Financial Results for the Quarter and Year ended on March 31, 2022 |
| 6. | Any other businesses with permission of the Chair. |

For and on behalf of Board
Sd/-
(PREM NARAIN VARSHNEY)
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00012709
Place: New Delhi
Date: 20-05-2022

### निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 23.7 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि होने के कारण।-21 मई के दौरान देश का निर्यात 21.1 प्रतिशत बढ़कर 23.7 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे खंड में खासतौर से अच्छी वृद्धि देखी गई। अधिकारी ने कहा कि चालू महीने के दूसरे सप्ताह (15-21 मई) के दौरान निर्यात लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर 8.03 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में।-21 मई के दौरान क्रमशः 81.1 प्रतिशत, 17 प्रतिशत और 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### इंडियन होटल्स वृद्धि के लिए रूट मैप बनाएगी

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने आह्वान 2025 की घोषणा की। इस योजना के तहत यह कंपनी अपने मार्जिन्स की नयी योजना बनाएगी। अपने ब्रांडस्केप की नयी परिकल्पना करेगी और अपने पोर्टफोलियो की नयी संरचना तैयार करेगी। 2025-26 वित्तीय वर्ष तक 300 होटल्स का पोर्टफोलियो बनाने नए व्यवसायों और मैनेजमेंट फीस से 35 प्रतिशत ईबीआईटीडीए शेयर योगदान के साथ 33 प्रतिशत ईबीआईटीडीए मार्जिन हासिल करने का आईएचसीएल का लक्ष्य है। मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पुनीत छटवाल ने कहा कि वृद्धि को जारी रखते हुए आईएचसीएल ने पिछले पांच सालों में 100 से ज्यादा होटलों के करार किए हैं और 40 से ज्यादा होटल खोले हैं और इस तरह यह भारत की सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई हॉस्पिटैलिटी कंपनी बन गयी है। आह्वान 2025 आईएचसीएल के विविधतापूर्ण ब्रांड पोर्टफोलियो को पहले से चले आ रहे और नए व्यवसायों में बढ़ाकर कंपनी की लाभदायी वृद्धि की गति को और ज्यादा तेज करेगा। उनका प्रतिष्ठित और सबसे मजबूत ब्रांड ताज, उद्योग में अग्रणी ईएसजी फ्रेमवर्क पाथ्या और डिजिटल पर सबसे ज्यादा ध्यान यह इस वृद्धि यात्रा को सक्षम करने वाले महत्वपूर्ण पहलु होंगे। आईएचसीएल की तीन तरीकों वाली रणनीति बनाई गयी है। आय में स्थिर और टिकाऊ वृद्धि, लागत ऑप्टीमाइजेशन और सर्वोत्कृष्ट परिचालन पर जोर देते हुए आईएचसीएल ने मार्जिन्स को फिर से बनाना जारी रखा है।

### न्यायालय ने कोका कोला के जुर्माने के एनजीटी के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अमेरिकी कंपनी कोका कोला की बॉटलिंग इकाई मून बेवरेजेज पर पर्यावरणीय उल्लंघन के मामले में एनजीटी द्वारा लगाए गए 15 करोड़ रुपए के जुर्माने पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने मून बेवरेजेज की तरफ से दायर याचिका पर गाजियाबाद के निवासी को नोटिस भी जारी किया है..... जिसकी शिकायत के आधार पर एनजीटी ने यह फैसला दिया था।

सार्वजनिक सूचना
एतद्द्वारा जनता को यह सूचना दी जाती है कि मेरे ग्राहक एक्सिस बैंक लिमिटेड, जिसकी एक शाखा यहां है बी-1/663, दूसरी मंजिल, मेट्रो पिलर नंबर 566 के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, श्री लोकेश कुमार गुप्ता को ऋण सुविधा प्रदान करना चाहता है। भूमि तल के दाहिने आधे हिस्से के खिलाफ और पहली मंजिल के दाहिने आधे हिस्से के खिलाफ की संपत्ति **(यानी 1009 वर्ग गज)** के नीचे भूमि में अविभाजित आनुपातिक स्वामित्व अधिकार सहित अधिकारों के साथ नीचे की भूमि में स्वामित्व अधिकार पारित करने के लिए, सुखभोग और लाभ (बाद में **"सैड प्रोपर्टी"** के रूप में संदर्भित) संपत्ति पर निर्मित संख्या 4 ए, जिसका क्षेत्रफल 3027 वर्ग मीटर है। फ्लैगस्टाफ रोड, सिविल लाइंस, दिल्ली में स्थित है (इसके बाद **"संपूर्ण संपत्ति"** के रूप में संदर्भित) कुल भूमि क्षेत्र में से 8200 वर्ग मीटर (बाद में **"अनुसूचित संपत्ति"** के रूप में संदर्भित)। 1) श्रीमती नीरा के. सोहोनी पत्नी डॉ. वी. एस. सोहोनी और पुत्री स्वर्गीय केदार नाथ कुकरेजा और 2) डॉ मीरा सिंह पुत्री स्वर्गीय केदार नाथ कुकरेजा पत्नी मेजर जसबीर सिंह की वसीयत के आधार पर उक्त संपत्ति के संयुक्त-मालिक होने का दावा करते हैं। जो दस्तावेज संख्या 1528 दिनांक 29.03.1993 और उत्परिवर्तन पत्र दिनांक 12.12.2001 के रूप में विधिवत एम.सी.डी. से पंजीकृत है।
यदि किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उपर्युक्त संपत्ति में किसी भी तरह से अधिकार, शीर्षक या हित/दावे के संबंध में कोई आपत्ति या दावे हैं, तो अपने दावों/आपत्तियों के संबंध में सभी सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित में अधोहस्ताक्षरी से तत्काल संपर्क करें। यदि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर उनके ऐसा कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति में किसी का भी कोई अधिकार, शीर्षक या हित नहीं है और भले ही किसी के पास कोई दावा/आपत्ति हो, उसने इसे छोड़ दिया है।
हिमांशु आहूजा (अधिवक्ता)
संपर्क नंबर: 9810310373, 011-41830049
ई-मेल पता: alolegals@gmail.com

## गोयल ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की, भारत को सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य बताया

भाषा। दावोस

**केंद्रीय वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत को वैश्विक स्तर पर निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थलों में से एक बताते हुए वैश्विक कारोबारी नेताओं को भारत आने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने मंगलवार को विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों में से एक है और यहां वैश्विक निवेशकों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर मौजूद हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने मंगलवार सुबह एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मौजूद लोगों में भारत को लेकर इतनी दिलचस्पी थी कि उन्हें अपनी समयसारिणी को समायोजित करने में मुश्किल हो रही थी।

### एनआईआईटी का मुनाफा 45 प्रतिशत बढ़कर 67.4 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** कौशल विकास कंपनी एनआईआईटी का संचई शुद्ध लाभ मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 45 प्रतिशत बढ़कर 67.4 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनआईआईटी ने वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में 46.5 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

सार्वजनिक सूचना
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005
निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित चौधरी, प्रियंका, डब्ल्यू 12 आर-87, डीडीए मार्किट, कैम्प नंबर 5, ज्वालापुरी, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBHIS00005229885 | मकान नंबर 80, पीपीआईडी नंबर 152 सी 793 यू 620, खसरा नंबर 558/1, 562/1, 568 से 574, गली नंबर 11, जवाहर नगर, हिसार, हरियाणा | 07-04-2022 रू. 25,58,545.29/- | 27/12/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 25 मई, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर (गुरूग्राम)
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005
निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जगमोहन सिंह, कल्पना सिंह, क्वार्टर नंबर 53/1, धौलाधर ऑफीसर एन्क्लेव, मामून कैंट, गुरदासपुर, पंजाब खाता नंबर :- LBPTK00004903142 | फ्लैट नंबर ए-801, 8वां तल, ब्लॉक नंबर ए, सैटेलाइट सोहम को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, रूद्र प्रयाग के नाम से ज्ञात स्कीम, टावर ए, भूमि सर्वे नंबर 981 (टीपीएस 6 का अंतिम प्लॉट नंबर 133) मौजू वेजालपुर, अहमदाबाद, गुजरात | 07-04-2022 रू. 51,58,450/- | 30-12-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 25 मई, 2022
स्थान : गुरूग्राम
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# दूसरे दिन भी पालिका ने सड़क किनारे से हटवाया अतिक्रमण

- **सख्ती को देख दुकानदार स्वतः अतिक्रमण हटाने में जुटे**

संवाददाता। जालौन (उरई)


अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन पायनियर

**पुलिस** व प्रशासन की मौजूदगी में नगर में दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें उरई रोड से दीन दयाल उपाध्याय चौराहा तक अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान को देखते हुए लोग स्वतः अपने अतिक्रमण हटाने में लगे।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा चार दिन पूर्व नगर के व्यापारियों के साथ बैठक कर एवं नगर में मुनादी कराकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बैठक और मुनादी का व्यापारियों पर कोई असर नजर नहीं आया। इन दिनों में लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाए गए। जिसके बाद सोमवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत कर दी गई। जिसमें सोमवार की शाम देवनगर चौराहा से अतिक्रमण हटाया गया। दूसरे दिन मंगलवार को उरई रोड स्थित बंबा से अभियान की शुरूआत की गई। एसडीएम राजेश सिंह, नगर पालिका ईओ डीडी सिंह, सीओ संतोश कुमार, कोतवाल शैलेंद्र सिंह की मौजूदगी में घरों और दुकानों के बाहर लगे टिन शैड और छप्पर आदि को हटाया गया। जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया था। उनके और पक्के अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। दो दिन से अतिक्रमण के खिलाफ चल रही कार्यवाही के बाद व्यापारी की नींद खुली है और अब लोग जल्दी जल्दी स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने का प्रयास कर रहे हैं इस संदर्भ में ईओ डीडी सिंह ने बताया कि अभी अभियान की शुरूआत हुई है। जब तक नगर की सड़कों को अतिक्रमणमुक्त नहीं करा दिया जाता है तब तक अभियान जारी रहेगा। बताया कि नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने पर अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद भी यदि कोई व्यापारी अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफप्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर दो पक्ष भिड़े, हुआ चालान

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्रशासन द्वारा अभियान के तहत हटाए गए अतिक्रमण से नाराज कब्जा धारक ने पड़ोसी दुकानदार के साथ गाली गलौज व मारपीट की है पुलिस से लिखित शिकायत की गयी है। बड़े चौराहा में हटाए गए अतिक्रमण के क्रम में वहां स्थित एक अवैध दुकान के हटने से नाराज दुकानदार जितेंद्र पुत्र बृजेश ने अपने पड़ोसी दुकानदार रामबाबू किराना स्टोर के वृद्ध पिता सुखदेव प्रसाद के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर उन पर खुराफात कर उसका अतिक्रमण के बहाने दुकान हटवाने का आरोप लगा गालियां देने लगा जिसका विरोध करने पर युवक ने अपने तमाम परिजनों को भी बुला लिया जिसमें उसकी पत्नी संतोषी भाई पुष्पेंद्र और धर्मेंद्र पुत्र गण बृजेश कुमार तथा पिता बृजेश पुत्र देवीदीन जोकि पास के ही दुर्गापुरी मेराज पुरवा के निवासी हैं सभी ने एक राय होकर प्रार्थी के वृद्ध पिता जोकि एक अवकाश प्राप्त शिक्षक भी हैं उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

# बैकुंठ धाम के सौंदर्यीकरण का आज लोकार्पण करेंगे मनोज सिन्हा

संवाददाता। गाजीपुर



**जनपद में** नगर के पूर्वी छोर के रजागंज मुहल्ले में स्थित शमशान घाट बैकुण्ठ धाम गंगा तट पर 4 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से हुए सुंदरीकरण का लोकार्पण 25 मई की शाम सात बजे जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज द्वारा वर्चुअली पट्ट अनावरण कर किया जाएगा। इसकी जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने दी। मंगलवार को उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के निमित्त घाट पर पहुचें भाजपा आईटी सेल के जिलासंयोजक कार्तिक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सुंदर और समुचित व्यवस्था के साथ श्मशान घाट हो इसकी आवश्यकता जिले को बहुत लंबे समय से थी। चूंकि यहां गाजीपुर के अलावा अन्य जनपदों के लोग भी शवदाह करने आते है। जिसका संज्ञान लेते हुए तत्कालीन रेल राज्य एवं संचार राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने 29 नवंबर 2018 को इसके सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन यही बैकुंठ धाम पर किया था।इस सम्बंध में जिला कार्यसमिति सदस्य रासबिहारी राय ने बताया कि बरसात के समय मे शव का दाह संस्कार करने में काफी दिक्कतें आती थी। जो इस सुंदरीकरण कार्य से नही होंगी। यहां आने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल मिलें इसकी भी व्यवस्था की गई है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त निशुल्क शौचालय का निर्माण मनोज सिन्हा के द्वारा ही पूर्व में ही कर के लोगों के उपयोग के लिए समर्पित कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से विधानसभा संयोजक सनी चौरसियाए राकेश जायसवाल और राहुल सिंह आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# सुलतानपुर में बेटे ने की डंडे से पीटकर मां की हत्या

- **पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद**

भाषा। सुलतानपुर

**उत्तर प्रदेश** के सीतापुर जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार सुबह एक युवक ने कुछ कहासुनी होने के बाद अपनी मां की कथित तौर पर डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन मिश्र ने बताया कि बढौना डीह गांव की रहने वाली आशा देवी (50) को उनके बेटे सनी (22) ने डंडे से मारा-पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के समय मृतका अपने घर के बाहर लगे नल पर बर्तन धो रही थी, तभी उसकी बेटे से कुछ कहासुनी हुई, जिससे गुस्साए बेटे ने पास पड़े लकड़ी के डंडे से अपनी मां को पीटा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिश्र के मुताबिक, घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि लड़के के पिता ने सनी की मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात कही है और उसका इलाज एक स्थानीय डॉक्टर से चल रहा है। मिश्र के अनुसार, पुलिस ने सनी को हिरासत में ले लिया है और हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्वाई शुरू कर दी है।

## ट्रेन से युवक कटा

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार के समीप रेलवे लाइन पाकर करते समय एक लगभग 40 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली

संवाददाता। फतेहपुर


रैली निकालते छात्र पायनियर

**नेहरू** युवा केन्द्र, नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज चन्द्रा बालिका इण्टर कालेज में सड़क सुरक्षा यातायात जागरुकता अभियान के तहत रैली निकाली गई, जो विद्यालय चन्द्रा बालिका इण्टर कालेज चन्द्रनगर से सी0ओ0 सिटी द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ हुई और ज्वालागंज बस स्टॉप, कोतवाली रोड चौक से होते हुए वर्मा चौराह होते हुए पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, सी0ओ0 सिटी, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी, मुराइन टोला के चौकी इंचार्ज, विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक उपस्थिति रहें। बालिकाओं ने रैली में पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से लोगो को सड़क दुर्घटना के प्रति जागरूक किया और नारे के द्वारा जीवन को अनमोल बताते हुए गाडी चलते समय हेलमेट और सीटबेल्ट लगाने को कहा। और शराब पीकर गाडी न चलाने के कहा क्युकि सुरक्षा जीवन का अर्थ है जीवन बिना सब व्यर्थ है। सी0ओ0 सिटी ने कहा की यातायात के नियमो का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है इसलिए सभी लोग जागरूक होकर नियमों का पालन करें, और लोगों को भी जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने को कहें। कभी भी वाहन चलाते समय मोबइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। ज्ञान प्रकाश ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। और उनके द्वारा अपने अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन करनें के लिए जागरूक किया। साथ ही कहा की कही भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल तक पहुचाना भी हमारा फर्ज है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक रजोल यादव, सन्तोष तिवारी जगतपाल,राहित श्रीवास्तव, निर्मल सिंह, प्रदीप सोनी, हनुमान सोनी, आरती गुप्ता, प्रीती गुप्ता, छाया यादव, हुस्नआरा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिलीप पाल, श्वेता साहू, अकाशदीप, रूची देवी युवा मण्डल अध्यक्ष राम प्रकाश मौजूद रहे तथा उनके सहयोग से अभियान पूर्ण हुआ।

# महायज्ञ व भागवत कथा की शोभायात्रा में हुई पुष्पवर्षा

- **इमलौरी में 16 कुंडीय महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ**
- **तीन जून को होगा विवाह सम्मेलन**

संवाददाता। कोंच(जालौन)



**कोंच विकास** खंड के ग्राम इमलौरी में स्थित बड़ी माता मंदिर स्थल पर 24 मई से लेकर 3 जून तक होने वाले 16 कुंडीय महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा सहित रामलीला की भव्य और विशाल शोभायात्रा मंगलवार को निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत कर पुष्प वर्षा की गयी।

नगर में रामकुंड कॉलनी स्थित मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई।शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाएं व युवतियां पीत वस्त्र धारण कर आम्रपत्तों, पुष्पों से सुसज्जित कलश सिर पर रखकर कतारबद्ध होकर चल रहीं थीं जबकि पुरुष श्रद्धालु माथे पर चंदन का लेप लगाकर ध्वज पट्टिकाएं फहराते हुए हरि नाम संकीर्तन गुनगुना कर साथ चल रहे थे।शोभायात्रा में युवाओं का हुजूम डीजे, बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों के बीच बज रहे भजनों पर नृत्य करते हुए अपना अलग अंदाज दिखा रहे थे।शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर संत महात्मा विराजमान थे और पारीक्षत आनंद निरंजन सीता देवी सिर पर भागवत पुराण रखकर आगे आगे चल रहे थे।शोभायात्रा पर जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की जबकि कई स्थानों पर शीतल पेयजल, शरबत, फल प्रसाद का वितरण किया गया।स्टेट बैंक पर युवा समाजसेवी माधव यादव ने साथियों के साथ मिलकर कलश यात्रा का स्वागत करते हुए शरबत बांटा। शोभायात्रा समूचे नगर का भ्रमण कर आयोजन स्थल ग्राम इमलौरी पहुंची जहां उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन किया गया और फिर प्रथम दिवस की कथा का श्रवण कथावाचिका प्रियंका शास्त्री व्रन्दावन धाम ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को कराया।प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक कथा सुनाई जायेगी। जबकि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक यज्ञ,दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रवचन व रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। 3जून को पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ व कथा का समापन होगा तंदुपरांत उसी दिन सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा और भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। शोभायात्रा में यज्ञ प्रबंधक चंद्रशेखर कुशवाहा भगत, यज्ञाचार्य राहुल शर्मा व शिवम कृष्ण वृंदावन धाम, मुख्य यजमान मनीष बंसल सपना सहित पूर्व जिपंस मंगल कुशवाहा पूंछ, अमित कुमार, राममिलन कुशवाहा, असित कुशवाहा, नवीन कुशवाहा, रामनरेश पटेल, गुलाब सिंह कुशवाहा फुलेला, जावीर खान, दशरथ पटेल दयाल, विपिन निरंजन सेता, अमर सिंह पटेल, राजीव पटेल, मानवेन्द्र सेता, महेंद्र सिंह लूटे, रामहरी निरंजन, सीताशरण आदि शामिल रहे।

# उरई-जालौन सीसी मार्ग में दरारें आने से दोपहिया चालक परेशान

संवाददाता। जालौन (उरई)

**उरई-जालौन** राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के 4 वर्ष बाद ही दरारें पड़ गयी है। सीसी मार्ग पर लम्बी लम्बी दरारें पड़ने के कारण राहगीर परेशान हैं। दरारों के बीच चलने में 2 पहिया वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। जब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तो अधिशासी अभियंता ने मरम्मत बताकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जबकि समस्या का समाधान नहीं हुआ।

जनपद मुख्यालय से जोड़ने वाले उरई जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण लगभग 4 वर्ष पूर्व हुआ था। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के देखरेख में मार्ग का निर्माण कराया गया। निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की गयी। मानकों की अनदेखी के चलते सड़क में 4 वर्ष से पहले ही दरारें पड़ गयी। सड़क मार्ग में जगह जगह पड़ी लम्बी लम्बी दरारें राहग के लिए परेशानी की सबब बनी हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी 2 पहिया वाहन चालकों को हो रही है। दरारों में पहिया फसने से दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह बनी दरारों की शिकायत जब मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भरवाने की मांग शिकायतकर्ता अनुराग कुमार ने की तो अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने सड़क पर मरम्मत का काम चलने की रिपोर्ट देकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जबकि उरई से जालौन के बीच मरम्मत का काम नहीं चल रहा तथा पिछले वर्ष दरारें भरने के नाम डामर डाला गया था। वह भी गर्मी पिघल गया है जिससे दरारें फिर उभर आयी है तथा नयी दरारें बन गयी है।

# वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन में जिले से होगी भागीदारी

- **वैश्य समाज को एकजुट होकर राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की जरूरतः डॉ. सुमंत गुप्ता**



**फतेहपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने कहां की राष्ट्र के विकास में राजस्व के माध्यम से सर्वाधिक योगदान करने वाला वह समाज राजनीतिक क्षेत्र में अभी भी उपेक्षित है। सबसे ज्यादा आर्थिक शोषण और उत्पीड़न वैश्य समाज का हो रहा है, इसके लिए समाज को एकजुट होकर आगे आने की जरूरत है पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि खुदरा व्यापार में वालमार्ट जैसी विदेशी कंपनियों के आने से रिटेल कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि 29 मई को मैरिज हॉल कटरा चौराहा बदनपुर प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। इस प्रतिनिधि सम्मेलन में देश व प्रदेश के सक्रिय एवं महत्वपूर्ण पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से जीएसटी प्रणाली में पेनल्टी के साथ सजा का प्रावधान होने पर नाराजगी जताई। साथ ही छोटे व्यापारियों को छापेमारी से मुक्त रखने की मांग की। साथ ही व्यापारी वृद्धावस्था पेंशन व्यापारियों को 65 वर्ष की आयु से प्रारंभ किए जाने, आयकर दाताओं को कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए बीमा का लाभ दिलाने की मांग की। इस मौके पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद गुप्ता ,जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल एडवोकेट, नरेंद्र गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल, जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश बबलू जनसेवक, संतोष गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता ,ओम प्रकाश गुप्त आदि मौजूद रहे।

# सरकारी नीतियों का नहीं, कुरीतियों का विरोध रखेंगे जारीः प्रवीण

- **दामपुर गांव स्थित अष्टभुजी देवी मंदिर में हुआ बुद्धि-शुद्धि यज्ञ**

संवाददाता। फतेहपुर

**धाता** ब्लाक के दामपुर गांव स्थित अष्टभुजी देवी मंदिर में बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बुद्धि-शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। हवन-पूजन करते हुए स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान अवैध खनन व ओवरलोडिंग की ओर दिलाया।

केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि मौरंग -बालू, गिट्टी-मिट्टी के खनन से सरकार को प्रति वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। देश-प्रदेश की उन्नति में इस रकम का उपयोग किया जाता है। क्षेत्र में चल रही मोरंग खदानों से भी जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को करोड़ों रुपये की आय होती है। सरकार को राजस्व देने की आड़ में खनन कारोबारी जिस तरह से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, उससे पतित-पावनी नदियों का पौराणिक स्वरूप बिगड़ रहा है। बड़ी बूम वाली मशीनों के प्रयोग से नदी की मुख्य धारा तक प्रभावित हो रही है। स्वयंसेवकों ने यज्ञ में आहुति देते हुए जिम्मेदारों के जागने तक कुरीतियों का विरोध जारी रखने का संकल्प लिया। कहा कि धाता थाने के रानीपुर व सलेमपुर, खखरेडू थाने के गाजीपुर, किशुनपुर थाने के संगोलीपुर मडइयन तथा गुरुवल खदान में जब तक नियमों का पालन करते हुए खनन नहीं किया जाएगा, बुद्धि-शुद्धि यज्ञ के जरिए जिम्मेदारों को कोसने का अभियान चलता रहेगा। प्रमुख शर्तेः सुबह छह से शाम बजे तक ही नदियों में खनन किया जाए। मोरंग खदानों में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू रखे जाएं। रवन्ना में दर्ज मात्रा के अनुरूप वाहनों पर उपखनिज की लोडिंग हो। ओवरलोड मिलने पर वाहन स्वामी के साथ ही खदान संचालक पर जुर्माना किया जाए। मोरंग-बालू, मिट्टी खनन में मशीनों के साथ ही श्रमिकों को रोजगार दिया जाए। खनन नीति का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। नदियों की धारा से छेड़छाड़ करने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो। प्राकृतिक संरचना बिगाड़ने पर खनन की अनुमति रद्द की जाए। बरसात से पहले प्रति वर्ष सड़कों की मरम्मत की जाए। खागा-दामपुर, दामपुर-धाता, रानीपुर-परसिद्धपुर, सलेमपुर-लिहई मार्ग की मरम्मत अविलंब शुरु की जाए। आज महंत शिवशंकर स्वरूप बाजपाई जी उनके सहयोगी आचार्य शुशील मिश्र, आचार्य आदित्य मिश्र ने मंत्रोचार के साथ पूजन हवन आरती करवाया स मुख्यरूप से ग्राम प्रधान यादकेश्वर दयाल, जिला मंत्री नीरज बाजपाई, चंद्रभूषण मिश्रा, राजा नास्त्रोदमस त्रिपाठी, बीडी सी हिमांशु त्रिपाठी, पवन मिश्र, दुर्गाप्रसाद निषाद बीडीसी, मोहित तिवारी, सुजल दुबे, चेतन बाजपाई, श्रीपाल निषाद, बीडीसी हिमांशु त्रिपाठी, एबीवीपी के कपिल पारस, पप्पू बाजपाई आदि मुख्य रूप से रहे।

## गोल्डन ऑवर में सही इलाज मिलने से बचाई जा सकती जान

**कोंच (जालौन)।** भारत में सड़क हादसों में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत वक्त पर सही इलाज नहीं मिलने से हो जाती है। अगर उन्हें गोल्डन ऑवर में सही इलाज मिल जाए तो तमाम लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह बात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव के अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने थाने में पुलिस जवानों को समझाते हुए कही।

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सीएचसी नदीगांव प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने थाना नदीगांव के पुलिस कर्मियों को गोल्डन ऑवर प्राथमिक चिकित्सा के संबंध में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि अधिकतर घायलों को गोल्डन ऑवर में सही इलाज न मिलने से उनकी मौत हो जाती है। पुलिस कर्मचारियों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि किसी भी गंभीर परिस्थिति में मरीज के लिए दुर्घटना के बाद एक घंटा बेहद अहम् होता है, इस समय में दिया गया इलाज उसकी जिंदगी को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए इसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है।

## क्विक न्यूज

### बाराबंकी में ईंट से प्रहार कर पुजारी को उतारा मौत के घाट

**बाराबंकी (भाषा)।** बाराबंकी जिले के कुर्सी क्षेत्र के ब्रह्मदेव मंदिर में एक पुजारी की ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुराग वत्स ने मंगलवार को बताया कि बाबूपुर मजरे दरांवा गांव स्थित ब्रह्मदेव में एक धार्मिक स्थल के बरामदे में पुजारी बालकराम यादव (62) की हत्या का मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह पूजा करने पहुंचे भक्तों ने पुजारी का खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जांच की। जांच में पता लगा कि मंदिर से एक घंटा गायब है। पुलिस ने पुजारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पुजारी यादव के परिवार में कोई नहीं है। दो बहनें थी, जिनकी शादी हो गई। उसके बाद से यादव ब्रह्मदेव के स्थल पर रहकर पूजा पाठ करते थे। उनके नाम दो बीघा जमीन भी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीप के ट्रक से टकराने से पांच लोगों की मौत, छह जख्मी

**बुलंदशहर (भाषा)।** बुलंदशहर जिले के गुलावठी क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक तेज रफ्तार जीप के सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराने से जीप में सवार दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि बुलंदशहर निवासी कुछ लोग तड़के चार बजे जीप में सवार होकर केदारनाथ के लिए निकले थे। रास्ते में बुलंदशहर-मेरठ राजमार्ग पर गुलावठी थाना इलाके में बराल के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखचे उड़ गए। उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। मरने वालों में बुलंदशहर के रहने वाले हार्दिक (छह), वंश (पांच), शालू (21) और हिमांशु (25) तथा शिकोहाबाद निवासी पारस (22) शामिल हैं। सिंह ने बताया कि हादसे में छह लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फर्जी दस्तावेज पर नौकरी करने वाले शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर (भाषा)।** मुजफ्फरनगर जिले के एक इंटर कॉलेज में कार्यरत एक शिक्षक के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूरा गांव के अरविंद इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत विपिन सिंह ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी हासिल की है। इस मामले में शिक्षक के खिलाफ सोमवार को मामला दर्ज किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने बताया कि कुमार का स्नातक का अंकपत्र जांच में फर्जी पाया गया है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2021 में कॉलेज में नौकरी हासिल करने वाले सिंह को अब तक भुगतान किया गया वेतन उससे वसूला जाएगा।

### एएमयू में शोध छात्रा के आत्महत्या के प्रयास के मामले की जांच के लिए समिति गठित

**अलीगढ़ (भाषा)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में शोध पत्र जमा करने के नाम पर वरिष्ठ सुपरवाइजर द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण एक शोध छात्रा के आत्महत्या का प्रयास करने के मामले की जांच के लिए दो सदस्ईय समिति गठित की गई है। एएमयू के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एएमयू के प्रवक्ता उमर पीरजादा ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि कुलपति तारिक मंसूर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर काजी मजहर अली और गणित विभाग की प्रोफेसर सुबूही खान की सदस्यता वाली एक जांच समिति गठित कर उसे तीन दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट देने को कहा है। एएमयू के अधिकारियों के मुताबिक नबीला खानम नामक एक शोध छात्रा ने पिछले रविवार को नींद की गोलियां खाकर कथित रूप से आत्महत्या का प्रयास किया था। उसे गंभीर हालत में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छात्रा की हालत अब खतरे से बाहर बताई जाती है। पीरजादा ने बताया कि खानम ने कुलपति से की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके शोध सुपरवाइजर और सह सुपरवाइजर शोध पत्र जमा करने के नाम पर उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार लोग गिरफ्तार

**हापुड़।** हापुड़ जनपद में पुलिस दल ने आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 मोबाइल, दो कार व तीन लाख 90 हजार रुपए बरामद किए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को थाना हापुड़ देहात पुलिस तथा जनपदीय सर्विलांस की संयुक्त टीम ने ग्राम सैना से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सटोरियों के कब्जे से तीन लाख 90 हजार रुपए,14 मोबाइल फोन,दो कार तथा एक बहीखाता बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सटोरियों के नाम आकाश गोयल, रविन्द्र कुमार नाजिम तथा तनवीर है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी माह में तीस नमूने भरेंगेः डीएम

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक खाद्य सुरक्षा अधिकारी माह में कम से कम 30 नमूने भरेंगे तथा जनपद की समस्त दुकानों का लाईसेंस, पंजीकरण अवश्य करायें। साथ ही जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी को भी निर्देशित किया कि जनपद के सभी भोज्य स्थल का चुनाव करके उनको हाईजीन रेटिंग करायी जाये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया कि सभी मिड-डे-मील स्कूलों के रजिस्ट्रेशन करवायें। साथ ही साथ आवासीय विद्यालयों के किचिन के रजिस्ट्रेशन करवायें।

# गुजरात टाइटंस शान से फाइनल में

● रॉयल्स को 7 विकेट से हराया

● मिलर का तूफानी अर्धशतक

भाषा। कोलकाता



**डेविड मिलर** के तूफानी अर्धशतक और कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ उनकी अटूट शतकीय साझेदारी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर अपने पहले ही सत्र में फाइनल में जगह बनाई। रॉयल्स के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने मिलर (नाबाद 68) और पंड्या (नाबाद 40) के बीच चौथे विकेट की 106 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत तीन गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 191 रन बनाकर जीत दर्ज की। मिलर ने 38 गेंद की अपनी तेजतर्रार पारी में पांच छक्के और तीन चौके मारे। उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई। पंड्या ने 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके जड़े। टाइटंस की ओर से शुभमन मिल (35) और मैथ्यू वेड (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली। रॉयल्स ने जोस बटलर (89) और कप्तान संजू सैमसन (47) की उम्दा पारियों से छह विकेट पर 188 रन बनाए थे। देवदत्त पडिक्कल ने 28 रन का योगदान दिया। बटलर ने 56 गेंद की अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के मारे। उनकी पारी की बदौलत रॉयल्स की टीम अंतिम चार ओवर में 61 रन जोड़ने में सफल रही। रॉयल्स को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका मिलेगा। शुक्रवार को होने वाले क्वालीफायर दो में उसकी भिड़ंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स पर होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से होगी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने दूसरी ही गेंद पर रिद्धिमान साहा (00) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर विकेटकीपर सैमसन को कैच थमाया। मैथ्यू वेड (35) ने बोल्ट पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी लगातार दो चौके मारे। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (35) ने भी बोल्ट पर दो चौके जड़े और फिर रविचंद्रन अश्विन का स्वागत एक छक्के और दो चौकों के साथ किया। टाइटंस ने पावरप्ले में एक विकेट पर 64 रन बनाए। गिल हालांकि इसके बाद वेड के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। उन्होंने 21 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय ने वेड को बटलर के हाथों कैच कराके टाइटंस का स्कोर तीन विकेट पर 85 रन किया। वेड ने 30 गेंद की अपनी पारी में छह चौके मारे। पंड्या ने हालांकि मैकॉय के इस ओवर में तीन चौके से 18 रन बटोरे। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा पर चौके के साथ 11वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। पंड्या को मिलर के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। मिलर ने अश्विन पर चौका और फिर युजवेंद्र चहल पर छक्का जड़ा। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 50 रन की दरकार थी। बोल्ट के 16वें ओवर में सात जबकि मैकॉय के अगले ओवर में नौ रन बने।

**स्कोरबोर्ड**

**राजस्थान रॉयल्स:** यशस्वी का साहा बो दयाल 03,बटलर रन आउट 89,सैमसन का जोसेफ बो साई किशोर 47,पडिक्कल बो पंड्या 28 हेटमायर का तेवतिया बो शमी 04, पराग रन आउट 04, अश्विन नाबाद 02, बोल्ट नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 11,**कुल:** 20 ओवर मे छह विकेट पर: 188 रन,**विकेट पतन:** I-11, 2-79, 3-117, 4-161, 5-185, 6-186,**गेंदबाजी:** शमी 4-0-43-I,दयाल 4-0-46-I,जोसेफ 2-0-27-0, राशिद 4-0-15-0,साई किशोर 4-0-43-I, पंड्या 2-0-14-I

**गुजरात टाइटंस :** साहा का सैमसन बो बोल्ट 00,शुभमन गिल रन आउट 35,वेड का बटलर बो मैकॉय 35 , पंड्या नाबाद 40, मिलर नाबाद 68,**अतिरिक्त:** 13,**कुल:**19.3 ओवर मे तीन विकेट पर: 191 रन,**विकेट पतन:** I-0, 2-71, 3-85,**गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-38-I,**कृष्णा** 3.3-0-40-0,अश्विन 4-0-40-0,चहल 4-0-32-0, **मैकॉय** 4-0-40-I

# शेफाली, वुलवार्डट के खेल से वेलॉसिटी जीता

● सुपरनोवाज को 7 विकेट से हराया

भाषा। पुणे



**स्कोरबोर्ड: सुपरनोवाज पारी:**प्रिया का खाका बो क्रॉस 04,डॉटिनका भाटिया बो दीप्ति 06,हरलीन का वुलफार्ट बो क्रॉस 07,तानिया रन आउट 36 हरमनप्रीत बो राधा 71,लूस नाबाद 20, वस्त्राकर नाबाद 02,**अतिरिक्त:** 04,**कुल योग** (20 ओवर मे पांच विकेट पर) 150 रन, विकेट पतन:I-4, 2-12, 3-18, 4-100, 5-138, **गेंदबाजी:** क्रॉस 4-0-24-2,दीप्ति4-0-31-I, खाका 3-0-28-0,राधा 3-0-22-I, स्नेह 4-0-25-0,सोनावणे 2-0-19-0

**वेलॉसिटी पारी:** शेफाली का हरमनप्रीत बो डॉटिन 51,चंथाम का हरमनप्रीत बो वस्त्राकर 01,भाटिया बो डॉटिन 17, वुलवार्डट नाबाद 51, दीप्ति नाबाद 24, **अतिरिक्त:** 07, कुल योग: (18.2 ओवर मे तीन विकेट पर) 151 रन, विकेट पतन:I-6, 2-69, 3-80, **गेंदबाजी:** एक्लेस्टन 4-0-32-0, वस्त्राकर 3-0-27-I,मेघना I-0-15-0, वी चंदू 2-0-23-0, किंग 4-0-20-0, डॉटिन .2-0-21-2, हरमनप्रीत I-0-12-0

**आक्रामक सलामी** बल्लेबाज शेफाली वर्मा (51) और लौरा वुलवार्डट (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेलॉसिटी ने मंगलवार को यहां महिला टी20 चैलेंज के दूसरे मैच सुपरनोवाज को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। शेफाली ने 33 गेंद की पारी में एक छक्का और नौ चौके जड़े तो वहीं वुलवार्डट ने 35 गेंद की नाबाद पारी में सात चौकों के साथ एक छक्का लगाया।

कप्तान हरमनप्रीत कौर की 51 गेंदों में 71 रनों की तूफानी पारी से सुपरनोवाज ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 150 रन बनाए। वेलॉसिटी ने 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट गंवाकर इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। टीम के लिए कप्तान दीप्ति शर्मा ने 25 गेंद में नाबाद 24 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेलॉसिटी ने दूसरे ओवर में ही नटकान चंथाम (एक रन) का विकेट गंवा दिया। शेफाली पर हालांकि इसका कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने अपने अंदाज में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्हें विकेटकीपर यास्तिका भाटिया (17 रन) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने 29 गेंद में 63 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। डिएंड्रा डॉटिन (21 रन पर दो विकेट) की गेंद पर यास्तिका के आउट होने के बाद शेफाली ने नौवें ओवर में अलाना किंग के खिलाफ एक रन लेकर 28 गेंद में इस टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक लगाया। अगले ओवर वह हालांकि डॉटिन का दूसरा शिकार बनीं। इसके बाद वुलवार्डट और दीप्ति की जोड़ी ने 71 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वेलॉसिटी के गेंदबाजों ने शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन हरमनप्रीत की बेजोड़ पारी से सुपरनोवाज की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े। उन्हें विकेटकीपर तानिया भाटिया (36 रन) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद 82 रन की शानदार साझेदारी की। तानिया ने 32 गेंद की पारी में तीन चौके लगाए। आखिरी ओवरों में सुने लुस ने 14 गेंद में तीन चौकों की मदद से नाबाद 20 रन की पारी खेल टीम के स्कोर को 150 रन तक पहुंचाया।

## बीसीसीआई से उत्तर प्रदेश की चार रणजी टीम बनाने की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं रणजी क्रिकेट खिलाड़ी रहे मोहसिन रजा ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पत्र लिखकर आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चार रणजी टीम बनाने का आग्रह किया है। रजा ने बीसीसीआई के सचिव जय शाह को लिखे गए पत्र मे कहा है कि उत्तर प्रदेश की आबादी लगभग 25 करोड़ है। मगर इस राज्य के पास रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट मे प्रतिनिधित्व के लिए सिर्फ एक ही टीम है जबकि अपेक्षाकृत कम आबादी वाले महाराष्ट्र और गुजरात की तीनतीन टीम रणजी ट्राफी मे हिस्सा लेती है।

## आईओसी ने भारत में ओलंपिक वैल्यू शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने मंगलवार को भारत मे पहला ओलंपिक वैल्यू शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) शुरू किया, जिसमे ओलंपिक से जुड़े पाठ्यक्रम को ओडिशा के स्कूली शिक्षा प्रणाली मे शामिल किया गया है। ओवीईपी युवाओं को उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता के ओलंपिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए आईओसी द्वारा तैयार किए गए संसाधनों का एक व्यावहारिक संग्रह है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सक्रिय, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनने मे मदद करने के लिए मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम का प्रसार करना है।

## आस्ट्रेलिया टीम के सहायक कोच बने विटोरी

**मेलबर्न।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को आस्ट्रेलिया पुरुष क्रिकेट टीम का सहायक कोच बनाया गया है। न्यूजीलैंड के लिए 113 टेस्ट खेल चुके विटोरी को इंडियन प्रीमियर लीग , आस्ट्रेलिया की टी20 बिग बैश लीग , इंग्लैंड और वेस्टइंडीज मे कोचिंग का अनुभव है। वह बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार रह चुके है। इसके अलावा मार्च मे पाकिस्तान मे टेस्ट श्रृंखला मे आस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार थे।

## उम्र की पात्रता के लिए कट आफ तारीख तय करने संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वह याचिका खारिज कर दी जिसमे बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंटो मे उम्र संबंधी पात्रता के लिए कट आफ तारीख तय करने के निर्देश देने के लिए कहा गया था। यायमूर्ति एस ए नजीर और पी एस नरसिम्हा ने कहा कि इन मसलो पर फैसला बीसीसीआई लेगा। हम इस पर सुनवाई कैसे कर सकते है।यह हमारे हाथ मे नही है। हम क्रिकेट के बारे मे ज्यादा जानते भी नही है।

## माजिया को हराकर एटीकेएमबी नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई

**कोलकाता।** एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने एएफसी कप के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच मे मंगलवार को यहां मालदीव की टीम माजिया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन पर 5-2 की बड़ी जीत के साथ नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप डी के इस मैच मे एटीकेएमबी के लिए जॉनी काउको (26वे और 37वे मिनट) ने दो गोल किए जबकि अनुभवी रॉय कृष्णा(56वां मिनट), सुभाशीष बोस (58वां मिनट) और कार्ल मैकह्घ (71वां मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

# तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन से कहा, डगर चुनौतीपूर्ण होगी, कड़ी मेहनत जारी रखो

भाषा। मुंबई



**सचिन तेंदुलकर** के बेटे अर्जुन को इंडियन प्रीमियर लीग के दो सत्र में मुंबई इंडियन्स के 28 मैच के दौरान एक बार भी खेलने का मौका नहीं मिला और इस पूर्व महान क्रिकेटर ने इस उभरते हुए आलराउंडर से कहा है कि उनके लिए राह चुनौतीपूर्ण होने वाली है और उन्हें कड़ी मेहनत जारी रखनी होगी। मुंबई इंडियन्स से जुड़े हुए तेंदुलकर ने साथ ही स्पष्ट किया कि वह चयन मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज अर्जुन को पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपने साथ जोड़ा था लेकिन इस लुभावनी लीग के दो सत्र में उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। तेंदुलकर से जब यह पूछा गया कि क्या वह इस साल अर्जुन को खेलते हुए देखना पसंद करते तो उन्होंने शो सैचइनसाइट पर कहा, यह अलग सवाल है। मैं क्या सोच रहा हूं या मैं क्या महसूस कर रहा हूं यह महत्वपूर्ण नहीं है। सत्र खत्म हो चुका है (मुंबई इंडियन्स के लिए)। कई विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले तेंदुलकर ने कहा, और अर्जुन के साथ हमेशा मेरी यही बात होती है कि डगर चुनौतीपूर्ण होगी, यह मुश्किल होगी। तुमने क्रिकेट खेलना शुरू किया क्योंकि तुम्हें क्रिकेट से प्यार है, ऐसा करना जारी रखो, कड़ी मेहनत जारी रखो और नतीजे मिलेंगे। दो सौ टेस्ट खेलने वाले एकमात्र क्रिकेटर तेंदुलकर ने कहा कि जहां तक चयन का सवाल है तो वह इसे टीम प्रबंधन पर छोड़ देते हैं। तेंदुलकर ने कहा, अगर हम चयन के बारे में बात करते हैं तो मैं कभी स्वयं को चयन में शामिल नहीं करता।

## जोर्डन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए छेत्री की भारतीय टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** करिश्माई फुटबॉलर सुनील छेत्री ने छह महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की है जो जोर्डन के खिलाफ 28 मई को दोहा में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में खेलेंगे। उसके बाद से वह चोटों के कारण बाहर हैं। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में अभ्यास शिविर के दौरान 25 सदस्ईय टीम की घोषणा की। छेत्री के अलावा ईशान पंडित ने भी टीम में वापसी की है जबकि वी पी सुहैर और चोटिल रहीम अली बाहर हैं। भारतीय टीम 25 मई को दोहा रवाना होगी जहां अभ्यास जारी रखेगी। मैत्री मैच के बाद टीम 30 मई को कोलकाता लौटकर एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी जारी रखेगी। टीम : गोलकीपर : गुरप्रीत सिंह संधू, लक्ष्मीकांत कट्टीमणि, अमरिंदर सिंह, डिफेंडर : राहुल भेके, आकाश मिश्रा, हरमनजोत सिंह खाबरा, रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, प्रितम कोताल। मिडफील्डर : जैक्सन सिंह, अनिरूद्ध थापा, ग्लान मार्टिंस, ब्रेंडन फर्नांडिस, रित्विक दास, उदांता सिंह, यासिर मोहम्मद, सहल अब्दुल समाद, सुरेश वांगजाम, आशिक कुरूनियन, लिस्टन कोलासो। फॉरवर्ड : ईशान पंडित , सुनील छेत्री, मनवीर सिंह।

# लखनऊ को कड़ी टक्कर देगी आरसीबी

● कोहली के फॉर्म और किस्मत के साथ बेंगलोर जोश में

● एलिमिनेटर का अहम मुकाबला आज

भाषा। कोलकाता





**विराट कोहली** के फॉर्म में लौटने और किस्मत के दम पर आईपीएल प्लेआफ में नाटकीय ढंग से प्रवेश के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के हौसले बुलंद है और वह बुधवार को एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को कड़ी चुनौती दे सकती है। शुरूआती मैचों में कम स्कोर के बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 54 गेंद में 73 रन बनाए। यह इस सत्र में उनका दूसरा अर्धशतक था लेकिन इसमें उन्होंने अपने चिर परिचित सुंदर शॉट खेले और आरसीबी की उम्मीदों को जीवंत रखा। आरसीबी के लिए यह जीत ही काफी नहीं थी और उसे दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर मुंबई इंडियंस की जीत की भी दुआ करनी थी। मुंबई ने दिल्ली को हराकर आरसीबी का प्लेआफ का रास्ता बनाया। कोहली के फॉर्म , दिनेश कार्तिक की एक फिनिशर के रूप में सफलता, जोश हेजलवुड, वानिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और सीम की मददगार ईडन गार्डन की पिच पर आरसीबी का जोश कई गुना बढा हुआ है। फाफ डु प्लेसी की शांतचित्त कप्तानी के दम पर टीम पहला आईपीएल खिताब जीतने की ओर अगला कदम रखना चाहेगी। तीन आईपीएल फाइनल खेल चुकी आरसीबी सितारों से सजी ऐसी टीम है जो बारंबार दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है। इस बार उसके पास तीन बार के आईपीएल विजेता डु प्लेसी हैं जो उसका लकी चार्म साबित हो सकते हैं। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (13 मैचों में आठ विकेट) इस सत्र में नहीं चल सके लेकिन हेजलवुड, हसरंगा और हर्षल ने मिलकर 57 विकेट चटकाए। नॉकआउट मैच में नई पिच पर ए फिर कहर बरपाने की तैयारी में होंगे। आरसीबी के लिए कार्तिक तुरूप का पत्ता साबित हुए हैं जिन्होंने कई करीबी मैच जिताकर टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम में वापसी भी की। 36 वर्ष के कार्तिक को आरसीबी ने पांच करोड़ 50 लाख रूपए में खरीदा था। वह 14 पारियों में 287 रन बना चुके हैं जिनमें नौ बार नाबाद रहे और उनका स्ट्राइक रेट 191.33 है। आरसीबी के बल्लेबाजों का सामना लखनऊ के युवा तेज गेंदबाजों आवेश खान और मोहसिन खान से होगा।

## विश्व चैंपियनशिप की हार से अहम सबक सीखा : लवलीना

भाषा। नई दिल्ली

**ओलंपिक** पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले आईबीए विश्व चैम्पियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने को एक बहुत जरूरी सीख मानती है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना का विश्व चैम्पियनशिप में अभियान 70 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में निराशाजनक हार के बाद समाप्त हुआ था। पिछले साल तोक्यो में पोडियम पर अपना अभियान खत्म करने के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लवलीना को फेयर चांस टीम (देश छोड़ने के लिए मजबूर होने वाले खिलाड़ी) की सिंडी नगाम्बा ने 4-। से हराया था। लवलीना ने विश्व चैंपियनशिप में देश के तीन पदक विजेता निकहत जरीन मनीषा मौन और परवीन हुड्डा के सम्मान समारोह में कहा, मेरी तैयारी (विश्व चैंपियनशिप के लिए) इतनी अच्छी नहीं थी।

# रोहित, कोहली को लेकर गांगुली चिंतित नहीं

भाषा। कोलकाता



**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली की आईपीएल में खराब लय चिंता का विषय नहीं है क्योंकि वह जल्द ही रन बनाने शुरु करेंगे। रिकॉर्ड पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीतने वाली मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान के लिए यह सत्र खराब रहा और उन्होंने 14 पारियों में 19.14 के औसत से 268 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट महज 120.17 का रहा। उनकी टीम तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हर कोई इंसान है। गलतियाँ होंगी लेकिन कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड उत्कृष्ट है। पाँच आईपीएल खिताब, एशिया कप विजेता, उसने जहां भी कप्तानी की है, वह जीता है। कप्तान के रूप में उसका रिकॉर्ड शानदार है। गलतियाँ होंगी क्योंकि वे सभी इंसान हैं। आईपीएल के लीग चरण के आखिरी मैच से पहले कोहली के लिए भी यह सत्र बेहद निराशाजनक रहा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अर्धशतक लगाने से पहले उन्होंने 13 पारियों में महज 236 रन बनाए थे। इस दौरान तीन बार पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हुए। दोनों का समर्थन करते हुए, गांगुली ने कहा, वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि वे रनों बनाना शुरू करेंगे। वे इतना क्रिकेट खेलते हैं कि कई बार वे फॉर्म गंवा बैठते है।

## ईस्ट बंगाल स्वामित्व के मामले पर बातचीत

**कोलकाता।** मैदान के अंदर और बाहर संघर्ष कर रही ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब दुनिया की कई दिग्गज क्लबो के साथ स्वामित्व को लेकर बातचीत कर रही है जिसमे इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर युनाइटेड भी शामिल है। देश की सबसे पुरानी फुटबॉल क्लबो मे से एक को अगर मैनचेस्टर युनाइटेड का साथ मिलता है तो यह भारतीय फुटबॉल मे बड़ा बदलाव होगा।

# फ्रेंच ओपन: मेदवेदेव आसान जीत के साथ दूसरे दौर में

भाषा। पेरिस

**रूस के** दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने आसान जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने अर्जेन्टीना के फाकुंडो बाग्निस को सीधे सेट में 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। लगभग दो महीने पहले हर्निया की सर्जरी कराने के बाद मेदवेदेव की यह पहली जीत है। पिछले हफ्ते सर्जरी के बाद वापसी करते हुए उन्हें जिनेवा ओपन के पहले दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। फ्रेंच ओपन के पहले दौर में लगातार चार बार शिकस्त झेलने वाले मेदवेदेव पिछले साल रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे थे।



## लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था , इसलिए यह वापसी खास है : दिनेश कार्तिक

**कोलकाता।** विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि इस बार भारतीय टीम में चयन पिछले 18 साल के उनके उतार चढ़ाव भरे कैरियर में उनकी सबसे खास वापसी है। कार्तिक को नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। 36 वर्ष के इस खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की वेबसाइट पर कहा , यह सबसे खास वापसी है क्योंकि कई लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था। मेरे लिए वापसी के मायने हैं कि मैं उसी तरह से खेलूंगा, वैसे ही अभ्यास करूंगा और उतनी ही मेहनत करूंगा। आईपीएल में कार्तिक के शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को उन्हें चुनने के लिए मजबूर कर दिया। ।

## योग और ध्यान से मिली एकाग्रता से अर्शदीप को मिली यॉर्कर डालने में महारत

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि योग और ध्यान के जरिए उन्होंने एकाग्रता पाई जिससे परफेक्ट यॉर्कर डालने में मदद मिली जिसके दम पर वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टी20 टीम में जगह बना सके। 23 वर्ष के इस तेज गेंदबाज ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उन्हें सफलता मिली लेकिन सब कुछ उन्हें अपनी मेहनत से अर्जित करना पड़ा। अपनी मर्जी के हिसाब से यॉर्कर डालने का हुनर कुदरती भले ही हो लेकिन आईपीएल से पहले अपने निजी कोच जसवंत राय के साथ उन्होंने इसे निखारा।

## अगले साल आईपीएल में जरूर लौटूंगा : एबी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह अगले साल रॉयल चैलेंजर्स टीम के साथ किसी ना किसी रूप में आईपीएल में जरूर लौटेंगे। डिविलियर्स आरसीबी का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क्रिकेट के तमाम प्रारूपों को अलविदा कह दिया। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इस महीने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि डिविलियर्स अगले साल किसी नई भूमिका में आरसीबी के साथ होंगे। डिविलियर्स ने वीयू स्पोर्ट से कहा , मुझे खुशी है कि विराट ने इसकी पुष्टि कर दी। ईमानदारी से कहूं तो अभी कुछ तय नहीं किया है।

## जिस दिन प्रयोग करने का जुनून खत्म होगा उस दिन मेरा खेल खत्म हो जाएगा: अश्विन

**कोलकाता। भारतीय ऑफ** स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि वह खेल के मैदान में आलोचनाओं की परवाह किए बिना प्रयोग करना जारी रखेंगे और इसमें उन्हें जीवन में एक उद्देश्य मिल गया है। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में अपने सबसे बेहतरीन सत्र में से एक का लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने हालांकि इस दौरान महज 11 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकोनॉमी रेट काफी कम रहा है। उन्होंने इसके साथ ही बल्ले से 183 रन का शानदार योगदान दिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने जिस चतुराई से आंद्रे रसेल को अपनी फिरकी में फंसाया उसे इस आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंदों में से एक माना जा रहा है।

# जापान ने भारत को 5-2 से रौंदा

● एशिया कप हॉकी : टीम टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर


भाषा। जकार्ता



**भारत की** युवा टीम को पुरूष एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां जापान के खिलाफ अनुभवहिनता का खामियाजा 2-5 की हार के साथ भुगतना पड़ा। अपने शुरूआती मैच में पाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद इस बड़ी हार से भारतीय टीम का आगे का सफर मुश्किल होगा। टीम अगर अगले मैच में इंडोनेशिया को हरा भी देती है तो उसके लिए नॉकआउट चरण का टिकट कटाना मुश्किल होगा। जापान के लिए केन नागायोशी, कोसी कावाबे (दो गोल), रयोमी ओका और कोजी यामासाकी ने गोल किए जबकि भारतीय टीम के लिए पवन राजभर और उत्तम सिंह ने गोल किया। कोच सरदार सिंह की युवा भारतीय टीम जापान की अधिक संगठित टीम के सामने लचर दिखी। टीम के दो सीनियर खिलाड़ी कप्तान बीरेंद्र लाकड़ा और एसवी सुनील का खेल उस स्तर का नहीं दिखा जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लाकड़ा ने मैच के बाद कहा, हमारे लिए पहले दो क्वार्टर बहुत कठिन थे क्योंकि हम इसमें लय हासिल नहीं कर सके। बाद के दोनों क्वार्टर में हमने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन ज्यादा मौके नहीं बना सके। भारत के पास पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही बढ़त बनाने का मौका था। 20 वर्षीय कार्ती सेल्वम ने अनुभवी एसवी सुनील को अच्छा पास दिया लेकिन सुनील गेंद को ठीक से रोकने में सफल नहीं रहे। जापान के पास भी इस क्वार्टर में गोल करने का मौका था लेकिन टीम के पेनल्टी कार्नर को भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने विफल कर दिया।

## प्रज्ञानानंदा चेसेबल मास्टर्स के सेमीफाइनल में

भाषा। चेन्नई



भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चीन के वेइ यि को 2.5 . 1.5 से हराकर मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2022 आनलाइन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सोलह वर्ष के प्रज्ञानानंदा का सामना अब नीदरलैंड के अनीश गिरी से होगा। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन दूसरे सेमीफाइनल में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गिरी और कार्लसन ने क्रमश: नॉर्वे के आर्यन तोरी और स्पेन के डेविड एंतोन गुजारो को हराया। वहीं लिरेन ने अजरबैजान के शखरियार मामेदियारोव को मात दी। प्रज्ञानानंदा ने छठे दौर में कार्लसन को हराया था। वह अनीश, कार्लसन और लिरेन के बाद प्रारंभिक दौर में चौथे स्थान पर थे। भारत के पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती शीर्ष आठ में जगह नहीं बना सके।